●वर्ष : 16 ●अंक : 103 ●मूल्य : 02 रूपया मात्र पृष्ठ : 08

RNI No. DELHIN/2008/23928

# दैनिक लोकतंत्र की शान

लोकतंत्र का स्तंभ

दिल्ली से प्रकाशित

गुरुवार 01 अगस्त 2024



Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEUTICALS (OPC) PRIVATE LIMITED




Distributorship ke liye contact Karen . ( 9315755133 / ya email Karen) angenpharmaceuticals@gmail.com


# वायनाड भूस्खलन से कई गांव तबाह

## मलबे से निकल रहे शव; अब तक 158 की मौत



### >> पीएम मोदी ने की केरल के सीएम से बात

पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने भी घटना को लेकर केरल के सीएम से बात की है और केंद्र सरकार की ओर से हरसंभव मदद का भरोसा दिया है। वायनाड त्रासदी का मुद्दा बुधवार को संसद में भी उठा। घटना पर चिंता जाहिर करते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि एनडीआरएफ की नौ टीमें पहले ही केरल भेजी जा चुकी है। साथ ही गृह मंत्री ने संसद में कहा कि केरल सरकार को एक हफ्ते पहले ही चेतावनी दे दी गई थी, लेकिन उन्होंने समय पर लोगों को नहीं निकाला।

नूना न्यूज एजेंसी

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के वायनाड जिले में भूस्खलन का कहर लगातार जारी है। भूस्खलन प्रभावित इलाकों में मरने वालों की संख्या 158 पहुंच चुकी है। वहीं लगभग 191 लोग अभी भी लापता हैं।

इस बीच प्रभावित इलाकों में बचाव कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। भारतीय सेना, डीएससी केंद्र, प्रादेशिक सेना, एनडीआरएफ, भारतीय नौसेना और भारतीय वायुसेना के 1200 बचावकर्मी यहां तैनात हैं और लगातार बचाव कार्य में जुटे हुए हैं। केरल सरकार ने बताया कि 200 से अधिक लोगों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है और 5,592 लोगों को भूस्खलन से प्रभावित इलाकों से बचाया गया। उन्होंने कहा, 'मेप्पडी में आठ शिविरों में 421 परिवारों के 1,486 लोग रह रहे हैं, मुंडक्कई में बचाव कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है और अट्टमाला एवं चूरलमाला में भी बचाव के प्रयास किए जा रहे हैं। आज अतिरिक्त 132 सेना कर्मी पहुंचे हैं। बचाव प्रयासों के लिए दो हेलीकॉप्टरों का भी उपयोग किया जा रहा है। कोझिकोड और थालास्सेरी सहित चार सहकारी अस्पतालों के डॉक्टरों की एक टीम भी सहायता के लिए पहुंचेगी।'

### राहत शिविरों में ले जाए जा रहे लोग

इधर, केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने बुधवार को मीडिया से बातचीत में बताया कि बच्चों और गर्भवती महिलाओं सहित 8,017 लोगों को जिले में स्थापित 82 शिविरों में स्थानांतरित किया गया है। मुख्यमंत्री ने अपने बयान में कहा, 'कैबिनेट की बैठक में स्थिति का मूल्यांकन किया गया। हम आदिवासी परिवारों को स्थानांतरित कर रहे हैं और उन लोगों को भोजन प्रदान कर रहे हैं, जो कहीं और जाने के लिए तैयार नहीं हैं। हमारे व्यापक और समन्वित बचाव कार्यों के माध्यम से कुल 1,592 लोगों को बचाया गया है। वर्तमान में, वायनाड में 82 राहत शिविर हैं, जिनमें जिले के 2,017 व्यक्तियों को रखा गया है।'

### >> बढ़ सकती है मरने वालों की संख्या

इधर, जिला प्रशासन के मुताबिक मरने वालों की संख्या अभी और बढ़ने की आशंका है और सैकड़ों लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है। इससे पहले मूसलाधार बारिश के कारण मंगलवार तड़के मुंडक्कई, चूरलमाला, अट्टामाला और नूलपुझा गांवों में बड़े पैमाने पर भूस्खलन हुआ, जिसमें महिलाओं और बच्चों सहित कई लोगों की मौत हो गई।

### >> चारों तरफ बबार्दी का मंजर

आपदा की विभीषिका का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बचावकर्मियों को नदियों और कीचड़ से लोगों के क्षत-विक्षत अंग मिल रहे हैं। प्राकृतिक सौंदर्य को समेटे रहने वाले इस पहाड़ी क्षेत्र में अब चारों तरफ दिख रहा है तो सिर्फ और सिर्फ बबार्दी का मंजर। भारतीय सेना समेत बचाव दल फंसे हुए लोगों को निकालने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। ध्वस्त हो चुके घरों और मलबे के ढेर के नीचे फंसे लोगों द्वारा मदद की गुहार लगाने के लिए किए जा रहे फोन भी प्राकृतिक आपदा की भयावह तस्वीर को बयां कर रहे हैं। रोते हुए लोगों द्वारा खुद की जान बचाने की गुहार लगाए जाने की वीडियो और तस्वीरें इंटरनेट मीडिया पर भी चलीं। आपदा प्रभावित लोग या तो अपने घरों में फंसे हुए थे या बाढ़ और बह गए पुलों के कारण उनके पास आने-जाने का कोई रास्ता नहीं था।

### >> मंगलवार तड़के हुई घटना

मंगलवार की सुबह पहाड़ी दरकने की घटनाएं उस समय हुईं जबकि लोग गहरी नींद में थे। पहला भूस्खलन देर रात करीब दो बजे हुआ और उसके बाद तड़के सवा चार बजे अगला भूस्खलन हुआ। भारी बारिश और भूस्खलन के कारण काफी संख्या में मकान नष्ट हो गए। नदी-नाले उफन आए। रिहायशी इलाकों समेत चारों तरफ पानी और मलबा ही नजर आ रहा था। पेड़-पौधे उखड़ गए। कई वाहन पानी में बहते नजर आए। कई लोग सोते-सोते ही बाढ़ में बह गए।

## ज्वलंत मुद्दा

### सम्पादकीय



## राहुल गांधी की विभाजनकारी राजनीति और बेतुकें तर्क

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष की भूमिका में राहुल गांधी जिस तरह की बातें कह एवं कर रहे हैं, निश्चित ही यह उनकी राजनीतिक अपरिपक्वता को ही दर्शा रहा है, वे लगातार विभाजनकारी राजनीति को प्रोत्साहन देते हुए भूल जाते हैं कि उनके ऊपर देश को तोड़ने नहीं, जोड़ने की जिम्मेदारी है। प्रश्न है कि कब राहुल गांधी इस महत्वपूर्ण एवं जिम्मेदारी वाले पद पर रहते हुए उसके साथ न्याय करेंगे? वे जानते नहीं कि वे क्या कह रहे हैं। उससे क्या नफा-नुकसान हो रहा है या हो सकता है। वे तो इसलिए बोल रहे हैं कि वे बोल सकते हैं, उन्हें बोलने की आजादी है, लेकिन इसका नुकसान देश को भुगतना पड़ रहा है। नेता प्रतिपक्ष ने महाभारतकालीन चक्रव्यूह और पद्म व्यूह का सहारा लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधना चाहा है। जिस तरह से उन्होंने बजट पूर्व हलवा परम्परा में वित्तमंत्री के साथ खड़े लोगों को जाति आधारित संरचना बताया वह कहीं से भी तार्किक नहीं लगता। इस सेरेमनी में तो उस वक्त मंत्रालय के जो सीनियर अफसर होते हैं, वे ही मौजूद रहते हैं। इसमें जातिवाद कहाँ से आया? यह बात समझ से परे है। यही वजह है कि हलवा परम्परा की जब राहुल गांधी अपनी तरह से विवेचना कर रहे थे, तब वित्त मंत्री ने माथा पकड़ लिया था। राहुल गांधी ने जो तुलनाएँ की, वे निश्चित रूप से अतिरेक या अतिशयोक्ति कही जा सकती हैं। हर दिखते समर्पण की पीठ पर स्वार्थ चढ़ा हुआ है। इसी प्रकार हर अभिव्यक्ति में कहीं न कहीं स्वार्थ की राजनीति है, सत्तापक्ष को नुकसान पहुंचाने की ओछी मनोवृत्ति है। लोकसभा में आम बजट पर चर्चा करते हुए नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने अपना पुराना आरोप नए सिरे से दोहराया कि बजट बनाने वालों में कोई एससी-एसटी और ओबीसी अधिकारी नहीं होता, उससे यदि कुछ स्पष्ट है तो यही कि वह समाज को बांटने वाली विभाजनकारी राजनीति पर अड़े हैं। इस तरह की बेतुकी बातें करते हुए वे क्यों नहीं समझना चाहते कि ऐसी स्थिति और इस तरह की परम्परा कांग्रेस की तत्कालीन सरकारों के समय से ही चली आ रही है। कांग्रेस ही इसकी जिम्मेदार हैं, लेकिन वह कुछ समझने के लिए तैयार ही नहीं। राहुल गांधी एक तरह से यह कहना चाह रहे हैं कि अनारक्षित वर्गों के अधिकारी आरक्षित वर्गों के हितों की उपेक्षा करते हैं।


**SYED ZAKI HAIDER**

( EDITOR / PUBLISHER CUM MANAGING DIRECTOR OF NAI UMMEED NEWS AGENCY

MOBILE NO. 9911371802

EMAIL SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM


## संक्षिप्त समाचार

### राजेंद्र नगर में छात्रों की मौत के बाद दिल्ली एलजी सख्त पैनल गठित करने का दिया निर्देश



नूना न्यूज एजेंसी

**दिल्ली।** के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी में कोचिंग संस्थानों से संबंधित सभी मुद्दों के समाधान के लिए मुख्य सचिव के अधीन एक समिति गठित करने का निर्देश दिया। प्रस्ताव में एक शैक्षिक केंद्र स्थापित करना और सभी कोचिंग संस्थानों को निर्दिष्ट स्थान पर स्थानांतरित करना भी शामिल है। ये निर्देश दिल्ली के पुराने राजिंदर नगर इलाके में एक सिविल सेवा कोचिंग सेंटर के बेसमेंट में भारी बारिश के कारण बाढ़ आने से तीन छात्रों की मौत के कुछ दिनों बाद आए हैं। मुख्य सचिव एक समिति के अध्यक्ष होंगे जिसमें कोचिंग संस्थानों के 5-6 प्रतिनिधि, छात्रों के प्रतिनिधि और संबंधित विभागों के अधिकारी शामिल होंगे। राज्यपाल के कार्यालय ने एक बयान में कहा, यह समिति विनियमन, मकान मालिकों द्वारा अत्यधिक किराये, आग की मंजूरी, नालों से गाद निकालने और छात्रों की अन्य तत्काल जरूरतों से संबंधित सभी मुद्दों को व्यापक रूप से संबोधित करेगी ताकि सभी मापदंडों को पूरा करते हुए एक अनुकूल शैक्षणिक माहौल तैयार किया जा सके। कोचिंग सेंटरों और उनके आवासीय स्थानों की खराब स्थिति पर विरोध प्रदर्शन कर रहे आईएएस उम्मीदवारों के एक समूह ने राज्यपाल से मुलाकात की और अपनी मांगों पर जोर दिया। राजभवन ने कहा कि बैठक में छात्रों ने इलाके के जन प्रतिनिधियों, एमसीडी और पुलिस अधिकारियों की सामान्य उदासीनता के अलावा, कोचिंग संस्थानों और इलाके के मकान मालिकों द्वारा शोषणकारी किराए की मांगर पर प्रकाश डाला।

# 'वे जजों-सैनिकों और अधिकारियों की जातियां पूछते हैं

### >> भाजपा का कांग्रेस से सवाल- जनगणना कैसे होगी?



नूना न्यूज एजेंसी

**नई दिल्ली।** सड़क से संसद तक विपक्ष द्वारा उठाई जा रही जातिगत जनगणना की मांग के बीच भाजपा सांसद द्वारा राहुल गांधी की जाति पूछ लिए जाने से कांग्रेस आक्रोशित है। इस भाजपा की ओर से प्रतिप्रश्न किए गए हैं। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि जो व्यक्ति हिन्दुस्तान में सबकी जाति पूछ सकता है, उसकी जाति पूछने में क्या गड़बड़ी है? साथ ही पूछा कि यदि जाति पूछना अपमान है तो वह जातिगत जनगणना कैसे कराएंगे?

भाजपा प्रवक्ता ने कहा, 'कांग्रेस के सदस्यों ने संसद में चिल्ला-चिल्लाकर कहा कि यह पवित्र सदन है, यहां किसी की जाति नहीं पूछी जा सकती। जब सदन में नहीं पूछी जा सकती तो बाहर कैसे पूछी जा सकती है क्या ये धरती पवित्र नहीं है, सिर्फ सदन ही पवित्र है' पात्रा ने आरोप लगाया कि चुनाव के समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जाति को लेकर गलत टिप्पणी करने का कुत्सित प्रयास राहुल गांधी ने किया। साथ ही दावा किया कि पूर्व के चुनावों में जब राहुल गांधी सोमनाथ मंदिर गए थे, तब मीडिया की रिपोर्ट आई थी कि सोमनाथ मंदिर में अपना नाम गैर हिंदू रजिस्टर में लिखवाया था।

### >> 'वे अधिकारियों की पूछते हैं जाति'


भाजपा प्रवक्ता ने कहा पिछले दिनों राहुल गांधी पत्रकारों से जाति पूछ रहे थे। प्रशासनिक अधिकारियों की जाति पूछी जा सकती है कि हलवा समारोह में किस-किस जाति के अधिकारी हैं। पात्रा ने आरोप लगाया कि वे जजों-सैनिकों की जातियां भी पूछते हैं और कहते हैं कि देश को जानने का अधिकार है कि किस जाति के लोग सर्वाधिक सैनिक के रूप में हैं।

### >> बिना नाम लिए बात कही तो एक को ही बुरा क्यों लगा?

भाजपा मुख्यालय में बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में संबित पात्रा ने कहा कि जब से 18वीं लोकसभा शुरू हुई है, तब से 99 की संख्या और अहंकार का खेल दिखाई दे रहा है। राहुल गांधी का व्यवहार और उसके कारण उनकी पार्टी के सदस्यों का व्यवहार अक्षम्य है। उन्होंने कहा कि मंगलवार को भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने जब अपना विषय रखा तो किसी का नाम नहीं लिया और कहा कि जिसकी जाति का पता नहीं, वह गणना की बात कर रहे हैं तो एक ही व्यक्ति को बुरा लगा, जबकि सदन में 543 सदस्य हैं।

# बारिश ने लोगों को दी उमस से राहत

### अगले दो-तीन दिन ऐसे ही मौसम बने रहने के आसार



**नई दिल्ली।** दिल्ली एनसीआर में मंगलवार को एक बार फिर मौसम विभाग का पूवार्नुमान गलत साबित होने के बाद आज देर शाम जोरदार बारिश हुई। इससे पहले हल्की से मध्यम वर्षा के कारण यलो अलर्ट में दिनभर तेज धूप निकली रही। उमस से लोगों का हाल बेहाल रहा तो जुलाई माह के आखिरी हफ्ते में अधिकतम तापमान नया रिकॉर्ड बनाते हुए 39 डिग्री पार चला गया।

### >> IMD ने बादल छाए रहने की जताई थी संभावना

मौसम विभाग का पूवार्नुमान था कि बुधवार को दिन भर बादल छाए रहेंगे। गर्जन वाले बादल बनने के साथ हल्की से मध्यम वर्षा एवं कहीं कहीं भारी वर्षा होने के आसार हैं।

### >> तापमान ने तोड़ा रिकॉर्ड

मंगलवार को सुबह से ही धूप निकल गई थी, दिन चढ़ने के साथ- साथ यह और तीखी होती गई। इससे उमस भी बढ़ी और तापमान में भी इजाफा देखने को मिला। अधिकतम तापमान सामान्य से पांच डिग्री अधिक 39.3 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

### >> अगले दो दिन के लिए यलो अलर्ट जारी

मौसम विभाग ने बुधवार से अगले तीन दिनों तक दिल्ली में अच्छी वर्षा हो सकती है। ऐसी संभावना जताई थी। इसी कारण बुधवार के लिए आरेंज जबकि उसके बाद अगले दो दिन के लिए यलो अलर्ट जारी कर दिया गया है।

### विधानसभा परिसर में घुसा पानी, वैकल्पिक मार्ग से बाहर लिकले योगी, शिवपाल ने ली चुटकी

**उत्तर प्रदेश।** के लखनऊ में भारी बारिश के बाद राज्य विधानसभा को जलभराव का सामना करना पड़ा। विधानसभा के अंदर जलभराव के कई वीडियो इंटरनेट पर सामने आए। इसपर समाजवादी पार्टी के नेता शिवपाल सिंह यादव ने चुटकी ली है। शिवपाल सिंह यादव ने सोशल मीडिया पर उत्तर प्रदेश विधानसभा के लिए बजट आवंटन बढ़ाने की मांग की और इस बात पर जोर दिया कि अगर इतनी भारी बारिश से एक महत्वपूर्ण सरकारी इमारत को महत्वपूर्ण नुकसान हो सकता है, तो इसी तरह की घटनाएं राज्य के अन्य क्षेत्रों को भी प्रभावित कर सकती हैं। शिवपाल सिंह यादव ने एक्स पर लिखा कि बजट की सबसे अधिक आवश्यकता उत्तर प्रदेश विधानसभा को है, एक मूसलाधार बारिश में यह हाल है तो बाकी प्रदेश भगवान भरोसे है...।

# क्या गोवा Beach पर नहीं मिलेगी शराब? भाजपा ने सदन में उठाया मुद्दा



नूना न्यूज एजेंसी

**नई दिल्ली।** गोवा की Beach और शराब दोनों का नाम अक्सर एक साथ ही लिया जाता है। कहने का मतलब यह है की सबसे ज्यादा दारू की खपत वाला राज्य गोवा ही हैं। इस राज्य में अब शराब बैन की मांग उठ रही है। यह मांग भाजपा के एक विधायक ने संसद में रखी। गोवा के भाजपा विधायक प्रेमेन्द्र शेट की गोवा में शराब के सेवन पर प्रतिबंध लगाने की मांग को विधानसभा में उनके सहयोगियों ने भी समर्थन नहीं दिया। मंगलवार को सदन में बोलते हुए शेट ने कहा, 'विकसित भारत और विकसित गोवा के लिए गोवा में शराब की खपत पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। हम राज्य में शराब का उत्पादन कर सकते हैं और इसे दूसरे राज्यों को निर्यात कर सकते हैं, लेकिन गोवा में इसकी खपत पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए।' अपनी बात को पुष्ट करने के लिए भाजपा विधायक प्रेमेन्द्र शेट ने कहा कि उत्तरी गोवा में मायेम विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले पहली बार भाजपा विधायक ने कहा कि राज्य में शराब की बढ़ती खपत के कारण सड़कों और औद्योगिक इकाइयों में दुर्घटनाओं में लोगों की मौत होती है।

### >> लोग अपना रेस्तरां व्यवसाय बंद कर दें?

बुधवार को पत्रकारों से बात करते हुए भाजपा की महिला विधायक डेलिलाह लोबो ने आश्चर्य व्यक्त किया कि क्या शेट चाहते हैं कि लोग अपना रेस्तरां व्यवसाय बंद कर दें। उन्होंने कहा कि शराब भी एक कारण है जिसके कारण पर्यटक यहां आते हैं। हमें क्या करना चाहिए... क्या हमें रेस्तरां बंद कर देना चाहिए?" लोबो ने पूछा, जो अपने पति माइकल लोबो (कालंगुट विधायक) के साथ मिलकर उत्तरी गोवा के तटीय क्षेत्र में होटलों की एक चेन की मालिक हैं।

### >> 'शेट के विचारों से सहमत नहीं'

भाजपा विधायक संकल्प अमोनकर ने कहा कि वह शराब के दुरुपयोग को लेकर चिंतित हैं और उन्होंने राज्य में दीर्घकालिक शराब के आदी रोगियों के लिए नशा मुक्ति केंद्रों के बारे में पहले भी विधानसभा में प्रश्न उठाया था, लेकिन वह शेट के विचारों से सहमत नहीं थे। उन्होंने कहा, "हमने लोगों को शराब की लत में पड़ते देखा है। मैंने अपने दोस्तों में भी ऐसा देखा है और उनमें से कुछ ने इस लत के कारण अपनी जान गंवा दी है। लेकिन गोवा में शराब पर प्रतिबंध लगाना संभव नहीं है।

### >> 'गोवा में शराब पर प्रतिबंध लगाना संभव नहीं'

आप विधायक क्रूज सिल्वा ने कहा कि गोवा में शराब पर प्रतिबंध लगाना संभव नहीं है। उन्होंने कहा, "यहां सड़कों पर दुर्घटनाएं होती रहती हैं, लेकिन गोवा के लोग इसमें शामिल नही होते। यहां बहुत सारे रेस्तरां और अन्य व्यवसाय हैं जो शराब की बिक्री पर निर्भर हैं। शराब पर प्रतिबंध से रोजगार प्रभावित होगा।

# 'राजनीति में या तो आप रहोगे या मैं रहूंगा', फडणवीस को उद्धव को क्यों दी चेतावनी?

नूना न्यूज एजेंसी

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को चेतावनी दी है कि राजनीति में या तो तुम रहोगे या मैं रहूंगा। उद्धव ने यह बात आज अपने पार्टी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कही। बांद्रा स्थित रंग शारदा सभागृह में अपने पार्टी कार्यकर्ताओं के एक सम्मेलन में बोलते हुए उद्धव ठाकरे ने कहा कि उन्हें महाविकास आघाड़ी सरकार में गृहमंत्री रहे अनिल देशमुख ने बताया कि देवेंद्र फडणवीस मुझे एवं मेरे पुत्र आदित्य को जेल भेजना चाहते थे। अब तक मैं बहुत कुछ सहता रहा। लेकिन अब मैं कहता हूं कि महाराष्ट्र की राजनीति में या तो तुम (फडणवीस) रहोगे, या मैं रहूंगा। उद्धव ने आगे कहा कि आप मेरा सब कुछ छीन लो। लेकिन हम आपकी नाक पर पैर रखकर सत्ता लेकर आएंगे। उन्होंने कार्यकताओं का आह्वान किया कि अपना चुनाव चिह्न का केस सर्वोच्च न्यायालय में चल रहा है। मुझे मेरा शिवसेना नाम चाहिए। जब तक यह नहीं मिलता, आप सब लोग नए चुनाव चिह्न मशाल का घर-घर प्रचार कीजिए। उद्धव ठाकरे ने फडणवीस के साथ-साथ भाजपा के केंद्रीय नेताओं को भी निशाने पर लेते हुए कहा कि किसी की हिम्मत नहीं हो रही थी, जो इन लोगों (मोदी-शाह) के खिलाफ बोले। लेकिन हम बोले। मैंने कहा कि हम तो ऐसे ही हैं। सत्ता पक्ष में बैठे ये लोग नपुंसक हैं। इन्होंने हमारी पार्टी तोड़ दी। लेकिन हम झुके नहीं। फिर उद्धव ने दिल्ली के नेताओं को भी चुनौती देते हुए कहा कि आप चुनाव प्रचार के लिए मुंबई आओ। हम आपकी बची-खुची गर्मी भी निकाल देंगे। आपको भीख का कटोरा लेकर ही हमारे सामने आना होगा। उद्धव ने कहा कि ये हमारा आखिरी चुनाव है। अगर ये चुनाव जीत गए, तो इस देश में हमें कोई चुनौती नहीं दे सकता है।



### क्या आपको मेरे हिंदू होने पर आपत्ति है- उद्धव

पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे पर उनके विरोधी हिंदुत्व छोड़ने का आरोप लगाते रहे हैं। आज उन्होंने खुलकर कहा कि हाल के लोकसभा चुनाव में मुस्लिमों और ईसाइयों ने खुलकर उनका समर्थन किया। उद्धव ने कहा कि मुस्लिम समाज की एक सभा में मैंने उनसे पूछा कि क्या आपको मेरे हिंदू होने पर आपत्ति है ? लोगों ने कहा झ्र नहीं। फिर उद्धव ने शिवसेना से गद्दारी करनेवालों पर निशाना साधते हुए कहा कि जिसको जाना है, जाओ। लेकिन भीतर रहकर दगाबाजी मत करो। मैं शिवसैनिकों को लेकर लड़ाई जीतूंगा। आप रहोगे या मैं रहूंगा।

## सार संक्षेप

### बच्चों को खेल सिखाने वाला एप्प प्ले स्पोर्ट्स लॉन्च

**नई दिल्ली :** टैनिस आइकन सानिया मिर्जा, क्रिकेट लीजेंड हरभजन सिंह एवं पूर्व विश्व चैंपियन मैरी कॉम ने देश के पहले डिजीटल खेल सिखाने वाले एप्प प्ले स्पोर्ट्स के लांच के दौरान डिजीटल खेल पहल का समर्थन किया। दुबई में एप्प लॉन्च के दौरान पूर्व भारतीय क्रिकेटर हरभजन सिंह और मैरी कॉम के साथ इस पहल के बारे में बोलते हुए, सानिया ने कहा, प्ले स्पोर्ट्स एप्प हमें जमीनी स्तर के एथलीटों को पोषित करने में मदद करता है और लक्ष्य विभिन्न अनुशासनों में अधिक चैंपियनों को ओलंपिक के लिए पोषित करने का प्रयास करना है। दरअसल, शुभम चौधरी और लविश चौधरी द्वारा स्थापित, प्ले स्पोर्ट्स का उद्देश्य उस अंतर को पाटना है और डिजीटल युग की ओर बढते हुए वे हर प्रतिभाशाली बच्चे को पोषण, प्रशिक्षण और पुनर्प्राप्ति तंत्र के बारे में जानकारी से लैस करना चाहते हैं।

### इदानिम ने नि:शुल्क मैडिटेशन कोर्स शुरू किया, लोगों को जागरूक बनाने का लक्ष्य

**नई दिल्ली :** इदानिम भारत का पहला और एकमात्र नि:शुल्क ध्यान एप्प है जो लोगों को ध्यान सिखाने के लिए अब एक नि:शुल्क मैडिटेशन कोर्स शुरू कर रहा है। 20 सैशन के इस कोर्स में यूजर माइंडफुलनेस और ध्यान की बुनियादी जानकारी प्राप्त करेंगे। जानकार की देखरेख में ध्यान का अभ्यास कर पाएंगे। यह कोर्स हिंदी और अंग्रेजी में नि:शुल्क उपलब्ध है। शुरुआत में बताया गया है कि ध्यान और माइंडफुलनेस क्या है? इसके बाद ध्यान का सबसे अच्छा समय, ध्यान की सबसे अच्छी मुद्रा और ध्यान के दौरान बुरे विचारों और भावनाओं से कैसे बचें जैसे आम प्रश्नों के उत्तर दिए गए हैं। कोर्स में ध्यान की 7 अलग-अलग विधियां (टेक्निक) भी सिखाई जाती हैं जैसे ओम जप, विपश्यना ध्यान, अनापनसति ध्यान आदि।

### डाकघर से मिलेगा गंगोत्री व ऋषिकेश का शुद्ध गंगाजल

**पिपली :** सावन शिवरात्रि 2 अगस्त के मद्धेनजर डाक विभाग द्वारा एक विशेष पहल की गई है, जिसमें शिव भक्तो के लिए गंगोत्री व ऋषिकेश का शुद्ध गंगाजल मात्र 30 रुपए मे उपलब्ध करवाया जा रहा है। एक वार्ता के दौरान कुरुक्षेत्र डाक मण्डल के अधीक्षक अनिल रोज ने बताया कि सावन शिव रात्रि के अवसर पर अपने आराध्य शिव को जल चढ़ाने के लिए किसी भी डाकघर से गंगा जल प्राप्त किया जा सकता है। गंगा जल की 250 मि.ली. की एक सील बंद बोतल आप किसी भी डाकघर से।

### अश्लील वीडियो कॉल करते पकड़ा

**पानीपत :** पानीपत में एक महिला ने अपने पति को दूसरी महिला के साथ वीडियो कॉल पर अश्लील कॉल करते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। महिला ने इस बारे में पति से पूछा तो वह एकदम तैश में आ गया। जिसके बाद उसने पत्नी के साथ झगड़ा किया और घर छोडकर चला गया। पत्नी की शिकायत पर पुलिस ने पति की तलाश शुरू कर दी है।

# कालेजों में दाखिले के लिए दिल्ली कमेटी ने लगाए कैरियर काउंसलिंग कैंप

नई दिल्ली, जुलाई : दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा युवा छात्रों को दिल्ली यूनिवर्सिटी, आई पी यूनिविसर्टी सहित अन्य कालेजों में दाखिले के फार्म भरने सम्बन्धी आने वाली परेशानी दूर करने, अपना करियर चुनने के लिए बहुमूल्य जानकारी व मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए गुरु द्वारा रकाबगंज साहिब परिसर में कमेटी कार्याल के कानफरेंस हॉल में कैरियर काऊंसलिंग कैंप शुरू किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका व महासचिव सरदार जगदीप सिंह कहलों ने बताया कि यह कैंप 31 जुलाई बुधवार से काम करना शुरू करेगा जिसमें विद्यार्थी व उनके अभिभावक आकर सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक हमारी टीम से सलाह ले सकते हैं। पूर्व में जब दिल्ली विश्वविद्यालय ने कॉमन एंट्रैंस टैस्ट (सीयूईटी) शुरू किया था तो बडी संख्या में छात्रों को इसकी जानकारी नहीं थी और छात्र प्रवेश से वंचित रह गए थे। इस करियर काऊंसलिंग कैंप में गुरु तेग बहादुर कालेज नार्थ कैंपस, गुरु गोबिन्द सिंह कालेज ऑफ कामर्स, माता सन्दरी कालेज, गुरु तेग बहादुर इन्जीनिरंग कालेज राजौरी गार्डन, 4 सैनेटरी इंजीनीरिंग कालेज सहित अन्य कालेजों से आवश्यक स्टाफ तैनात किया गया है।

उन्होंने कहा कि यह कैंप उन माता-पिता व छात्रों के को दिशा प्रदान करेगा जो इस दुविधा में हैं कि 12वीं की परीक्षा के बाद कौन से कालेज में दाखिला लेना है, कौन सा कोर्स करना है और कौन सा करियर चुनना है। इस सेल में मेडिकल, नॉन-मेडिकल, कॉमर्स व आर्ट्स सहित सभी स्ट्रीम के छात्रों के मार्गदर्शन की व्यवस्था की गई है। सभी श्रेणयिों के छात्रों का मार्गदर्शन किया जाएगा, यहां तक कि उन छात्रों का भी जो कम अंकों के कारण पढाई छोडने की सोचते हैं। सिख कौम की लंबे समय से चली आ रही मांग को देखते हुए इस सेल की स्थापना की गई है। उन्होंने इस सेल का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की।

## विक्रेताओं को सशक्त बनाने के लिए ओएनडीसी ने क्यूआर कोड लॉन्च किया

नई दिल्ली, जुलाई : ओपन नेटवर्क फॉर डिजीटल कॉमर्स अपने क्रांतिकारी इंटरऑपरेबल क्यूआर कोड को लॉन्च किया , जो ई-कॉमर्स की दुनिया को बदलने और स्थानीय कारीगरों से लेकर पड़ोस के दुकानदारों तक हर विक्रेता को सशक्त बनाने के लिए तैयार है। लंबे समय से विक्रेताओं को डिजीटल मार्केट में अपनी मौजूदगी स्थापित करने में कठिन चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। वे किसी न किसी प्लेटफॉर्म पर आश्रित हैं और उसकी दिक्कतों की वजह से सीमति हैं। वह अपने उत्पादों को ज्यादा से ज्यादा लोगों के पास ले जाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। ओएनडीसीका इंटरऑपरेबल क्यूआर कोड सब बदल देगा। इस समय यह अपने अल्फा स्टेज में है। यह इनोवेटिव टूल विक्रेताओं को एक अनूठा क्यूआर कोड बनाने की अनुमति देता है जिसे ग्राहक ओएनडीसी रजिस्टर्ड बायर एप्प का उपयोग कर स्कैन कर सकते हैं। इसकी शुरुआत मैजिकपिन और पेटीएम से हो रही है। प्रारंभिक परीक्षण के बाद जल्द ही यह पूरे नैटवर्क में विस्तार करेगा।

## 2036 ओलंपिक–भारतीय दावेदारी को पंख दे रही हैं नीता अंबानी

### अंबानी ने घोषणा की कि वह दिन दूर नहीं जब ओलंपिक भारत में होंगे

नई दिल्ली, जुलाई : पेरिस ओलंपिक 2024 में इतिहास के पहले इंडिया हाउस के उद्घाटन के मौके रिलायंस फाउंडेशन की फाउंडर चेयरपर्सन नीता अंबानी ने घोषणा की कि वह दिन दूर नहीं जब ओलंपिक भारत में होंगे। सभी भारतीयों का यह साझा सपना है। नीता अंबानी की यह आवाज स्थानीय फ्रांसीसी मीडिया के साथ दुनिया भर की प्रेस ने जोर शोर से कवर की। यह सर्वविदित है कि भारत के जाने माने उद्योगपति मुकेश अंबानी की पत्नी नीता अंबानी कोरपोरेट वर्ल्ड से जुड़ी हैं पर यह कम लोग ही जानते होंगे कि नीता अंबानी भारत की सॉफ्ट स्पोर्ट्स पावर का भी प्रतिनिधित्व करती हैं। वे आईओसी यानी इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी की सदस्या हैं और उनकी पहल और वित्तिय सहायता के बल पर ही इंडिया हाउस आज पेरिस के पोर्टे डे ला विलेट में शान से खड़ा है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत के बढ़ते रसूख के बीच, देश ने ओलंपिक का सपना तो देख लिया पर यह सपना साकार कैसे होगा। इसके लिए चार मोर्चों पर काम करना होगा, देश के इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास, सुरक्षा की गारंटी, अंतरराष्ट्रीय खेल संघों में भागीदारी और खेलों के इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार। पहले दो काम यानी इंफ्राक्ट्रक्चर का विकास और सुरक्षा की गारंटी सरकार देगी। परंतु अंतरराष्ट्रीय खेल संघों में भागीदारी और खेलों के इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार के लिए सरकार को कोरपोरेट वर्ल्ड से हाथ मिलाना होगा।

## गुमराह कर शादी करने और धर्म परिवर्तन पर आजीवन कारावास



लखनऊ, जुलाई : यूपी विधानसभा में उप्र विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध (संशोधन) विधेयक पास हो गया है। इससे अब गुमराह कर शादी करने और अनुसूचित जाति व जनजाति (एससी-एसटी) के लोगों को धर्म परिवर्तन कराने पर आजीवन कारावास की सजा दी जाएगी। गुमराह कर शादी करने और अनुसूचित जाति व जनजाति (एससी-एसटी) के धर्म परिवर्तन कराने के मामलों में आरोपी को अब आजीवन कारावास की सजा दी जाएगी। मंगलवार को यूपी विधानसभा में उप्र विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध (संशोधन) विधेयक को मंजूरी दे दी गई है। विधानमंडल सत्र के दूसरे दिन विधेयक को मंजूरी दे दी गई है। उत्तर प्रदेश सरकार ने इससे पहले विधानसभा में धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध विधेयक, 2021 पारित किया था। इस विधेयक में एक से 10 साल तक की सजा का प्रावधान था।

### यह है विधेयक का मकसद

यह संशोधन विधेयक धर्म परिवर्तन के अपराध की संवेदनशीलता और गंभीरता के मद्देनजर लाया गया है। इससे विदेशी एवं राष्ट्र विरोधी ताकतों की संगठित साजिश को रोका जा सकेगा। इसी वजह से सजा और जुर्माने की राशि को बढ़ाने के साथ जमानत की कड़ी शर्तों के प्रावधान किए गये हैं। साथ ही नाबालिग, दिव्यांग और मानिसक रूप से अस्वस्थ लोगों को भी इस अपराध का शिकार होने से बचाया जा सकेगा।

संशोधन के जरिये पिछले विधेयक को सजा और जुर्माने की दृष्टि से और मजबूत किया गया है। नए प्रावधानों के अनुसार यदि किसी नाबालिग, दिव्यांग अथवा मानिसक रूप से दुर्बल व्यक्ति, महिला, एससी-एसटी का धर्म परिवर्तन कराया जाता है तो दोषी को आजीवन कारावास और एक लाख रुपये जुर्माने से दंडित किया जाएगा। इसी तरह, सामूहिक धर्म परिवर्तन पर भी आजीवन कारावास और एक लाख रुपये जुर्माने की सजा होगी। यूपी सरकार ने सोमवार को विधानसभा में यह विधेयक पेश किया था जिसे मंगलवार को पास कर दिया गया। अब इसे विधान परिषद को भेजा जाएगा। दोनों सदनों से पारित होने के बाद राज्यपाल के पास जाएगा। फिर इसे राष्ट्रपति को भेजा जाएगा। वही इस पर अंतिम फैसला लेंगी।

## फरीदाबाद में 90 एकड़ में फैले कमर्शियल और किफायती आवास के तहत बड़े पैमाने पर हो रही है प्लान

फरीदाबाद, जुलाई : फरीदाबाद, जिसे ग्रोथ डिस्ट्रिक्ट कहा जाता है, महत्वपूर्ण विस्तार के लिए तैयार है क्योंकि एक लीडिंग रियल एस्टेट डेवलपर ने मिक्स्ड यूज वाली टाउनशिप परियोजनाओं की घोषणा की है। उत्तर और पश्चिम भारत में वर्ल्ड ट्रेड सैंटर के निर्माण और विकास के लिए जानी जाने वाली यह कंपनी कमर्शियल स्पेस, मॉल और किफायती आवास में पर्याप्त निवेश के साथ फरीदाबाद के रियल एस्टेट परिदृश्य को बढ़ाने के लिए पूरी तरह से तैयार है। 3.0 मिलियन वर्गफुट से अधिक की डिलीवरी और अगले 12 महीनों के भीतर पूरा होने के लिए निर्धारित अतिरिक्त 1.0 मिलियन वर्गफुट के प्रभावशाली ट्रैक रिकॉर्ड के साथ, कंपनी ने फरीदाबाद में 90 एकड़ से अधिक प्राइम लैंड का अधिग्रहण किया है। इस विकास पर बोलते हुए, कंपनी के प्रवक्ता ने कहा, यह हमारे लिए बहुत ही प्रतिष्ठित क्षण है। हम फरीदाबाद के परिदृश्य को फिर से परिभाषित के लिए प्रतिबद्ध हैं और इसमे हमारी यह परियोजना एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## दमदार बैटरी के साथ आईवूमी का एक और नया वैरियंट आया

नई दिल्ली, जुलाई : आईवूमी ने बाजार में एक नया वैरियंट जीतएक्स जैडई उतराने की घोषणा की है। इसमें 3 केडब्ल्यूएच की दमदार बैटरी है जो एक चार्ज पर 170 किलोमीटर तक की बेजोड रेंज देगी। अब इलेक्ट्रिक स्कूटर बाजार का एक नया दौर शुरू होने वाला है। नए वैरिएंट की कीमत 99,999 रुपये है और यह महाराष्ट्र, गुजरात, तमिलनाडु, तेलंगाना और राजस्थान आदि के आईवूमी डीलरशिप पर उपलब्ध होगा। आपको रजिस्ट्रेशन स्थानीय होने का भी लाभ मिलेगा। इससे पहले बेहद सफल रहे जीत एक्स जैडई का सिलसिला आगे बढाते हुए यह 3 केडब्ल्यूएच वेरिएंट अंडरबोन फ्रेम पर डिजाइन किया गया है इसलिए मजबूती और स्टैबलिटी के लिए आंख मूंद कर भरोसा कर सकते हैं। यह फ्रेम 42 मिमी डायमीटर के टेंसाइल इआरडब्ल्यू 1 स्टील ट्यूब से बना है। नए वेरिएंट के अत्याधुनिक स्मार्ट स्पीडोमीटर में मोबाइल एप्प से कनेक्टिविटी है जिससे आपको कई सुविधाएँ मिलने वाली है ।

## गरवारे हाई-टेक ने अपना पेंट प्रोटैक्शन फिल्म एप्लीकेशन स्टूडियो लॉन्च किया

फरीदाबाद, जुलाई : स्पैशिलटी फिल्म इंडस्ट्री की अग्रणी कंपनी गरवारे हाई-टेक फिल्म्स लिमिटेड ने फरीदाबाद में अपने अत्याधुनिक पेंट प्रोटैक्शन फिल्म एप्लीकेशन स्टूडियो के भव्य उद्घाटन की घोषणा की है। यह मील का पत्थर बेहतरीन वाहन सुरक्षा समाधान देने की प्रतिबद्धता में एक महत्वपूर्ण विस्तार को दर्शाता है, जो नवाचार में इसके नेतृत्व को और मजबूत करता है। फरीदाबाद स्टूडियो के उद्घाटन के अवसर पर बिक्री और विपणन निदेशक दीपक जोशी, बिक्री और विपणन उपाध्यक्ष धर्मेंद्र कपूर और महाप्रबंधक अर्जुन कपूर सूरी मौजूद थे। इसके अलावा परफेक्ट फिनिश स्टूडियो के पार्टनर प्रणव शर्मा और सचिन आहूजा भी उद्घाटन के अवसर पर मौजूद थे। उद्घाटन सत्र के दौरान जीएचएफएल के सेल्स एवं मार्कीटिंग निदेशक दीपक जोशी ने कहा, गरवारे हाई-टेक फिल्म्स में हमारी 90 साल की विरासत नवाचार और उत्कृष्टता के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

## विदेश भाग गए नौ आरोपियों को भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित किया गया : सरकार



**नई दिल्ली।** वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने मंगलवार को राज्यसभा को बताया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने नौ आरोपियों को भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित किया है। उन्होंने एक सवाल के लिखित जवाब में राज्यसभा को बताया कि भगोड़े आर्थिक अपराधियों की संपत्ति की कुर्की और जब्ती के लिए भगोड़ा आर्थिक अपराधी अधिनियम, 2018 (एफईओए) को लागू किया गया है। चौधरी ने कहा कि विदेश भाग गए आरोपियों के मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने एफईओए के उपबंधों के तहत उनमें से नौ आरोपियों को भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित किया है। उन्होंने कहा, विदेश भाग गए 16 आरोपियों के संबंध में 25 प्रत्यर्पण अनुरोध भी भेजे गए हैं। इसके अलावा, एफईओए के उपबंधों के तहत 725.90 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की गई है। मंत्री ने कहा कि अधिसूचित वाणिज्यिक बैंकों ने पिछले पांच वित्त वर्ष के दौरान एनपीए खातों, जिनमें बट्टे खाते में डाले गए ऋण भी शामिल हैं, से 6,82,328 करोड़ रुपये की कुल वसूली की है। उन्होंने कहा कि रिजर्व बैंक के अनंतिम आंकड़ों के अनुसार, अधिसूचित वाणिज्यिक बैंकों का सकल एनपीए अनुपात 31 मार्च 2018 को 11.18 प्रतिशत के शीर्ष स्तर पर था, जो 31 मार्च 2024 को 2.75 प्रतिशत रह गया।

## गोयल ने छोटे-छोटे फायदों पर ध्यान देने के लिए भारतीय उद्योग जगत की आलोचना की



**नई दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को छोटे–छोटे लाभ के लिए राष्ट्रीय हितों की अनदेखी करने पर भारतीय उद्योग जगत की आलोचना की। उन्होंने खेद व्यक्त किया कि कई उद्योग छोटे–छोटे फायदों के लिए भारत में निर्मित उत्पादों को नहीं खरीद रहे हैं, और विदेशी मुद्रा पर ऐसे आयात के प्रभाव की परवाह नहीं कर रहे हैं। मंत्री ने कहा कि घरेलू कंपनियां मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) में शुल्क रियायत चाहती हैं, लेकिन वे अन्य देशों को बाजार पहुंच देने के लिए तैयार नहीं हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय उद्योग हमेशा सुरक्षा चाहता है, फिर हम ब्रिटेन और यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ एफटीए कैसे करेंगे? मंत्री ने भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के विकसित भारत कार्यक्रम में कहा, उद्योग का कहना है कि भारत में शुल्क रियायतें न दें, लेकिन हमें ब्रिटेन और ईयू को शून्य शुल्क पर निर्यात करने की अनुमति दें।

# 2 किलोग्राम नशीला पदार्थ गांजा समेत किया गिरफ्तार

करनाल जुलाई : हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कन्ट्रोल ब्यूरो यूनिट करनाल ने राजपत्रित अधिकारी की मौजुदगी मे नशा तस्कर प्रकाश को 2.004 किलोग्राम गाँजा समेत काबू करने में सफलता हासिल की है। इस विषय में युनिट ईन्चार्ज वीरेंदेर सिंह ने बताया कि दिनांक 29 जुलाई को स.उ.नि. नरेंद्र की अगुवाई एक पुलिस टीम बराये रोकथाम नशीला पदार्थ अपराध नजदीक पधाना गाँव मौजूद थे तभी एक खास मुखबिर ने सूचना दी कि सोनू पुत्र महेंद्र वासी गांव खेड़ी मान सिंह तहसील तरावड़ी जिला करनाल, गाँव पधाना मे बने बाबा राजपुरी मंदिर के सामने खड़ा है गांजा सप्लाई करने की फिराक में है। यदि तुरंत रैड की जावें तो काफी मात्रा में नशीले पदार्थ समेत काबू आ सकता है। इसके अलावा हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कन्ट्रोल ब्युरो के टोल फ्री न. 90508-91508 बारे जागरुक किया गया व बताया गया कि सुचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

## 159.21 ग्राम हैरोइन सहित युवक काबू

### आरोपी उत्तर प्रदेश से लेकर आता था हेरोईन, 6 माह से कर रहा था काम

यमुनानगर, जुलाई : सीआईए टू की टीम ने साढ़े चार लाख कीमत की 159.21 ग्राम हैरोइन युवक से पकड़ी है। आरोपी के खिलाफ के दर्ज कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे रिमांड पर लिया गया, फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। आरोपी के तार उत्तर प्रदेश से जुड़े हुए हैं। इंचार्ज अनेश कुमार ने बताया कि उनकी टीम को सूचना मिली कि एक युवक गनौली धर्मकांटा के पास भारी मात्रा में नशीले पदार्थ लेकर घूम रहा है। गुप्त सूचना के आधार पर एएसआई राजबीर, अरुण, संतोष, विकास, संजय, सुनील, योगेश बडशामी की टीम का गठन किया गया। टीम ने मौके पर जाकर वहां घूम रहे युवक को गिरफ्तार किया। मौके पर ड्यूटी मैजिस्ट्रेट एक्साइज विभाग इंस्पैक्टर मोहन राणा को बुलाया, जिसके सामने पकड़े गए युवक की तलाशी ली। आरोपी से तलाशी के दौरान 159 ग्राम 21 मिलीग्राम हैरोइन बरामद हुई। पूछताछ में जिसकी पहचान गनौली निवासी सोनू के नाम से हुई। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज का कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे रिमांड पर लिया गया।




पकड़ा गया आरोपी पुलिस टीम के साथ।

इंचार्ज अनेश कुमार ने बताया कि आरोपी पर पहले भी नशा तस्करी का एक मामला दर्ज है जो कोर्ट में विचाराधीन है। पकड़ी गई हैरोइन की कीमत करीब साढ़े चार लाख रुपए बताई जा रही है। आरोपी उत्तर प्रदेश से नशे की खेप लेकर आता था और अपने गांव के आसपास युवाओं को बेचता था, पिछले 6 माह से वह यह काम कर रहा था। अब पुलिस रिमांड के दौरान अगले आरोपी को पुलिस जल्द पकड़ेगा।

**नगरपालिका से संबंधित कार्य के लिए लोगों को परेशानी न हो, कर्मचारी पुख्ता इंतजाम रखें : खुराना**

# नगरपालिका प्रधान साक्षी खुराना ने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों की ली संयुक्त बैठक



लाडवा नगपालिका प्रधान साक्षी खुराना अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक लेते हुए। (डिम्पी)

**जुलाई :** लाडवा नगरपालिका प्रधान साक्षी खुराना ने नगरपालिका के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों की संयुक्त रूप से एक बैठक ली और बैठक में कई प्रस्ताव पास किये। नगरपालिका प्रधान साक्षी खुराना ने नगरपालिका के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों से कहा कि शहर के किसी भी वार्ड के किसी भी सदस्य को कोई भी किसी नगरपालिका से संबंधित कार्य के लिए कोई परेशानी न हो, जिसके लिए पुख्ता इंतजाम रखें और लोगों को अपने काम करवाने के लिए बार-बार नगरपालिका के चक्कर में न काटने पड़े। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को अपना-अपना काम जिम्मेदारी के साथ करना चाहिए।

वही बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने भी कहा कि सभी काम सुचारू रूप से चल रहा है, परंतु कुछ स्टाफ की कमी होने के कारण कई कामों में दिक्कत आ रही है, जो जल्द ही स्टाफ पूरा होने के बाद खत्म हो जाएगी।

### पॉलीथिन पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध

**नगरपालिका प्रधान** साक्षी खुराना ने शहर के सभी दुकानदारों से अपील करते हुए कहा कि सभी पॉलिथीन का इस्तेमाल करना बंद कर दें अन्यथा मजबूरन नगरपालिका को अपने कर्मचारी दुकान पर भेजकर ऐसे दुकानदारों के चालान किए जाएंगे, जो पॉलिथीन का इस्तेमाल कर रहे हैं।

### डिवाइडर पर लगी लाइटों के पोल होंगे ठीक

बैठक में प्रस्ताव पास किया गया कि लाडवा-मुख्य मार्ग पर जो भी नगरपालिका द्वारा बिजली के बड़े पोल लगवाए गए थे और कुछ पोल वाहनों के टकराने के कारण टूट गए हैं उन्हें भी जल्द बदलवाकर नया लगवाया जाएगा और जो डिवाइडर पर लाइट लगी हुई है वह सभी ठीक करवा दी गई है।

## खराब मौसम के चलते राहुल, प्रियंका का वायनाड का प्रस्तावित दौरा स्थगित



**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने प्रतिकूल मौसम के चलते वायनाड का अपना प्रस्तावित दौरा स्थगित कर दिया है। दोनों बुधवार सुबह वायनाड रवाना होने वाले थे। राहुल गांधी ने मंगलवार रात एक्स पर पोस्ट किया, प्रियंका और मैं भूस्खलन से प्रभावित परिवारों से मिलने और स्थिति का जायजा लेने के लिए कल वायनाड जाने वाले थे। हालाँकि, लगातार बारिश और प्रतिकूल मौसम की स्थिति के कारण हमें अधिकारियों द्वारा सूचित किया गया है कि विमान उतर नहीं सकेगा। उन्होंने कहा, मैं वायनाड के लोगों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि हम जल्द से जल्द दौरा करेंगे। इस बीच, हम स्थिति पर बारीकी से नजर रखना जारी रखेंगे और सभी आवश्यक सहायता प्रदान करेंगे। इस कठिन समय में हमारी संवेदनाएं वायनाड के लोगों के साथ हैं। वायनाड जिले में मेप्पडी के पास भारी बारिश के कारण विभिन्न पहाड़ी इलाकों में मंगलवार तड़के भूस्खलन हुआ। इसमें 123 लोगों की मौत की खबर है। राहुल गांधी ने पिछली लोकसभा में वायनाड का प्रतिनिधित्व किया था। इस बार के लोकसभा चुनाव में भी वह रायबरेली के साथ वायनाड से निर्वाचित हुए थे, लेकिन उन्होंने केरल में आने वाले संसदीय क्षेत्र से इस्तीफा दे दिया। अब वायनाड से उपचुनाव में उनकी बहन प्रियंका गांधी वाद्रा कांग्रेस की उम्मीदवार होंगी।

## सार संक्षेप

### हादसे में युवक की मौत

**स्योहारा**: क्षेत्र के सद्दो बेरखा निवासी एक युवक की सड़क हादसे में हरिद्वार में मौत हो गई। युवक अपने दो दोस्तों के साथ ऋषिकेश घूमने गया था। प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम सद्दों बेरखा निवासी 35 वर्षीय कृष्ण कुमार पुत्र राजेंद्र सिंह अपने दो दोस्तों के साथ ऋषिकेश घूमने गया था। बताया जा रहा है कि सोमवार को जब वो लोग हरिद्वार में चंडी के पुल के पास उन्होंने अपनी बाइक रोकी जहां उसके दोनों साथी तो बाइक से उतर गये जबकि कृष्ण कुमार बाइक पर ही बैठा रहा तभी सामने से आ रही एक अनियंत्रित बाइक ने सामने से उसको आकर रौंद दिया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। मृतक के शव को लाकर कल ही उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया है। मृतक के परिजनों में मौत के बाद कोहराम मचा हुआ है तो साथ ही घटना को लेकर उनमें संशय भी बना हुआ है।

### धार्मिक स्थल तोड़ने में दो लोग गिरफ्तार

**नगीना**: थाना क्षेत्र के ग्राम खुशहाल नगर गढ़ी में शरारती तत्वों द्वारा शिवलिंग तोड़कर गायब करने के मामले ने पुलिस में गांव के ही दो लोगों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया। थाना क्षेत्र के ग्राम खुशहाल नगर गढ़ी में गांव के उत्तर की ओर देव स्थल बना हुआ है। शनिवार की रात देव स्थल के बराबर में बने शिवलिंग को किसी शरारती तत्व ने उखाड़ कर गायब कर दिया था। पुलिस तब से जी शरारती तत्वों की तलाश में लगी हुई थी। सोमवार को पुलिस ने गांव के दो लोगों को उठाया और उनसे पूछताछ की तो उन्होंने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया पकड़े गए लोगों ने अपना नाम कोमल सिंह पुत्र ओमप्रकाश 31 वर्ष व शमशेर अली उर्फ बिल्ला पुत्र लियाकत निवासी खुशालनगर गढ़ी बताया पकड़े गए दोनों लोगों का पुलिस ने संबंधित धाराओं में चालान कर दिया।

### दो पक्षों में चले लाठी-डंडे दर्जनों घायल

**नूरपुर**: थाना क्षेत्र के गांव राजा का ताजपुर में नाली के पानी विवाद को लेकर दो पक्षों में गाली गलौज व जमकर लाठी डंडे चले जिसमें दोनों पक्षों के महिलाओं समेत आधा दर्जन लोग घायल हो गए। बता दें कि राजा का ताजपुर के मोहल्ला खलियापार शिवनगर निवासी शंकर ने बताया कि उनके पड़ोसी मोहन, सोहन, सीता व धर्मवीर सैनी ने घर में घुसकर शंकर, सौरभ व सम्राट के ऊपर हमला कर दिया। बीच बचाव में आई गर्भवती ममता तथा सुधा पर आरोपियों ने लात घूसे बरसा दिए। शोर मचाने पर हमलावर मौके से फरार हो गए। पुलिस ने तहरीर मिलने पर जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### खेत से चारा लेने गये किसान की गर्मी से मौत

**नूरपुर**: थाना क्षेत्र के ग्राम गोहावर जेत निवासी नरेश कुमार 50वर्ष पुत्र धर्मपाल सिंह पशुओं के लिए अपने खेत में चारा लेने गया था। किसान तेज गर्मी की वजह से अचानक चक्कर खाकर गिर गया। परिजनों को खबर मिली तो आनन- फानन में खेत की तरफ दोड़े जहां उन्होंने नरेश कुमार को मृत पाया। उसकी मौत से परिवार वालों में कोहराम मच गया। कानूनी कार्रवाई के मृतक को अपने घर ले गये। जहां उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

## एच एस एस पब्लिक स्कूल में शिक्षक शिक्षिकाओं की कार्यशाला का किया गया आयोजन



**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी**
**अमरोहा**

**हसनपुर।** बुधवार को नगर के प्रगतिशील विद्यालय एच एस एस पब्लिक स्कूल में शिक्षक शिक्षिकाओं की कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य विषय नवीन शिक्षण पद्धतियां रहा, कार्यशाला का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य वरुण मोहन गुप्ता एवं प्रबंधक राजीव अग्रवाल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया, कार्यशाला की मुख्य वक्ता मिस आशिया शाहीन को पुष्प कुछ देकर सम्मानित किया गया, कार्यशाला में मुख्य रूप से समय के साथ-साथ तेजी से बदलती नई शिक्षण पद्धतियों के बारे में सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को अवगत कराते हुए उन्हें अपनी कक्षा में उपयोग करने पर विशेष बल दिया गया, कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य वरूनमोहन गुप्ता ने बताया कि विद्यालय समय पर इस तरह की कार्यशालाओं का आयोजन विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं के लिए आयोजित करता रहता है जिसे वर्तमान एवं भविष्य में विद्यालय के छात्र-छात्राओं को उच्चतम शिक्षा के साथ-साथ गुणवत्ता पूर्वक एवं नवीन शिक्षण पद्धतियों पर आधारित शिक्षा दी जा सके, इस मौके पर मुख्य रूप से विद्यालय के प्रबंधक राजीव अग्रवाल, आशुतोष अग्रवाल, वरुण मोहन गुप्ता, अंकुर कासीव, इल्मां, फातिमा, शुभ्रा, मोनिका, रितिका, कपिल आदि लोग मौजूद रहे, कार्यक्रम का संचालन थॉमस मैथ्यू द्वारा किया गया।

## नया ट्रांसफार्मर लगने के बाद चरमराई विद्युत व्यवस्था, व्यापारियों ने की नारेबाजी



**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी**
**अमरोहा**

**हसनपुर।** बुधवार को चरमराई विद्युत व्यवस्था से त्रस्त व्यापारियों ने नारेबाजी करते हुए एक्स ई एन ऑफिस पर पहुंचकर जोरदार हंगामा किया उसके बाद एक्स ई एन के ऑफिस पर न मिलने से नाराज व्यापारियों ने एसडीएम कार्यालय के बाहर पहुंचकर नारेबाजी की और बिजली विभाग द्वारा 3 दिन से हसनपुर के विद्युत उपभोक्ताओं को भीषण गर्मी में बिजली न देने से हो रही परेशानी को लेकर अवगत कराया, जिसका संज्ञान लेते हुए एसडीएम सुनीता सिंह ने एक्स ई एन को फोन पर जमकर हड़काया और जल्द विद्युत व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिए, इस संबंध में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल ने बताया कि विद्युत विभाग द्वारा 3 दिन से विद्युत विभाग द्वारा उपभोक्ताओं को भीषण गर्मी में विद्युत सप्लाई नहीं मिल रही है उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा सोमवार का दिन ट्रांसफार्मर बदलने के लिए निर्धारित किया गया था लेकिन 3 दिन गुजारने पर भी अभी तक विद्युत सप्लाई सुचारू नहीं हो पाई है जिससे गर्मी में लोग त्राहि त्राहि कर रहे हैं, उन्होंने बताया कि अधिकारी शासन की मंशा के विपरीत कार्य करके सरकार की छवि धूमिल करने का प्रयास कर रहे हैं जिसकी शिकायत जनप्रतिनिधि एवं मुख्यमंत्री तक से की जाएगी, इस मौके पर मुख्य रूप से अंकुर अग्रवाल, संदीप गुप्ता, कुलदीप अग्रवाल, मनोज गोयल, विवेक शर्मा, पोरुष अग्रवाल, अर्पण गुप्ता, मोहित अग्रवाल, पराग अग्रवाल, अमित अग्रवाल उर्फ निक्कू, राजकुमार अग्रवाल आदि सहित दर्जनों व्यापारी मौजूद रहे।

## शिवसेना जिला अध्यक्ष ने पुत्र के जन्मदिन पर दी पार्टी

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी**
**अमरोहा**



**हसनपुर।** बुधवार को नगर में शिवसेना जिला अध्यक्ष ने अपने पुत्र का जन्मदिन बड़े ही उत्साहपूर्वक मनाया और परिवार के लोगों को पार्टी दी, बता ते चले कि शिवसेना के जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश यादव के पुत्र जयंत यादव ने अपने नौ वे जन्मदिन पर केक काटकर सर्वप्रथम अपने पिता वेद प्रकाश यादव को खिलाया वह उसके बाद सभी परिवार के लोगों को खिलाया, वेद प्रकाश यादव द्वारा बुलाए गए सभी परिवार जनों ने जयंत यादव की लंबी उम्र एवं स्वास्थ्य की कामना की और आशीर्वाद स्वरूप उन्हें उपहार प्रदान किया।

## आरटीआई कार्यकर्ता ने दो लोगों पर लगाया जान से मारने की धमकी देने का आरोप



**हसनपुर।** बुधवार को राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं आरटीआई परिषद के जिला उपाध्यक्ष एवं सामाजिक कार्यकर्ता, आरटीआई एक्टिविस्ट विजय पारछा ने एक प्रार्थना पत्र हसनपुर कोतवाली में दिया है जिसमें उन्होंने सूचना के अधिकार के तहत पालिका में ठेके पर काम कर रहे लोगों की लिस्ट एवं जानकारी मांगने पर ठेकेदार के दो लोगों पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए कोतवाली प्रभारी को दिया है, इससे पूर्व एक प्रार्थना पत्र वह है पुलिस अधीक्षक अमरोहा को भी भेज चुके हैं, आरोपियों द्वारा जान से मारने की धमकी से अपनी जान को खतरा बताते हुए उन्होंने आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की उन्होंने मांग की है।

## जानलेवा हमला करने में सोनू को 10 साल की सजा

बिजनौर

**कस्बा** शेरकोट के ग्राम भगोता निवासी सोनू सिंह पुत्र मोहन सिंह ने चार जनवरी 2021 को दिन में 11 बजे जब उसकी चाची सुनीता उर्फ कमलजीत कौर अपने आंगन में बर्तन साफ कर रही थी तभी उसका भतीजा सोनू अपने हाथ में दरांती लेकर आया और उसने अपनी चाची सुनीता उर्फ कमलजीत कौर पर जानलेवा हमला करते हुए गर्दन में दरांती से हमला कर दिया। हमला इतना खतरनाक था कि इस दरांती से उसके बाएं हाथ के अंगूठा और उंगली तक कट कर अलग हो गए थे। इस मामले में थाना शेरकोट ने सोनू सिंह के खिलाफ अभियोग दर्ज कर जांच करते हुए आरोपी सोनू सिंह को गिरफ्तार करके हमले में शामिल हसिया बरामद कर उसे जेल भेज दिया था। पुलिस पूछताछ में आरोपी सोनू सिंह ने बताया कि वह अपनी चाची सुनीता उर्फ कमलजीत कौर को चाहता था लेकिन वह उसकी बात नहीं मानती थी। इसी बिनाह पर



आरोपी ने सुनीता उर्फ कमलजीत कौर पर जानलेवा हमला कर उसे रास्ते से हटाने का प्रयास किया था। अपर जिला जज राम अवतार यादव ने सुनीता उर्फ कमलजीत कौर पर किया जानलेवा हमले का दोषी पाते हुए सोनू सिंह को 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई और 27 हजार रुपए के अर्थदंड से भी दंडित किया और साथ ही साथ यह भी आदेश दिया कि यदि दोषी 27 हजार रुपए का जुर्माना अदा नहीं करता है तो उसको छह महीने के अतिरिक्त कारावास भी भुगतना होगा। लोक अभियोजक जितेंद्र पाल सिंह ने आरोपी को सख्त से सख्त सजा देने की मांग अदालत से की थी।

## बदमाशों ने बाइक सवार युवक से की लूट

**स्योहारा**: सोमवार की रात ठाकुरद्वारा रोड़ स्थित रामगंगा पुल के पास चार बदमाशों ने बाइक सवार एक युवक को रोक कर उससे मोटरसाईकिल, पांच हजार रुपये व मोबाईल लूट कर उसे एक पेड़ से बांध कर फरार हो गये। सूचना मिलने पर पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। एसपी पूर्वी, सीओ व एसओजी टीम ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई। सोमवार की देर रात्रि चमन सिंह पुत्र राम गोपाल सिंह निवासी ग्राम हरकिशनपुर थाना रेहड़ नूरपुर अपनी रिस्तेदारी से लौट कर आ रहा था। जैसे ही चमन ठाकुरद्वारा रोड़ स्थित रामगंगा पुल के निकट पहुंचा तो बाईक सवार चार बदमाशों ने डंडा मार कर बाइक गिरा दी। बदमाशों ने उसके पास से जेब में रखा मोबाइल, पांच हजार रुपये व उसकी बाईक लूट कर उसको एक पेड़ से बांधकर फरार हो गये। किसी तरह बंधन मुक्त हुये युवक ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही एसपी पूर्वी धर्म सिंह मार्छल, सीओ सर्वम सिंह व थाना प्रभारी जीत सिंह मौके पर पहुंचे और घटना स्थल का निरीक्षण किया। एसओजी टीम व पुलिस ने कई जगह की सीसीटीवी फुटेज भी देखी। पुलिस ने घटना के खुलासे के लिये कई टीम लगाई है।

## अलग-अलग दुर्घटनाओं में छह कांवड़िया घायल

### घायलों को कराया अस्पताल में भर्ती

नूरपुर/चांदपुर

**जनपद** के नूरपुर, हीमपुरदीपा और चांदपुर में अलग अलग दुर्घटनाओं में छह कांवडियां घायल हो गए। इन्हे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

**चांदपुर**: धनौरा मार्ग पर दरबाड़ा के पास हरिद्वार से गंगाजल जल लेकर अपने गंतव्य को जा रहे बुलंदशहर के गांव खुर्जा जंक्शन निवासी दो कांवड़िए बाइक की टक्कर से घायल हो गए। घायलों को सीएचसी स्याऊ में भर्ती कराया गया। हरिद्वार से गंगाजल लेकर अपने जनपद बुलंदशहर के मौजपुर थाना क्षेत्र के गांव खुर्जा जंक्शन निवासी प्रियांशु व विकास अपने आठ कांवड़ियों का एक समूह पैदल गोमुख से जल लेकर अपने गंतव्य के और जा रहा था। चांदपुर धनौरा मार्ग स्थित दरबाड़ा के पास पहुंचे एक बाइक ने कांवड़िया के टक्कर मार दी। जिसमें दो कांवड़िया घायल हो गए सीएचसी में भर्ती कर दिया गया। वही



दूसरी घटना छाछरी मोड़ के निकट कांवड़िया की अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें जनपद अमरोहा के खुशालपुर निवासी कांवड़िया मुकेश कुमार पुत्र छत्रपाल, टीटू पुत्र विनोद कुमार घायल हो गए। दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्याऊ भर्ती कराया। जहां नाजुक हालत देखते हुए बिजनौर भेज दिया। बिजनौर से दोनों घायलों को मेरठ रेफर कर दिया। तीसरी घटना जनपद बुलंदशहर के गांव भमेड़ा किरत निवासी उत्तम सिंह पुत्र महिपाल सिंह अपने साथियों के साथ हरिद्वार से गंगाजल लेकर आ रहा था। जैसे ही क्षेत्र के मसीत तिराहे पर पहुंचा तो भीषण गर्मी के कारण कांवड़िया बुखार आ गया। कांवड़िया को चक्कर आ गए और सड़क पर गिर गया। मौके पर 108 एंबुलेंस पहुंची और बेहोशी हालत में समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। चिकित्सक ने कांवड़िया को बिजनौर रेफर कर दिया।

**नूरपूर**: 36 कांवड़ियों का जत्था संभल से हरिद्वार जल देने के लिए जा रहे थे। बाइक पर सवार दो कांवड़ियें विकास पुत्र अतर सिंह, अर्जुन पुत्र अतर सिंह निवासी ग्राम गुलड़िया कला थाना कूढ फतेहगढ़ जनपद संभल रास्ता भटक गये। थाना क्षेत्रांतर्गत अमरोहा रोड पर अन्य कंवड़ियों के ट्रैक्टर से टकरा गए , स्थानीय पुलिस द्वारा घायल दोनों कांवड़ियों को सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद विकास व अर्जुन को कॉसमॉस हॉस्पिटल मुरादाबाद के लिए रेफर कर दिया गया। परिजनों को सूचित कर दिया गया। थाना प्रभारी अजीत रोरिया ने बताया है कि दोनों तरफ से अभी कोई भी प्रार्थना पत्र नहीं मिला। प्रार्थना पत्र मिलने के बाद ही कार्रवाई को आगे बढ़ाया जाएगा।

## दो दिन पूर्व लापता हुई किशोरी का मिला शव

### किशोरी का शव मिलने से परिजनों में कोहराम मच गया

शेरकोट

**मंगलवार** को खो नदी में एक युवती का शव तैरते देख इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को नदी से निकलवाकर उसकी शिनाख्त कराई। मृतका की पहचान उसके पिता ने अपने अपनी पुत्री खुशबू सैनी के रूप में की।

गौरतलब है कि थाना क्षेत्र के गाँव हाफिजाबाद निवासी सत्यदेव सैनी की करीब 15 वर्षीय पुत्री शेरकोट ट्यूशन पढ़ने आई थी लेकिन घर वापस नहीं लौटी। किशोरी के घर वापस नहीं लोटने पर परिजनों में हड़कम्प मच गया था। हर सम्भव स्थान पर युवती का पता नहीं चलने की दशा में पुलिस को तहरीर देकर अपनी पुत्री की अपहरण किये जाने की आशंका जताई थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर



घटना स्थल पर जमा भीड़।

कार्यवाही शुरू कर दी थी। सोमवार को पुलिस ने मोबाइल लोकेशन के आधार पर मोबाइल और पुस्तकें बरामद कर ली थी। पुलिस ने किशोरी का शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शेरकोट थाना क्षेत्र के गांव हाफिजाबाद निवासी सत्यदेव सिंह सैनी की करीब 15 वर्षीय पुत्री खुश्बू रविवार को शेरकोट के हरेवली चौराहा स्थित एक कोचिंग सेंटर पर ट्यूशन पढ़ने आई थी। जब वह घर नहीं लौटी तो परिजनों को चिन्ता हुई। परिजनों ने हर सम्भव स्थान पर तलाश करने के बाद पुलिस को तहरीर देकर पुत्री को बरामद किए जाने की मांग की। पुलिस ने कारवाई करते हुए सोमवार को मोबाइल लोकेशन के आधार पर खो नदी से मोबाइल व पुस्तकें बरामद कर ली थी। पुलिस ने मंगलवार को किशोरी का शव भी खो नदी से बरामद कर लिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। थानाध्यक्ष धीरज सिंह नागर ने बताया कि अग्रिम कार्रवाई पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद की जाएगी।

## हाल चाल पूछने पर ही दबंगों ने पीटा युवक घायल

**नूरपूर**: हाल चाल पूछने पर एक व्यक्ति के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देते हुए दो व्यक्ति फरार हो गये। क्षेत्र के गांव अब्दुलापुर दहाना निवासी बालू सिंह पुत्र छुटवा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका बेटा टीटू अपने घर पास बैठा था। गांव के रहने वाले विक्की पुत्र चन्द्रपाल सिंह एवं विनित वहां से गुजर रहे थे। जैसे ही टीटू ने उनसे हालचाल पूछा तो विक्की और विनित उसके साथ अभद्रता करने लगे जब टीटू ने इसका विरोध किया तो उपरोक्त दोनों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर की तथा जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से फरार हो गये। घायल के पिता ने थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ अभियोग पंजीकरत कराया है थाना प्रभारी अमित रोरिया ने मुकदमा दर्ज होने कि पुस्टि कि है।

## थमने का नाम नहीं ले रहा चेयरमैन व सभासदों के बीच विवाद



धामपुर

**अफजलगढ़** नगर पालिका अध्यक्ष तथा सभासदों के बीच हुआ विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। विपक्षी सभासदों ने धामपुर स्थित एएसपी पूर्वी कार्यालय में पहुंचकर अपने बयान दर्ज कराए। एएसपी पूर्वी ने पूरे मामले की जांच कर कार्यवाही की बात कही है। विगत 18 जुलाई को अफजलगढ़ नगर पालिका कार्यालय में बोर्ड बैठक के दौरान हंगामा हो गया था। इस बाबत पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही न करने के विरोध में सोमवार को एक दर्जन से अधिक सभासदों ने एसपी कार्यालय बिजनौर पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई थी। सभासदों ने बताया कि एसपी बिजनौर ने एएसपी पूर्वी धामपुर के यहां पहुंचकर सभी सभासदों से अपने बयान दर्ज करने को कहा था। इस आधार पर एक दर्जन से अधिक सभासद एएसपी पूर्वी कार्यालय में अपने बयान दर्ज कराने आए। इस दौरान शाहिद हुसैन, मोहम्मद अली, बेबी देवी, शाहीन खातून, जुबेर आदि अनेक सभासद रहे।

## जल निगम इंजीनियर सहित 17 मिले अनुपस्थित

### निरीक्षण के दौरान बहुत से कक्ष मिले बंद

### डीएम ने अफसरों का वेतन रोकने और कर्मचारियों का काटने के दिए आदेश

बिजनौर

**डीएम** ने जल निगम कार्यालय का निरीक्षण किया। इंजीनियर सहित 17 कर्मी व अफसर अनुपस्थित मिले। इनमें से अफसरों का वेतन रोकने और कर्मचारियों का एक दिन का वेतन काटने के आदेश सीडीओ को दिए।

मंगलवार को डीएम अंकित कुमार अग्रवाल ने कार्यालय अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण बिजनौर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय राकेश चौधरी अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण, शुभम सक्सैना सहायक अभियन्ता, अकबर हसन सहायक अभियन्ता, एम अली अवर अभियन्ता, भारत सिंह अवर अभियन्ता, स्वामीनाथन कौशल सहायक अभियन्ता, अक्षय कुमार



सहायक अभियन्ता स्वच्छ पेयजल मिशन, अंकित कुमार अवर अभियन्ता स्वच्छ पेयजल मिशन, राहुल यादव अवर अभियन्ता स्वच्छ पेयजल मिशन, संदीप पटेल अवर अभियन्ता स्वच्छ पेयजल मिशन, अनुराधा भारती वरिष्ठ सहायक, मोहित शर्मा कनिष्ठ सहायक, सरल शर्मा लेखा लिपिक, दिलवर सिंह चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी, आउटसोर्सिंग कर्मचारी विकास कुमार राजपूत कैमिस्ट, अमित कुमार लैब असिस्टेन्ट, सचिन कुमार डाटा एन्ट्री आपरेटर अनुपस्थित पाये गये।

निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियन्ता कक्ष, सहायक अभियन्ता कक्ष, सगंणक कक्ष, लेखा कक्ष, सामान्य अनुभाग कक्ष बन्द पाये गये। लैब कक्ष, बिल अनुभाग तथा एक अन्य कक्ष खुला पाया गया, जिसमें कार्मिक उपस्थित थे। कार्यालय परिसर में काफी गन्दगी पाई गई, झाड़ घास-फूस उगी हुई है, जिसको काफी समय से साफ नहीं कराया गया है। कार्यालय कक्षों के बाहर बरामदे आदि में निष्प्रयोज्य सामान पड़ा हुआ पाया गया, जिसका निस्तारण नहीं किया गया है। बिल कक्ष व अन्य कक्षों में अभिलेख बेतरतीब ढंग से रखा हुआ है, जिसका सही प्रकार से रखरखाव नहीं किया जा रहा है, जो संतोषजनक नहीं है। लैब के निरीक्षण करते हुए पाया गया कि मानक के अनुरूप सैंपल टेस्टिंग नहीं की जा रही है, जबकि पूछताछ करने पर बताया गया कि प्रतिमाह 250 से 300 टैस्ट किये जाने का मानक है। उपस्थित कार्मिकों द्वारा बताया गया कि वार्षिक आडिट की वजह से टेस्टिंग का कार्य धीमा चल रहा है। यह स्थिति संतोषजनक नहीं है। ऐसा प्रतीत होता है कि अधिशासी अभियन्ता जल निगम द्वारा लैब का समुचित ढंग से पर्यवेक्षण नहीं किया जा रहा है। जल निगम के कार्यों के सतत पर्यवेक्षण में शिथिलता के कारण जल निगम ग्रामीण के कार्यों में गतिशीलता के दृष्टिगत 13 दिसंबर 2023 को आहूत बैठक में अधिशासी अभियन्ता एवं अवर अभियन्तागण के वेतन रोकने के निर्देश दिये गये थे, परन्तु इसके उपरान्त भी कोई सुधार दृष्टिगोचर नहीं हुआ है। जिलाधिकारी द्वारा निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को अनुपस्थित मानते हुए इनके एक दिन के वेतन आहरण पर रोक लगाई गई है। उन्होंने सीडीओ को निर्देश दिए कि इनके स्पष्टीकरण प्राप्त कर अग्रिम कार्रवाई कराने के लिए आख्या उपलब्ध करायें।

## पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़, तीन गिरफ्तार

, नजीबाबाद

**नजीबाबाद** पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान तीन लुटेरों को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ में पुलिस के रोकने पर बदमाशों ने पुलिस पार्टी पर ही फायरिंग कर दी। जिसमें एक बदमाश के पैर में गोली लगी, जिससे वह घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने आरोपियों के पास से लूट की एक अपाची मोटरसाइकिल और फोन, दो तमंचे, कारतूस बरामद किए। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया, जबकि एक बाल अपचारी को भी पुलिस अभिरक्षा में लिया गया।

नजीबाबाद पुलिस को सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के गढ़मलपुर डैम पर चार अज्ञात बदमाशो द्वारा एक व्यक्ति से एक फोन और बाइक छीन ली और बदमाश बाइक से फरार हो गए, जिसके बाद पुलिस ने महावतपुर डैम व समीपुर नहर पर चेकिंग अभियान चलाया, इसी दौरान तीन बाइक सवारों को पुलिस ने रोकने का प्रयास किया तो वह बाइक छोड़ जंगल की ओर भागने लगे, पुलिस टीम द्वारा उनका पीछा किया गया तो बदमाशों ने पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी, पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक



**पुलिस ने बदमाशों के पास से लूटी हुई बाइक, फोन और तमंचे किए**

बदमाश के दाहिने पैर में गोली लगी, जिसको घायल अवस्था में पुलिस हिरासत में लिया गया तथा इसके एक अन्य साथी व बाल अपचारी को भी पुलिस हिरासत में लिया। बदमाशों के कब्जे से लूटी गई मोटरसाइकिल, दो तमंचा 315 बोर, दो खोखा कारतूस 315 बोर व तीन जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद किये। घायल बदमाश ने अपना नाम आयान पुत्र दिलशाद निवासी मौहल्ला रमपुरा बताया, तथा अपने साथियों का नाम शादान पुत्र मौ. यूनुस निवासी ग्राम हर्षवाड़ा बताया, इनके साथी बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया है।

घायल आयान को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। पकड़े गए बदमाशो ने पुलिस पूछताछ में बताया कि उनके द्वारा अपने एक अन्य साथी हमजा पुत्र इरफान निवासी मौहल्ला महल सराय कस्बा व थाना नजीबाबाद के साथ मिलकर गढमलपुर डैम के पास एक व्यक्ति से बाइक व मोबाइल फोन छीना था। पकड़े गए बदमाशों के पास से मिली बाइक भी लूट की है तथा लूट का मोबाइल अन्य साथी हमजा उपरोक्त के पास है, दो दिन पूर्व भी उक्त बदमाशों ने एक लूट की घटना करने का प्रयास किया था लेकिन सफल नही हुए थे। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई रामवीर शर्मा, एसआई सौरभ सिंह, एसआई कय्यूम अली, हैड. कांस्टेबल सहदेव व टेक चंद, कांस्टेबल विवेक, अंकित, रजत, रोहित, सीताराम आदि शामिल रहे।

# अंबाला

## सार संक्षेप

### मुरलीधर स्कूल में हुआ इको फ्रैंडली सस्टेनेबल इंडिया प्रदर्शनी का आयोजन


प्रदर्शनी का अवलोकन करते मुख्यातिथि एवं प्रधानाचार्य।

**अंबाला शहर :** मुरलीधर डीएवी स्कूल के प्रांगण में सोमवार को इको फ्रैंडली सस्टेनेबल इंडिया प्रोजेक्ट के नाम पर एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के नौवीं कक्षा के छात्रों ने मिलकर यह दिखाया कि कैसे हम पर्यावरण का संरक्षण कैसे कर सकते हैं। इस कार्यक्रम में प्रिंसिपल डॉ राधा रमन सूरी व मुख्य अतिथि मोहित सहगल जो एक जाने-माने वकील है और स्कूल के पूर्व विद्यार्थी भी हैं कार्यक्रम में मौजूद रहे। मुख्य अतिथि का स्वागत प्रिंसीपल आर आर सूरी द्वारा पौधा देकर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अंशु गुप्ता, सुदेश शर्मा व डॉ विनीता महाजन द्वारा की गई। प्रदर्शनी की शुरूआत एक पर्यावरण संरक्षण वाले नृत्य से हुई। जिसमें विद्यार्थियों द्वारा पेड़ न काटने का सुंदर संदेश दिया गया। माधुरी शर्मा द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। प्रिंसीपल व मुख्य अतिथि ने प्रदर्शनी को देखा और विद्यार्थियों द्वारा गो ग्रीन, एवरी एक्शन काउंट्स, रीडयूज, रीयूज, रिसाइकिल जैसे सुंदर संदेशों की सराहना की। प्रिंसीपल ने अपने आशीर्वचनों से विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया और बताया कि अभी तक हमने ग्लोबल वार्मिंग सुनी व देखी है पर अब हम ग्लोबल हिटिंग का सामना कर रहे है। इस समस्या के समाधान के लिए प्रत्येक विद्यार्थी को अपने घर के आस-पास एक-एक पेड़ लगाना चाहिए।

### शिव महापुराण की कथा में बताया गया आत्म तत्व अर्थात शिव तत्व को प्रकट करने का रहस्य : स्वामी कैलाश स्वरूपानंद


कार्यक्रम में उपस्थित भक्तजन।


कार्यक्रम में भगवान शिव की कथा का वर्णन करते संत महाराज।

**अंबाला शहर :** अंबाला शहर के दुर्गा नगर स्थित शिव मंदिर में संत सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पहुंचे सभी संतों ने भगवान शिव की महिमा का सुंदर वर्णन किया। कार्यक्रम से पूर्व समाजसेवी नवरतन भार्गव के निवास स्थान पर संतों का भव्य स्वागत कर भक्तों द्वारा ढोल नगाड़े बजाते हुए बम-बम भोले की जयकारे लगाते हुए पुष्प वर्षा के साथ एक शोभायात्रा जोकि कथा स्थल दुर्गा नगर शिव मंदिर पहुंची, जहां पर मंदिर कमेटी के सदस्यों द्वारा संतों का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम भगवान शिव को माल्यार्पण कर ज्योति प्रज्वलित की गई। मंदिर के पुजारी पण्डित रविन्द्र नाथ तिवारी द्वारा मंत्र उच्चारण किया गया। कार्यक्रम के समापन पर मंदिर कमेटी से रविन्द्र वर्मा ने संतों व भक्तों के प्रति आभार व्यक्त किया। पश्चात ओम-जय शिव ओंकारा आरती के साथ कार्यक्रम का भव्य समापन किया गया।

### महावीर सत्संग सभा ने जरूरतमंद 125 परिवारों को किया राशन वितरित : सुदंर ढींगरा


अंबाला शहर के काजीवाड़ा स्थित महावीर सत्संग सभा में आयोजित राशन वितरण कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

**अंबाला शहर :** अंबाला शहर के काजीवाड़ा स्थित महावीर सत्संग सभा में 125 जरूरतमंद लोगों को राशन वितरण किया गया। इस मौके पर महावीर सत्संग सभा के सदस्य सुंदर ढींगरा ने बताया कि महावीर सत्संग सभा द्वारा चैरिटेबल डिस्पेंसरी और महावीर सत्संग सभा की ओर से हर महीने राशन का वितरण की सेवा की जा रही है। इसी कड़ी में सोमवार को जरूरतमंद परिवारों को राशन वितरण करने का कार्यक्रम किया गया था। उन्होंने बताया कि यह संस्था एक निष्काम भाव से सेवा करने के लिए प्रतिबंध है। सभा पिछले कई वर्षो से आर्थिक तौर पर कमजोर लोगों की मदद कर रही है और अब तक संस्था ने हजारों लोगों की समस्याओं का निवारण किया है। महावीर सत्संग सभा ने आर्थिक तौर पर बीमार मरीजों के उपचार का खर्च उठाने के अलावा प्राकृतिक आपदाओं के कारण बेघर परिवारों तथा स्कूली बच्चों को वर्दियां, किताबे, बारिश के सीजन में किसी जरूरतमंद घर बनाने, जरूरतमंद कन्याओं की शादी करवाने, भंडारा लगाने व बीमारी से परेशान जरूरतमंद लोगों की दवाइयों का खर्च आदि उठाने में पूरी तरह से सक्षम है। संस्था निरंतर समाजसेवा से जुड़े कार्य भी कर रही है। इस राशन वितरण कार्यक्रम में सभा के सदस्य कृष्ण लाल छाबड़ा, जयप्रकाश, इंद्र मलिक, चमन कालड़ा, सुरेंद्र शर्मा, डॉ. महेंद्र ढींगरा व महिला सदस्य भी विशेष रूप से शामिल हुई।

### 9वीं सदाबहार गीतों की सुरमई शाम एक शाम रफी के नाम 31 जुलाई को : गुलाटी


डॉ नवीन गुलाटी।

**अम्बाला छावनी :** अम्बाला म्यूजिकल क्लब द्वारा लगातार 9वीं बार सदाबहार गीतों से सजी सुरमई शाम ह्लएक शाम रफी के नामह्व का आयोजन किया जा रहा है। क्लब चेयरमैन डॉ नवीन गुलाटी ने जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय संगीत जगत के अमर सितारे मोहम्मद रफी की पुण्य तिथि पर अम्बाला म्यूजिकल क्लब द्वारा 31 जुलाई दिन बुधवार को अंबाला छावनी के सेंट्रल फिनिक्स क्लब के सामने जिया वाटिका में सुरों से सजी शाम का आयोजन शाम 5:00 बजे किया जाएगा, जिसमें सदाबहार गीतों के माध्यम से महान गायक मोहम्मद रफी को याद किया जाएगा एवम उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। अम्बाला म्यूजिकल क्लब के बेहतरीन गायक जिनकी गायकी के चर्चे हर जगह हैं, वे सभी गायक इस कार्यक्रम में अपनी सुरमई प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम को आयोजित करने का उद्देश्य अंबालावासियों के दिलों में अमर गायकों के गाए हुए सदाबहार गीतों को ज़िंदा रखना है। 31 जुलाई को आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में सभी संगीत प्रेमियों का निःशुल्क स्वागत है।

## 18 साल से कम उम्र के बच्चे को वाहन चलाने की इजाजत देने वाले माता-पिता को तीन साल की जेल होगी




सेमिनार के विभिन्न चित्र

**ब्यूरो चीफ राजिंदर कुमार**
**अमृतसर 31 जुलाई 2024--** एडीजीपी यातायात, श्री ए.एस. राय और एस. रणजीत सिंह ढिल्लों के निर्देशन में पुलिस कमिश्नरेट अमृतसर, एडीसीपी ट्रैफिक श्री हरपाल सिंह के मार्गदर्शन में, ट्रैफिक एजुकेशन सेल के प्रभारी एसआई दलजीत सिंह और उनकी टीम ने एलेक्जेंड्रा स्कूल, अमृतसर में एक ट्रैफिक सेमिनार आयोजित किया, जिसमें बच्चों को नये कानून के बारे में जागरूक किया गया , जिसमें 18 वर्ष से कम उम्र का बच्चा किसी भी प्रकार का वाहन नहीं चला सकता है . सेल के प्रभारी दलजीत सिंह ने बताया कि लाइसेंस 16 साल में बनाया जाना है, जिसमें बच्चे केवल 50 सीसी तक ही वाहन चला सकते हैं। अगर 18 साल से कम उम्र का बच्चा किसी भी तरह का वाहन चलाते हुए पकड़ा गया तो उसके माता-पिता पर 25000 रुपये का जुमार्ना और 3 साल की जेल हो सकती है. इसके अलावा गाड़ी की आरसी सस्पेंड की जा सकती है और बच्चे का 25 साल की उम्र तक लाइसेंस भी नहीं बनेगा. इस सेमिनार में बच्चे के माता-पिता भी मौजूद थे , जिन्होंने इस सेमिनार में बहुत अच्छा रिस्पॉन्स दिया। उन्होंने कहा कि स्कूल और प्रशासन की यह बहुत अच्छी पहल है. इसके अलावा वर्सा ने ट्रैफिक पुलिस के लोगों को जागरूक करने के प्रयास पर संतोष व्यक्त किया , जो बहुत अच्छा है. इस मौके पर प्रिंसिपल श्रीमती सुमन जेनेट एंजल्स और शिक्षक भी मौजूद थे.

## प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत लाभ प्राप्त करने के लिए ईकेवाईसी आयोजित की जानी चाहिए – मुख्य कृषि अधिकारी

**विशेष अभियान 15 अगस्त 2024 तक चलाया जा रहा है**


मुख्य कृषि अधिकारी अमृतसर एस. तजिंदर सिंह

**डिप्टी ब्यूरो दलजीत कुमार बिट्टू**
**अमृतसर 31 जुलाई 2024--** मुख्य कृषि अधिकारी अमृतसर तजिंदर सिंह ने कहा कि भारत सरकार के निदेर्शानुसार प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत अधिक से अधिक किसानों को प्रति वर्ष 2000 रुपये की तीन किश्तें दी जानी हैं. किसान पोर्टल पर पंजीकरण की प्रक्रिया हो चुकी है और किश्तों का लाभ मिलना बंद हो गया है। उन किसानों को इस योजना की अगली किस्त प्राप्त करने के लिए ई-केवाईसी (ी-ङउ) कराना अनिवार्य है . लाभार्थी किसानों का ईकेवाईसी पूरा नहीं होने के कारण पिछली किस्त जारी नहीं की गई थी। वे अपने नजदीकी कॉमन सर्विस सेंटर पर जाकर बायोमेट्रिक पद्धति से या पीएमकिसान मोबाइल ऐप के जरिए भी ईकेवाईसी करा सकते हैं। इसके अलावा इस योजना का लाभ लेने के लिए भूमि बीजारोपण भी अनिवार्य हो गया है। इसलिए ईकेवाईसी कराने के बाद भी किसानों को इस योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है. उन्हें अपना आधार कार्ड और जमीन की जमाबंदी/फर्द हकीकत की प्रति संबंधित प्रखंड कृषि कार्यालय में जमा करानी चाहिए ताकि उनकी जमीन की बुआई के लिए आवश्यक प्रक्रिया पूरी की जा सके।

## उपायुक्त ने बस स्टैंड में साझी रसोई का उद्घाटन किया

**10 रुपये में मिलेगा पौष्टिक भोजन**

**(ब्यूरो चीफ राजिंदर कुमार )- अमृतसर , 31 जुलाई।** डिप्टी कमिश्नर श्री घनशाम थोरी ने रेड क्रॉस के नेतृत्व में ईएमसी अस्पताल अमृतसर और शहीद बाबा दीप सिंह जी निष्काम जल सेवा सोसायटी के सहयोग से पार्किंग स्थल पर जरूरतमंद लोगों को दोपहर का भोजन उपलब्ध कराया। स्थानीय बस स्टैंड पर 10 रुपये में भोजन परोसने के लिए एक साझा रसोई शुरू की गई। इस अवसर पर श्री थोरी ने शहर की समाज सेवी संस्थाओं और दानदाताओं का धन्यवाद करते हुए कहा कि ऐसे लोगों की मदद से रेड क्रॉस अब राहगीरों, श्रमिकों और अन्य जरूरतमंद लोगों को 10 रुपये में स्वच्छ और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराएगी. जिसमें दाल , सब्जी , चावल और रोटी आदि शामिल होंगे.उन्होंने कहा कि इससे पहले श्री गुरु नानक अस्पताल और सिविल अस्पताल अमृतसर में साझी रसोई में सस्ता खाना मुहैया करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अमृतसर में, जहां श्री गुरु रामदास जी का लंगर 24 घंटे चल रहा है , रेड क्रॉस की मदद से शहर के विभिन्न स्थानों पर जरूरतमंद लोगों को सस्ती दरों पर पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है शहर के समाजसेवियों ने बहुत योगदान दिया है। इस अवसर पर उन्होंने ईएमसी अस्पताल के डॉ. पवन अरोड़ा और बाबा दीप सिंह निष्काम सेवा सोसायटी को उनके सहयोग के लिए विशेष रूप से धन्यवाद दिया। इस अवसर पर रेड क्रॉस और कार्यकारी सचिव श्री सैमसन मसीह , बाबा दीप सिंह निष्काम जल सेवा सोसायटी के पदाधिकारी फुलविंदर सिंह , मनजिंदर सिंह और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

## शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी का लापरवाह क्लर्क मुआतल



**डिप्टी ब्यूरो दलजीत कुमार बिट्टू**
**अमृतसर 31 जुलाई 2024--** डिप्टी कमिश्नर श्री घनशाम थोरी द्वारा कल की गई सिफारिश पर कार्रवाई करते हुए निदेशक स्थानीय सरकार ने राया के क्लर्क श्री ओंकार सिंह को निलंबित कर दिया है, जिन्होंने शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के चुनावों के लिए मतदाता पंजीकरण के मुद्दे पर लापरवाही बरती थी। उल्लेखनीय है कि कल ही उपायुक्त श्री थोरी ने मतदाता पंजीकरण के मामले में उक्त क्लर्क की लापरवाही का जिक्र करते हुए निदेशक स्थानीय निकाय को पत्र लिखा था और उसकी लापरवाही से अवगत कराया था. आज निदेशक स्थानीय निकाय श्री उमा शंकर गुप्ता ने श्री उंकार सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है तथा कार्यवाहक अधिकारी राईया को इस संबंध में नगर परिषद वित्त प्रस्ताव पारित करने के निर्देश दिये हैं।

## विशाल ब्राह्मण महाकुंभ को सफल बनाने के लिए ब्रह्मवाहिनी नेकी बैठक


बैठक के दौरान राष्ट्रीय परशुराम सेना ब्रह्मवाहिनी के पदाधिकारी।

**अम्बाला छावनी :** राष्ट्रीय परशुराम सेना ब्रह्मवाहिनी हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष जंगशेर शर्मा ने 15 सितंबर 2024 को होने वाले विशाल ब्राह्मण महाकुंभ को सफल बनाने के लिए ईदगाह रोड अंबाला छावनी कार्यालय में पदाधिकारियों की मीटिंग जिला महासचिव तुषार कौशिक, जिला उपाध्यक्ष महिला रीटा दुबे की अध्यक्षता में बुलाई । जंगशेर शर्मा ने बताया मीटिंग में सभी पदाधिकारीयों को संगठन व समाज हित में आगे बढ़कर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित विमल तिवारी अपनी राष्ट्रीय कार्यकारिणी सहित पहुंचेंगे। इस अवसर पर प्रदेश कोषाध्यक्ष फूलचंद शुक्ला, जिला संरक्षक कुलभूषण पाराशर, जिला मुख्य महासचिव राकेश शर्मा, जिला महासचिव लखनपाल शर्मा , जिला उपाध्यक्ष सुशील शर्मा (शैली) अम्बाला छावनी, उपाध्यक्ष अमित शर्मा,विद्या प्रकाश शर्मा, संजय शर्मा, जिला सचिव अशोक भारद्वाज,जिला प्रवक्ता मनोज शर्मा, अमित कुमार,अम्बाला छावनी उपाध्यक्ष अमित शर्मा, प्रचार मंत्री राजकुमार मिश्रा,अमित शर्मा,खतोली गऊशाला अध्यक्ष देवी लाल शर्मा, कोर्डिनेटर राजिंदर कौशिक, तरसेम पाल, रिंकी भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे ।

## पार्थ गुप्ता ने संभाला अंबाला के उपायुक्त का कार्यभार


नवनियुक्त उपायुक्त पार्थ गुप्ता को गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी देते पुलिस जवान

**अंबाला शहर :** अंबाला के नवनियुक्त उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने सोमवार को अम्बाला में उपायुक्त का कार्यभार संभाल लिया है। लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में पंहुचने पर अतिरिक्त उपायुक्त अपराजिता, एसडीएम दर्शन कुमार, एसडीएम सतिन्द्र सिवाच, एसडीएम अश्विनी मलिक, एसडीएम यश जालुका, नगराधीश विश्वजीत सिंह, सीईओ जिला परिषद् नवीन आहुजा व अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ देकर उनका स्वागत किया। इससे पहले महिला पुलिस की टुकड़ी ने उपायुक्त को गार्ड ऑफ ऑनर की सलामी भी दी। यहां बता दें कि पार्थ गुप्ता इससे पहले अतिरिक्त सीईओ मैट्रो पॉलिटियन डिवैल्पमैंट अथॉरिटी फरीदाबाद व स्मार्ट सिटी लिमिडेट फरीदाबाद में कार्यरत थे और स्थानान्त्रण होने उपरांत उन्होंने आज अम्बाला में उपायुक्त का पदभार संभाल लिया है। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने कहा कि सरकार द्वारा क्रियान्वित योजनाओं का लाभ लोगों को और बेहतर तरीके से मिले, इसको ध्यान में रखकर कार्य किए जायेंगे। जिले में जो भी विकास कार्य एवं परियोजनाएं चल रही हैं उन्हें भी तेजी से करवाने का काम किया जायेगा।

## एलएम रविंद्र कुमार सैनी की गलत बदली के विरोध में बिजली कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन


प्रदर्शन करते बिजली कर्मी

अम्बाला छावनी, जुलाई : सोमवार को अंबाला सर्किल में नारायणगढ़ सब डिविजन के एलएम रविंद्र कुमार सैनी की गलत बदली के विरोध में चल रहा विरोध प्रदर्शन अपने अगले पड़ाव में पहुंच चुका है। सर्किल सचिव राज कुमार सेहला द्वारा एस ई महोदय को दिए गए नोटिस के अनुसार आज अंबाला सर्किल के अधीन सभी बिजली दफ्तरों में दो घंटे का विरोध प्रदर्शन किया गया ।

नारायणगढ़ में यह प्रदर्शन बारहवें दिन और अंबाला सिटी और कैंट में तीसरे दिन हो रहा है अभी यह प्रदर्शन सब डिविजन स्तर पर हो रहा है। इस दौरान राज कुमार सर्किल सचिव शहर यूनिट प्रधान सुदेश कुमार, सचिव रविंद्र कुमार, कैंट यूनिट प्रधान सतबीर देशवाल, सचिव सोनू यादव अपनी अपनी सब डिविजन के कर्मचारियों सहित विरोध प्रदर्शन में भाग लिया।

नारायणगढ़ यूनिट के प्रधान बालिंदर कुमार यूनिट सचिव राजेश कुमार ने नारायण गढ़ डिविजन कार्यालय में कर्मचारियों को संबोधित किया और विभाग के आला अधिकारियों और हरियाणा सरकार से यही मांग है कि रविंद्र कुमार एलएम की बदली अनुचित और द्वेष भावना से की गई है।

एच एस ई बी वर्कर यूनियन सी एम साहब हरियाणा से भी अपील करती है यह गलत कारवाई आपके हल्के में हो रही है। इस दौरान कोई भी सामाजिक और औद्योगिक अशांति होती है तो उसकी जिम्मेदारी विभाग के आला अधिकारियों की होगी।

## बच्चों द्वारा निभाए गए किरदारों से जुड़े सभी सहायकों का हमारे समाज के लिए बहुत बड़ा योगदान : डॉ. कोहली

- हमारे सहायक कार्यक्रम के अंतर्गत यूकेजी के बच्चों ने निभाई विभिन्न किरदारों की भूमिका

अंबाला शहर, जुलाई : अंबाला शहर के पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल में सोमवार को नर्सरी विंग में एक कार्यक्रम हमारे सहायक (अवर हेल्परस) विषय पर आयोजित कार्यक्रम के अंतर्गत छोटे-छोटे बच्चों ने अपनी प्रतिभा को बेहतर प्रदर्शन किया। इस दौरान यूकेजी के बच्चों ने विभिन्न किरदारों में सजकर इस कार्यक्रम में भाग लिया। बच्चों द्वारा डॉक्टर, नर्स, पुलिस, ट्रैफिक पुलिस, फौजी, टीचर, एडवोकेट, फायरमैन, एयर होस्टेस और किसान आदि के किरदार निभाए गए। बच्चों का जोश और उत्साह देखते ही बनता था। इस मौके पर स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. विकास कोहली ने बच्चों द्वारा प्रदर्शित कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए विजेता रहे बच्चों को पुरस्कार देकर उनका उत्साह व जोश बढ़ाया, वहीं डॉ. कोहली ने कहा कि बच्चों को भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रमों में भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते रहना चाहिए। इस कार्यक्रम में आयन, वैभव, साहबजीत, संचिता, माधव, ध्रुव, माधव अग्रवाल, रियांश अग्रवाल, कृतिका, आरव मेंहदीरत्ता, अन्वी, अबीर सैनी, एदविक खरबंदा, निर्वैर, परनवी, दनिशा, युवान जंसी, अरलीन, अनमीत, अगमजोत सिंह, व भूवी सहित आदि बच्चों द्वारा बेहतर ढग से भूमिका निभाने पर प्राचार्या डॉ. विकास कोहली द्वारा सम्मानित किया गया।


कार्यक्रम में विजेता रहे बच्चों के साथ प्राचार्य डॉ. विकास कोहली।

## दिल्ली और पंजाब के बाद हरियाणा में चलेगी झाड़ू : करणवीर लौट


कार्यकताओं को संबोधित करते जिलाध्यक्ष करणवीर सिंह लौट

**अंबाला शहर :** अंबाला में आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष करणवीर लौट ने सोमवार को वार्ड नंबर दो में 12 अगस्त की रैली को लेकर बैठक की और न्योता दिया। उन्होंने कहा कि 12 अगस्त को अंबाला में आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह की रैली को लेकर ज्यादा से ज्यादा भागीदारी को लेकर और पार्टी की नीतियों को जनता तक पहुंचाने के लिए रणनीति बनाई गई। उनके साथ ब्लॉक प्रभारी रेखा मनी शर्मा, सुखविंदर सिंह हैप्पी समेत अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे। जिला अध्यक्ष करणवीर लौट ने बताया कि आम आदमी पार्टी की रैलियों से विपक्षियों में बौखलाहट शुरू हो गई है। प्रदेश में आगामी 15 दिनों में 45 रैलियां से बीजेपी और कांग्रेस नेताओं की हवाइयां उड़ी हुई है। प्रदेश में आम आदमी पार्टी के बढ़ते जनाधार से विपक्षी पार्टियों के नेता बौखला गए हैं और अनाप शनाप बयानबाजी कर रहे हैं।

## रोटरी क्लब अंबाला सेन्ट्रल में प्रधान पद की जिम्मेदारी कमलप्रीत सभ्रवाल को दी गई

- 2024-25 के लिए नवनियुक्त प्रधान ने की अन्य पदाधिकारियों की नियुक्ति
- राज्य सभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने की बतौर मुख्य अतिथि शिरकत



अंबाला शहर, जुलाई : शहर में रोटरी क्लब अंबाला सैंट्रल में प्रधान पद के इंस्टॉलेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए कार्यक्रम का दीप प्रज्वलित करके शुभारंभ किया, वहीं कार्यक्रम की शुरुआत राष्ट्रीय गीत के साथ की गई। जिसके तुरंत बाद अनुराधा और उनके साथियों ने क्लासिकल फ्यूजन नृत्य प्रस्तुत किया। इंस्टॉलेशन कार्यक्रम के चेयरमैन पुनीत बत्रा ने आए हुए सभी क्लब के सदस्यों और अतिथियों का अभिनंदन किया। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए पिछले वर्ष के महासचिव कमलप्रीत सभ्रवाल ने सभी को वर्ष 2023-24 में क्लब द्वारा करवाए गए समाज सेवा के कार्यो की जानकारी दी। उसके पश्चात पूर्व महासचिव कमलप्रीत सभ्रवाल ने वर्ष 202425 के लिए नियुक्त महासचिव राजेश बत्रा को पिन लगाकर उन्हें चार्ज दिया। प्रधान पद की जिम्मेवारी लेते हुए रोटरी क्लब अंबाला सेंट्रल के नवनियुक्त प्रधान कमलप्रीत सभ्रवाल ने मंच से बोलते हुए सभी को आने वाले साल में उनकी टीम के द्वारा करवाए जाने वाले कार्यो की जानकारी दी और साथ ही अपनी टीम में बोर्ड ऑफ डायरैक्टर की घोषणा की, क्लब के बोर्ड में क्लब फाउंडेशन चेयर के लिए दीपक गुलाटी, सैक्रेटरी राजेश बत्रा, उप प्रधान बी के ओबराय, जॉइंट सैक्रेटरी अमनप्रीत कौर, करियर हरीश अरोड़ा, पास्ट प्रेजिडेंट सुनील दत, सार्जेंट ऑफ आर्म्स राजेश चोपडा, डायरेक्टर क्लब सर्विस मनमोहन मैनी, क्लब एक्ससीक्यूटिव सेक्रेटरी पुनीत बत्रा, डायरैक्टर कम्युनिटी सर्विस टी के बजाज, डायरैक्टर इंटरनैशनल सर्विस रविंदर कुमार, डायरैक्टर युथ सर्विस वी के शर्मा, चेयरमैन सर्विस प्रोजेक्ट सर्वजोत सिंह जग्गी, क्लब ट्रेनर आकाश बंसल, ऑडिटर ओ पी मोंगिया नियुक्त किए गए। कार्यक्रम में उपस्थित विशेष अतिथि रोटरी क्लब 3080 के असिस्टेंट गवर्नर रोटेरियन नरेश भारद्वाज ने नई टीम को बधाई दी। कार्यक्रम में मास्टर ऑफ सैरेमनी की भूमिका निभाते हुए रोटेरियन अमनप्रीत कौर ने क्लब में शामिल किए जाने वाले नए 15 सदस्यों को मंच पर आमंत्रित किया। जिन्हें मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने पिन लगाकर विधिवत तरीके से क्लब का सदस्य नियुक्त किया। कार्यक्रम में अंत में क्लब के प्रधान कमलप्रीत सभ्रवाल ने मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा को विधिवत तरीके से रोटरी क्लब की पिन लगाकर उन्हें रोटरी क्लब अंबाला सेन्ट्रल का सदस्य नियुक्त किया। जिसपर कार्तिकेय शर्मा ने क्लब का आभार व्यक्त किया।

## रेलवे स्टेशन से गश्त के दौरान पुलिस ने की 12 किलो 300 ग्राम अफीम बरामद

**अम्बाला छावनी :** छावनी रेलवे पुलिस ने ने छावनी रेलवे स्टेशन से गश्त के दौरान भारी मात्रा में अफीम बरामद की है। जब गाड़ी नंबर 12471 प्लेटफार्म नंबर सात पर रुकी तो जीआपी ने रेल के रिजर्व स्लीपर एस -3 में चेकिंग शुरू की , तो एक ट्राली बैग मिला। बैग के बारे में डिब्बे में बैठी सवारियों से पूछा तो कोई जानकारी नहीं मिली । बैग चेक करनें पर उसमें 12 किलो 300 ग्राम अफीम बरामद हुई। छावनी पुलिस ने मामला दर्ज कर कारवाई शुरू कर दी है।

## संक्षिप्त समाचार

### झोलाछाप ने फिर ली एक महिला की जान

**चित्रकूट।** इलाज के दौरान रिज़ा क्लिनिक मानिकपुर में हुई महिला के मौत के बाद मंगलवार को स्वास्थ्य महकमा मामले की जांच करने पहुंचा। निज़ी क्लिनिक के बंद मिलने से स्वास्थ्य महकमे ने क्लिनिक पर नोटिस चस्पा कर थाने को सूचना दी है। थाना मानिकपुर अंतर्गत बाल्मिकी नगर स्थित क्लीनिक मे जांच करने पहुंचे नोडल अधिकारी/अपर सीएमओ डॉ जीआर रतमेलें और फार्मासिस्ट पंकज गोयल ने जानकारी देते हुए बताया है कि क्लिनिक में कोई न मिलने से नोटिस चस्पा कर दी गई है, डॉ लतीफबीयूएमएस पद्धति के चिकित्सक हैं जिनका पंजीकरण क्षेत्रीय आयुर्वेदिक यूनानी अधिकारी बांदा में है अथवा नहीं इसकी जांच करवाई जा रही है। जांचोपरांत अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

### पुलिस ने दो अन्तर्जनपदीय बाइक चोरों को दबोचा

**चित्रकूट।** पुलिस ने दो अन्तर्जनपदीय बाइक चोरो को गिरफ्तार करते हुए चोरी की पांच बाइकें बरामद की है। निरीक्षक कोतवाली कर्वी उपेन्द्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी सीतापुर, चौकी प्रभारी शिवरामपुर ने अमन चौहान पुत्र स्व0 प्रेमचन्द्र चौहान निवासी द्वारिकापुरी कोतवाली कर्वी, अभिराज सिंह उर्फगोलू ठाकुर निवासी अगरहुड़ा थाना रैपुरा लैना बाबा तिराहा पर मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुयी कि दो व्यक्ति चोरी की बाइक के लिये लइना बाबा तिराहा पर खड़े हैं।

इस पर पुलिस टीम द्वारा मौके पर जाकर मौके से गिरफ्तार किया। पूंछताछ मे बताया कि हम दोनों भीड़-भाड़ वाले स्थान की रेकी कर अलग-ललग स्थानों से मोटरसाइकिल चोरी करते हैं तथा बाद में उन्हें बेंच देते हैं तथा हम दोनों ने चोरी की चार अन्य मोटरसाइकिलें राम सैया मन्दिर के आगे पहाड़ के किनारे में छिपा कर रखा हुई है। अभियुक्तों की निशादेही पर राम सैया मन्दिर के आगे पहाड़ के किनारे जिसमें चार चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की गयी।

# नरकटियागंज अस्पताल में सुविधा बढ़ें और ड्यूटी से गायब रहनेवाले चिकित्सकों पर हो कारवाई..... एपी पाठक







**लोकतंत्र की शान**
**राकेश कुमार, संवाददाता, बिहार**
**30 जुलाई 2024**

**बेतिया:** भारत सरकार के पुर्व नौकरशाह तथा बाबु धाम ट्रस्ट के संस्थापक एपी पाठक ने मिडिया से बात करते हुए बताया कि नरकटियागंज अनुमंडलीय चिकित्सालय में ईलाज कारगर नहीं हो रहा है। एक तो डॉक्टरों की संख्या अधिक नहीं है दूसरी जो है वो ड्यूटी से गायब रहते हैं। अस्पताल की कुव्यवस्था यह है कि ना तो जांच सही होता न ही मेडिकल कॉम्प्लिकेशन की सुव्यवस्थित ईलाज होता है। इन्फ्रास्ट्रक्चर भी जीर्ण शीर्ण है।अस्पताल भवन बहुत पुराना है और उसका नवीकरणीय करना जरूरी है।परिसर में स्वछता बहुत ही खराब है। गर्भवती महिलाओं को आयरन,और कैल्शियम जांच के उपरांत देने की सरकार की निर्देश प्रणाली है लेकिन गर्भवती महिलाओं को आयरन और कैल्शियम नहीं मिलता साथ ही उनके जांच की भी व्यवस्था नहीं है। रिकॉर्ड किपिंग भी नही है। ठीक उसी तरह 5 साल तक के बच्चों को कुपोषण से बचाव के लिए आईएफए सिरप देने की गाइडलाइन है परंतु नरकटियागंज अनुमंडलीय अस्पताल में एक तो बाल रोग के डॉक्टर बैठते नहीं और बच्चों का कुपोषण प्रबंधन भी नहीं होता। एंटी रेबीज इंजेक्शन की भी किल्लत है। एपी पाठक ने बताया कि उनकी बाबु धाम ट्रस्ट के मेडिकल विंग से नरकटियागंज के गरीब और जरूरतमंद जब स्वास्थ्य सुविधाओं की मांग करते है तो उनकी बाबु धाम ट्रस्ट के कार्यकर्ता अपनी ट्रस्ट के गाड़ी से गरीब और जरूरतमंद को नरकटियागंज अनुमंडलीय अस्पताल में ले जाते है परंतु जरूरी सेवाओं और सुविधाओं का नरकटियागंज अस्पताल में अभाव रहता है। अस्पताल भवन में मरीजों के परिजनों के लिए भी छोटी छोटी सुविधाओं का अभाव है। अच्छी और स्वच्छ पेयजल प्रचुर मात्रा में नही मिल पाता। अस्पतालों में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र होना अत्यंत जरूरी है ताकि मरीज और उनके परिजनों का आर्थिक शोषण नहीं हो सके। प्रसूति विभाग अधिकांश समय रात्रि में एएनएम और नर्सिंग स्टाफ के भरोसे रहता है जो चिंता का विषय है। इस सिलसिले में बाबु धाम ट्रस्ट के संस्थापक एपी पाठक ने राज्य के स्वास्थ्य विभाग के वरीय अधिकारियों से बात किया तो उन्होंने व्यवस्था सुधार करने का आश्वासन दिया। आपको बताते चलें कि पुर्व एडीजी भारत सरकार तथा बाबु धाम ट्रस्ट के संस्थापक एपी पाठक पिछले डेढ़ दशकों से अधिक समय से चंपारण के स्वास्थ्य सुविधाओं पर लगातार काम करते आ रहे है। उन्होंने मिशन अंब्रेला के तहत टीकाकरण व्यापक स्तर पर करवाया। विकलांगता प्रमाण पत्र जो पहले केवल जिला में बनता था उसको प्रखंडों और अनुमंडलों में भी बनने हेतु सचिव रहते हुए राज्यों को एडवाइजरी जारी करवाया। जिले के सभी अस्पतालों में विटामिन ड1 के इंजेक्शन अपने ट्रस्ट के माध्यम से दिलवाया। Aiims और अन्य अस्पतालों में हजारों लोगों का इलाज करवाया। अपने ट्रस्ट के माध्यम से कैंप लगाकर लोगों का आंख और अन्य बीमारियों का इलाज करवाया। जब हमारे संवाददाता ने उनसे बात किया तो उन्होंने कहा कि देश समृद्ध तभी होगा जब हमारे चंपारण में सारी जरूरी सुविधाएं मयस्सर होगी।

# नाबालिग की मौत में फंसाने का रचा गया षड्यंत्र

■ **बांदा**

तहसील नरैनी अंतर्गत ग्राम पंचायत कबौली के प्रधान अशफाक अहमद ने लिखित प्रार्थना पत्र देकर एसपी को बताया कि 26 जुलाई को गांव के ही इसरार अहमद के पुत्र तौसीफ की मृत्यु हो गई थी, जिसके घटनाक्रम को गांव के ही लोगों ने बताया। गांवदारी के चलते ही दुर्घटनाग्रस्त हुए आठ वर्षीय तौसीफ जो कि तैरना पूर्ण रूप से जानता था, जानबूझ कर घायल को पानी भरे गड्ढे में फेंकना ही उसकी मृत्यु का कारण कारण बन गया है। जिसकी पुष्टि पोस्ट मार्टम रिपोर्ट में की गई है। प्रार्थना पत्र में नाबालिग बच्चे का ट्रैक्टर में बैठना, उसमें बैठने के बाद घायल होना, बच्चे की लाश गड्ढे में ड्राइवर को ही मिलना,लाश को लेकर घर लौट आना,घर पहुंचने के बाद ही पुलिस प्रशासन को सूचना देना,सब साज़शि और षड्यंत्र का हिस्सा है। मामले को अलग रंग देकर ग्राम की बिगड़ी नीति के चलते निर्दोष कय्यूम और मुकीम को फंसाने की साजिश रची गई है। कबौली के प्रधान अशफाक अहमद खान ने मामले की गंभीरता से जांच कर तौसीफ की हत्या करने वाले ट्रैक्टर मालिक तौफीक, अमजद पुत्र जैनुलाबदीन ड्राइवर कैलाश पुत्र कल्लू दोषियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उपरोक्त तथ्यों के आधार पर जांच कर, निर्दोष फंसाए गए लोगों को न्याय दिलाने की मांग की गई है। इधर आरोपियों की पत्नी शकुरा बेगम ने भी डीएम और एसपी को प्रार्थना पत्र देकर घटना की वास्तविक जानकारी देकर पति और पुत्र को न्याय दिलाने की मुहिम छेड़ रखी है।

# हाई वोल्टेज लाइन से झुलसा किसान, भर्ती




■ **पनवाड़ी**

विकासखंड अंतर्गत स्योढी गांव में मंगलवार सुबह खेत में दवा छिड़काव के दौरान 48 वर्षीय किसान हाई वोल्टेज लाइन की चपेट में आकर झुलस गया। हादसे के बाद जख्मी किसान को पनवाड़ी स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां इलाज के बाद किसान की हालत स्थिर बनी हुई है। बताया जाता है कि खेतों में नीचे झूल रही 11000 वोल्ट की लाइन को दुरुस्त करने की शिकायत किसान द्वारा कई बार की गई, जिस पर विभागीय कर्मियों ने ध्यान नहीं दिया। पीड़ित किसान देवीदयाल पुत्र हजारीलाल और अन्य ग्रामीणों ने विद्युत विभाग कर्मियों पर लापरवाही की आरोप लगाते हुए उच्च अधिकारियों से शिकायत की बात कही है।

# जल कोष यात्रा छह अगस्त से, पूरी कर लें तैयारियां- डीएम

■ **बांदा**

डीएम नगेंद्र प्रताप की अध्यक्षता अटल भूजल योजना के तहत चिन्हित विकास खंडो में जल कोष यात्रा आयोजित किए जाने के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया। डीएम ने जल कोष यात्रा के विकास खंडों में 6 अगस्त से 10 अगस्त तक जल कोष यात्रा के आयोजित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि 6 अगस्त को विकास खंड बड़ोखर खुर्द, 7 अगस्त को विकासखंड जसपुरा, 8 अगस्त को विकासखंड महुआ, 9 अगस्त को विकास खंड नरैनी, 10 अगस्त 2024 को विकासखंड तिंदवारी में जल कोष यात्रा का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने संबंधित खंड विकास अधिकारियों को जल कोष यात्रा के आयोजन के संबंध में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं आवश्यक तैयारियां किए जाने के निर्देश दिएद्य उन्होंने संबंधित उप जिलाधिकारी को भी सफल रूप से जल कोष यात्राओं के आयोजन करने के निर्देश दिए। जल कोष यात्रा मैं जल प्रहरी एवं जल संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट करने कार्य करने वाले लोगों जलवीर एवं एनसीसी स्काउट तथा स्वयं सेवी महिलाओं की यात्रा का आयोजन किया जाएगाद्य, इस जल कोष यात्रा का उद्देश्य भूगर्भ जल को बढ़ाया दिये जाने के साथ जल संरक्षण एवं जल संचयन के प्रति लोगों में जागरूकता लाना हैद्य, विकासखंड में आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि को आमंत्रित करते हुए एवं जल वीरो तथा जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ स्थानीय जल समस्याओं पर चर्चा एवं समाधान के विषय में चर्चा करते हुए उनका निराकरण किया जाएगा द्यजल संरक्षण एवं जल संरक्षण पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म भी दिखाई जाएगी तथा नुक्कड़ नाटक एवं कठपुतली कार्यक्रम के माध्यम से जल संरक्षण के विभिन्न विधाओं को आम जनता तक जागरूक करने हेतु आयोजित किया जाएगा, इसके साथ ही उपलब्ध जल स्रोत तालाब ,नदी ,आदि का भ्रमण एवं अन्य कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगेद्य जल वीरों के साथ जलवाणी की कार्यशाला का भी आयोजन छात्रों में जल संरक्षण हेतु जागरूकता लाने के लिए किया जाएगा द्यबैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्री वेद प्रकाश मौर्य, जिला पंचायत राज अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक ,बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला वन अधिकारी तथा खंड विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

# अनुप्रिया पटेल के जेठ पर हुआ जानलेवा हमला

■ **चित्रकूट**

केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल के जेठ अरुण सिंह पटेल (मुन्ना सिंह) के ऊपर ग्रामीणों ने हमला कर दिया। उन पर त्रिशूल और लाठी से वार किया गया। हमले के बाद उनके हाथ और पीठ पर ज्यादा चोट आई है।

जानकारी के अनुसार मऊ थानाक्षेत्र के लौरी हनुमानगंज प्रधानपति अरुण सिंह पटेल अपने खेत पर काम करवाने के लिए मजदूरों को लेकर जा रहे थे। तभी उनके मजदूरों को गांव के लोगों ने रोक दिया। इसी बात को लेकर उनका गांव के लोगों से विवाद होने लगा। जिसके बाद ग्रामीणों ने उन पर त्रिशूल और लाठी से हमला कर दिया। इस हमले से वह बुरी तरह घायल हो गये। जहां परिजनो ने उन्हे इलाज के लिये अस्पताल लेकर पहुंचे। केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल के जेठ अरुण कुमार प्रधान पति हैं। गांव में इनके कई खेत हैं, जहां ये मजदूरों से काम करवाते हैं। खुद भी काम देखने जाते हैं। मंगलवार को भी ये अपने खेत जा रहे थे तभी सुबह 10 बजे हमला हो गया। बाहर से मजदूरों को लाकर काम करवाने को लेकर पहले भी इनका गांव के लोगों से विवाद हुआ है। गांव के लोगों का कहना है कि अरुण यहां पर रौब झाड़ते हैं। वो हमारी फसल को बाहर के मजदूरों से कटवा लेते हैं। आज शायद इसी बात को लेकर इनका गांव के लोगों से विवाद हुआ था। जिसमें इनकी पिटाई हो गई। प्रधानपति अरुण सिंह पटेल के ड्राइवर समय का कहना है, हम साहब के साथ गाड़ी से मजदूरों को लेकर खेत पर जा रहे थे। रास्ते में गांव के बड़कू, चंद्र जय, रमेश और राकेश खड़े थे। वो लोग मजदूरों को ले जाने का विरोध करने लगे। हम तो गाड़ी के अंदर बैठे थे। साहब गाड़ी से उतरे तो वो लोग उनसे लड़ने लगे। मेरे सामने वो लोग पीटने लगे। हम तो बचाने नहीं जा पाए क्योंकि मेरा एक पैर खराब है। हम फोन करके दूसरे लोगों को मौके पर बुलाए। साहब का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर में चल रहा है। थाना प्रभारी श्याम पटेल ने बताया कि नामजद आरोपियों की तहरीर मिल गई है। कुछ अज्ञात भी हैं। आरोपियों की तलाश जारी है। सभी पर सख्त एक्शन लिया जाएगा। हालत गंभीर होने पर उन्हें चित्रकूट जिला अस्पताल से प्रयागराज स्वरूप रानी रेफर कर दिया है। उनके पैर, पीठ और हाथ में ज्यादा चोट आई है। मामले में विधायक अविनाश द्विवेदी का कहना है, आरोपियों को छोड़ा नहीं जाएगा। ये लोग पहले भी इनको जान से मारने की धमकी दे चुके हैं। उधर एसपी ने भी कडी कार्रवाई का भरोसा दिया है।

### जागरूकता रैली को उपनिदेशक ने दिखाई हरी झण्डी



**चित्रकूट।** मंगलवार को उप कृषि निदेशक राजकुमार ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के प्रचार प्रसार के लिये कृषि भवन से जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस मौके पर समीर कुमार जिला समन्वक फसल बीमा कम्पनी यूनिवर्सल सोम्पो, डा रंजीत सरोज योजना सहायक एवं प्रीतिराज योजना सहायक उपस्थित रहे।

# विधायक ने सदन मे नमामि गंगे योजना पर उठाए सवाल

■ **चित्रकूट**



सदर विधायक अनिल प्रधान ने विधानसभा मे प्रष्न काल के दौरान सरकार द्वारा चलायी जा रही हर घर नल योजना मे सवाल दागे है। उन्होने कहा कि इस विभाग द्वारा गांव की सडको को खोदने का काम किया गया है। गांव मे लोहिया, जनेष्वर मिश्र, अम्बेडकर, जिला पंचायत, ब्लाक, ग्राम पंचायत, सांसद-विधायक निधि से बनी सडको को बलपूर्वक तोडा गया है। पानी मिलेगा या नही इसकी कोई गारंटी नही है। नमामि गंगे योजना मे गांव मे बारिष के दिनो को नर्क बना दिया है। उन्होने कहा कि विद्युत विभाग ने आधार कार्ड लेकर मीटर लगवा दिया लेकिन लाइट का कहीं कोई पता नही है। इस योजना मे भ्रष्टाचार हो रहा है। घटिया पाइप लाइन डाले जाने की उन्होने जांच की मांग की है। रसिन बांध से बरूआ बांध तक पानी ले जाने की योजना बनायी जा रही है कब तक इसका बजट स्वीकृत होगा और कब यह कार्रवाई अमल मे लायी जायेगी। उन्होने सर्वप्रथम मौत के मामले मे अस्पताल के डाक्टरो को घेरा है कहा कि यह डाक्टर सर्पदंष से मौत का कारण ही नही लिखते इससे पीडित परिवार को सरकारी धनराषि नही मिल पाती। मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना योजना मे जिन किसानो की मौत होने पर बटाईदार एवं मृतक के माता पिता के नाम पर खतौनी पर दर्ज जमीन पर खेती करने वाले को संबंधित हल्का लेखपाल इस बावत रिपोर्ट नही दी जाती इन्हे भी इसका लाभ नही मिल पाता। इन तमाम योजनाओ मे उन्होने भ्रष्टाचार के आरोप लगाये है। चांदीपुर से नैनीपुल तक चार किमी की सडक मे अवैध खनन एवं बालू के ट्रक चलने के कारण ध्वस्त हो गयी है वहां पैदल चलना भी मुमकिन नही है इन्हे ठीक कराये जाने की मांग की है।

# पिकअप सहित अगवा किए गए मालिक को पुलिस ने दिल्ली से किया बरामद

■ **महोबा**



पिकअप गाड़ी भाड़े पर बुलाने के नाम पर कार सवार बदमाशों ने पिकअप वाहन सहित मालिक का अपहरण कर लिया और लाल फ्लैट कालोनी दिल्ली ले गए। सर्विलांस टीम के जरिए पुलिस ने दिल्ली की कलोनी पहुंचकर अपहरणकर्ताओं को मय वाहन के दबोच लिया। घटना को अंजाम देने में प्रयोग की गई कार को भी पुलिस ने बरामद कर ली है। पुलिस ने चारो अपहरणकर्ताओं की गिरफ्तारी के बाद पूछताछ कर अभियुक्तों को न्यायालय में पेशी के बाद जेल भेजा दिया गया है।

गौरतलब है कि थाना श्रीनगर के ग्राम अतर्रामाफ निवासी पंकज राठौर पुत्र रामेशचंद्र राठौर ने बताया कि उसके बड़े भाई अनिल राठौर के मोबाइल पर 28 जुलाई को एक व्यक्ति ने फोन कर सामान ग्राम ढिकवाहा से ननौरा ले जाने के लिए पिकअप वाहन किराए पर मंगवाईए जिस पर अनिल राठौर गांव के कृष्णकुमार अहिरवार पुत्र नारायण अहिरवार के साथ पिकअप गाड़ी लेकर ढिकवाहा पहुंचे। ढिकवाहा मोड़ के पास पहाड़ के किनारे सड़क पर कार खड़ी थी। जैसे ही अनिल वहां पहुंचा चार पहिया गाड़ी से तीन लोग उतरे और अनिल और उसके साथी का अपहरण कर कार में बैठकर पिकअप की चाबी ले अपने साथी को देकर गांड़ी दिल्ली ले आने के लिए कहा। काफी देर आगे बदमाशों ने अनिल राठौर के साथ आए कृष्णकुमार को रास्त में उतार दिया। कृष्ण कुमार द्वारा सारी कहानी बताने पर अपहृत के भाई पंकज राठौर ने थाना श्रीनगर में अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया।

अपहरण घटना की सूचना मिलते ही जिले भर की पुलिस चौकन्ना हो गई। चारो तरफ जिले की सीमाओं पर नाकाबंदी कराकर वाहनों की चेकिंग की गईए लेकिन उससे पहले ही बदमाश जिले की सीमा पार कर चुके थे। पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देश और अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम के पर्वेक्षण में टीमों का गठन किया गया। पुलिस क्षेत्राधिकारी चरखारीए प्रभारी निरीक्षक थाना श्रीनगर और सर्विलांस टीम के एसआई विवेक यादवए सर्विलांस सेल महोबा के हेड कांस्टेबिल भूपेंद्र सिंहए कांस्टेबिल निर्भय सिंहए स्वाट टीम महोबा के रंजीत सिंह लाल फ्लैट कालोनी दिल्ली से अपहृत को मय पिकअप वाहन और चार अपहरणकर्ताओं के साथ गिरफ्तार कर लिया गयाए जिन्हें न्यायालय में पेश किया जाएगा। पकड़े गए अभियुक्त में प्रीतम जायसवाल पुत्र लल्लन चौधरी मूल निवासी ग्राम दमगरा थाना मधेपुरा जिला मधेपुराए अमरनाथ पुत्र नंदकिशोर निवासी सकरवासा थाना चरिया बरियारपुर जिला बेगुसराय बिहारए वर्तमान पता न्यू अशोक नगर वसुंधरा इंकलेब थाना न्यू अशोक नगर जिला ईस्ट दिल्ली। दीपक वर्मा पुत्र राजीव वर्मा मूल निवासी ग्राम ढिगरिया थाना श्रीनगर जनपद महोबा। रितिक बाल्मिक पुत्र जितेंद्र भगवाना मूल निवासी ग्राम जटपुरा थाना किलखुआ जिला हापुड़ शामिल हैं।

# बिना फिटनेस प्रमाण पत्र के चल रहे वाहनों का किया चालान

■ **महोबा**




पुलिस अधीक्षक महोबा अपर्णा गुप्ता ने स्कूली बच्चों की सुरक्षा के मद्देनजर स्कूली वाहनों तथा बसए क्रूजरए ई.रिक्शाए आटो आदि वाहनों से स्कूली बच्चों को लाने ओर ले जाने वाले प्राइवेट वाहनों में सुरक्षा के मानको की सघन चेकिंग किए जाने के प्रभारी यातायात सुनील कुमार सिंह को निर्देश दिए हैंए जिससे स्कूली वाहनों से होने वाली दुर्घटनाओं को रोका जा सके। उन्होंने विद्यालय प्रबंधकों को भी फिटनेस प्रमाण पत्र वाले वाहनों को चलाने के निर्देश दिए हैं।

पुलिस कप्तान द्वारा जारी किए गए आदेश के तहत मंगलवार को यातायात प्रभारी द्वारा चलाए गए अभियान के तहत स्कूली वाहनों में बच्चों को लाने ले जाने वाले ईरिक्शाए टेंपो व अन्य वाहनों के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत दस वाहन नियम विरुद्ध तरीके से संचालित पाए जाने पर उनका चालान किया गया। चेकिंग अभियान दौरान वाहनों के चालक और परिचालक को आवश्यक दिशा निर्देश देकर जागरुक किया गया साथ ही स्कूल प्रशासन से बात कर हिदायत दी गई कि स्कूल में वैद्य वाहनों का ही संचालन किया जाए।

स्कूल वाहनों से समस्त प्रपत्र मुख्य रुप से आरसीए चालक का डीएलए इंशोरेंसए साथ ही सुरक्षा उपकरण दमकल यंत्रए फस्ट एण्ड बाक्स आदि होना आवश्यक है। दक्ष चालकों को ही स्कूल वाहन संचालन करने दिया जाएए इसमे किसी भी तरह की हीला हवाली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। चालक परिचालक का पूरा ब्योरा स्कूल में होना चाहिएए यदि मानक के विपरित वाहन संचालित होते पाए गए तो कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। स्कूल प्रशासन की जिम्मेदारी है कि वह वैद्य वाहनों का ही संचालन कराएं।

# भाजपा ने शिक्षक को दी श्रद्धांजलि



■ **चित्रकूट**

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी कैंप कार्यालय में शिक्षक देवेन्द्र नाथ की कैंसर की बीमारी से मृत्यु हो जाने पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। कामरेड अमित यादव एड ने कहा कि वे नौजवान सभा में तथा शिक्षक सभा में पदाधिकारी के साथ सीपीआई से जुड़े रहे हैं वे एक मृदुभाषी तथा अनुशासन प्रिय इंसान थे उनके निधन से पार्टी की क्षति हुई है।

श्रद्धांजलि सभा में रुद्र प्रसाद मिश्र, कमलेश, संदीप पाण्डेय, शिवनरेश सिंह, सुशील सिंह, शिवबरन, रामनरेश, हनुमान, रविकरन आदि मौजूद रहे।

# गाजे बाजे के साथ निकली शोभा यात्रा


■ **चित्रकूट**

श्रीमद्भागवत कथा के प्रथम दिन भव्य कलश शोभायात्रा हाथी, घोड़ा, गाजे-बाजे के साथ मुख्य मार्गों में निकाली गई। कथा व्यास ने कहा कि भागवत सुनने मात्र से समस्त पापों से मुक्ति मिलती है।

मुख्यालय के तरौंहा स्थित रामलीला मैदान में राष्ट्रीय रामायण मेला के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष स्व राजेश करवरिया की पुण्यतिथि मंगलवार से श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा के साथ हुआा। प्रथम दिवस पर भागवत कथा व्यास बदरी प्रपन्नाचार्य ने भागवत का महत्व बताते हुए कहा कि भागवत की कथा सुनने से जीवात्मा को शांति प्रदान होती है। इसके अलावा परिवार का कल्याण होता है। यह कल्पवृक्ष के समान है। भगवान शिव ने पार्वती को पहली बार भागवत कथा सुनाया था। भोलेनाथ ने समस्त संसार को इस कथा के माध्यम से संदेश दिया कि मृत्यु को मंगलमय बनाती है। राजा परीक्षित को मृत्यु का जब भय सताने लगा तो वह शुकदेव के पास गए। उन्होंने सात दिन तक भागवत कथा श्रवण कराया। छठवे दिन राजा परीक्षित को मृत्यु का भय दूर हो गया। सातवे दिन जब तक्षक नाग ने उन्हे डसा तो उनकी मौत हो गई और जीवात्मा को दिव्य रथ से स्वर्ग ले जाया गया। कथा के बाद आरती व प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर मुख्य यजमान पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नीलम करवरिया, रामायण मेला के कार्यकारी अध्यक्ष प्रशांत करवरिया, प्रद्युम्न उर्फ लालू दुबे, आदि श्रोतागण मौजूद रहे।

## सार संक्षेप

### 30 अगस्त को रिलीज होगी सनी लियोनी की फिल्म 'कोटेशन गैंग'



**मुंबई:** बॉलीवड अभिनेत्री सनी लियोनी की फिल्म कोटेशन गैंग, 30 अगस्त को रिलीज होगी। सनी लियोनी इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'कोटेशन गैंग' को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। पहले यह फिल्म जुलाई में रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब यह फिल्म 30 अगस्त को रिलीज होगी। यह फिल्म तीन भाषा हिंदी, तमिल और तेलुगू में रिलीज होगी। सनी लियोनी ने इंस्टाग्राम पर नई रिलीज डेट की अनाउंसमेंट कर दी है, साथ ही उन्होंने फिल्म में अपने इंटेंस अवतार को दिखाने वाला एक नया मोशन पोस्टर भी शेयर किया है। सनी लियोनी ने लिखा कि मुझे अनाउंस करते हुए बहुत खुशी हो रही है कि 'कोटेशन गैंग' 30 अगस्त, 2024 को सिनेमाघरों में आ रही है। अपने यादगार सिनेमाई अनुभव के लिए तैयार हो जाइए। 'कोटेशन गैंग' में सनी लियोनी के अलावा जैकी श्रॉफ, प्रियामणि, सारा अर्जुन, अशरफ मल्लिसरी, जया प्रकाश, अक्षय, प्रदीप कुमार, विष्णु वारियर, सोनल खिलवानी, कियारा, सतिंदर और शेरिन की भी अहम भूमिका है।

### वायनाड भूस्खलन से सबक लें, अवैध खनिज खनन को रोका जाए : पीएमके

**चेन्नई:** पट्टाली मक्कल काची (पीएमके) पार्टी ने मंगलवार को केरल के वायनाड जिले में दो स्थानों पर हुए भूस्खलन में जनहानि पर शोक व्यक्त किया और कहा कि तमिलनाडु सरकार को इससे सबक लेना चाहिए और राज्य के पश्चिमी हिस्सों के घाट क्षेत्र में अवैध खनिज खनन को रोकने के लिए कड़ा कदम उठाना चाहिए। पीएमके अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद डॉ. अंबुमणि रामदास ने मंगलवार को यहां एक बयान में कहा कि राज्य के 1.60 लाख वर्ग किलोमीटर का पश्चिमी घाट जो तमिलनाडु से शुरू होता है और गुजरात तक फैला है, प्रकृति द्वारा हमें दिया गया एक बड़ा उपहार है। पश्चिमी घाट की सुरक्षा में विफलता के कारण वायनाड और अन्य क्षेत्रों में भूस्खलन हुआ है। डॉ. रामदास ने सरकार पर तमिलनाडु में पश्चिमी घाट क्षेत्रों को लूटने का आरोप लगाया है और कहा कि सरकार को अवैध खनन को रोकने के लिए कदम उठाना अनिवार्य है।

### बांका : तालाब से एक हीं परिवार के तीन लोगों का शव बरामद

**बांका:** बिहार में बांका जिले के नगर थाना क्षेत्र से पुलिस ने मंगलवार को तालाब से एक हीं परिवार के तीन लोगों का शव बरामद किया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर विपीन कुमार ने यहां बताया कि कुशाहा गांव के समीप तालाब से एक महिला समेत तीन लोगों का शव बरामद किया गया है। मृतकों की पहचान जनकपुर गांव निवासी संजय यादव की पत्नी मीना देवी (32), पुत्र अजीत कुमार (14) एवं बिट्टू कुमार (11) के रूप में की गयी है। कुमार ने बताया कि मीना देवी का पति कोलकाता में काम करता है। घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

### स्वदेश में उपकरण निर्माण कर देश बन रहा है आत्मनिर्भर : सरकार

**नई दिल्ली:** सरकार ने कहा है कि देश को हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है और जिन उपकरणों का पहले विदेश से आयात होता था, उनका घरेलू स्तर पर ही निर्माण हो रहा है तथा जरूरत पूरा होने के बाद उनका निर्यात भी किया जा रहा है।लोकसभा में वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने मंगलवार को एक सवाल के जवाब में कहा कि योजना थी कि बड़ी कंपनी आएंगी तो छोटे उद्योग भी विकसित होते रहेंगे। छोटे उद्योगों को बढ़ाने की योजना को और महत्वपूर्ण बनाया जा रहा है और बड़ी संख्या में इसमें तेजी से निवेश आ रहा है। कई राज्यों में इसको लेकर अच्छा काम मिल रहा है और मेक इन इंडिया के तहत विनिर्माण क्षेत्र में तेजी से काम हो रहा है। पहले जो उपकरण विदेश से आते थे, वे अब देश मे बन रहे हैं।



मंगलवार को नई दिल्ली में संसद भवन में केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल।

# सीमा पार आतंकवाद जारी रहा तो भारत बर्दाश्त नहीं करेगा: फारूक

● श्रीनगर,



**नेशनल** कॉन्फ्रेंस अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने मंगलवार को कहा कि अगर जम्मू कश्मीर में सीमा पार आतंकवाद जारी रहा तो इसे भारत बर्दाश्त नहीं करेगा।

अब्दुल्ला ने मंगलवार को यहां संवाददाताओं से कहा कि हम चाहते हैं कि भारत और पाकिस्तान के बीच शांति बनी रहे, लेकिन इसके बजाय ऐसा माहौल बनाया जा रहा है कि युद्ध हो जाना चाहिए जो चिंताजनक बात है। अगर स्थिति इसी तरह जारी रही तो एक समय ऐसा आयेगा जब भारत बिलकुल बर्दाश्त नहीं करेगा। देश के लोग चाहेंगे कि सरकार आतंकवाद को रोकने के लिए कदम उठाये। उन्होंने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए प्रशिक्षित लोगों को इस तरफ भेजा जा रहा है। ईश्वर हमें इस आतंकवाद से बचाये? हम प्रार्थना करते हैं कि ईश्वर उन्हें (पाकिस्तान को) सद्बुद्धि दे। ऐसी परिस्थितियों में स्थिति सुधरने नहीं बल्कि और खराब होने वाली है। हम चाहते हैं कि दोनों देश शांति के मार्ग पर आगे बढ़ने के बारे में बार-बार सोचें और ईश्वर जम्मू-कश्मीर में शांति की कामना करें। एक सवाल के जवाब में उन्होंनें कहा कि प्रशिक्षित आतंकवादियों को इस तरफ भेजा जा रहा है और संभावना है कि वे भी कमांडो हों। जिस तरह से वे (आतंकवादी) हमले कर रहे हैं, उससे लगता है कि वे अत्यधिक प्रशिक्षित हैं। हमें बहुत बड़ा खतरा महसूस हो रहा है। राष्ट्रीय राजधानी में आज इंडिया समूह की ओर से आयोजित रैली के बारे में उन्होंने कहा कि यह अच्छी पहल है ।



मंगलवार को नई दिल्ली में जंतर-मंतर पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ़्तारी और जेल में गिरती स्वास्थ्य स्थिति के विरोध में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल और इंडिया एलायंस के सांसद और नेता प्रदर्शन के दौरान।

# पाकिस्तान: शिया-सुन्नी में संघर्ष

## 6 दिन में 49 की मौत, 200 से ज्यादा घायल, 30 एकड़ जमीन का विवाद

● नई दिल्ली, एजेंसी

**पाकिस्तान** के खैबर पख्तूनख्वा के कुर्रम जिले में शिया और सुन्नी समुदाय के बीच हुए एक जमीन विवाद में 49 लोगों की मौत हो गई है। इसके अलावा 200 से अधिक लोग घायल हुए हैं। इस विवाद की जड़ 30 एकड़ की जमीन है। इसके मालिकाना हक को लेकर कुर्रम जिले के बुशेहरा गांव में दो कबीलों के बीच विवाद है।

न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक ये लड़ाई पिछले सप्ताह बुधवार को दो परिवारों के बीच शुरू हुई थी, जो जल्द ही दो कबीलों के बीच फैल गई। अब इसे लेकर पूरे जिले में तनाव है। पाकिस्तानी टीवी चैनल समा न्यूज के मुताबिक सुन्नी समुदाय को सीमा पार के अफगान कबीले का समर्थन मिल रहा है, जिसकी वजह से वे भारी पड़ रहे हैं। कुर्रम के डिप्टी कमिश्नर जावेदुल्लाह मेशूद ने लोकल मीडिया से कहा कि दो समुदायों के बीच ये लड़ाई 6 दिनों से जारी है। उन्होंने अधिकारियों के साथ मिलकर आदिवासी समुदाय जिरगा के बुजुर्गों और दूसरे लोगों की मदद से दोनों समुदायों के बीच समझौता कराया है, लेकिन जिले के दूसरे हिस्सों में अभी भी गोलीबारी की खबरें हैं। स्थानीय पुलिस अधिकारी मुर्तजा हुसैन ने पाकिस्तानी अखबार डॉन से बताया कि सुन्नी मिदगी और शिया



मलीखेल समुदायों के बीच ये विवाद 2007 में शुरू हुआ था। तब भी हिंसा की घटनाएं हुई थीं। पिछले साल जुलाई में भी विवाद हुआ था, जिसके बाद शिया और सुन्नी समुदाय के बीच लड़ाई हुई थी। इसमें कई लोग मारे गए थे।पिछले साल दोनों पक्षों के बीच लड़ाई के थमने के बाद इनके बीच एक समझौता कराया गया। इसमें तय हुआ कि सरकार तय करेगी कि जमीन किसकी है। जमीन विवाद हल कराने वाली लैंड कमीशन का नियम ही दोनों पक्षों को मानना होगा। इसके बाद कमीशन ने अपना फैसला सुनाया और ये जमीन शिया समुदाय को दे दी, लेकिन एक साल बाद इसे लेकर फिर विवाद शुरू हो गया। बुधवार को जमीन से जुड़े एक विवाद पर बातचीत हो रही थी, तभी एक शख्स ने गोली चला दी। इसके बाद दोनों समुदायों के बीच खूनी संघर्ष शुरू हो गया। स्थानीय चैनल की रिपोर्ट के मुताबिक फिलहाल कुर्रम में आठ बड़े संघर्ष चल रहे हैं। इनमें से ज्यादातर पाकिस्तान बनने से पहले के हैं। ये सभी मामले जमीन से जुड़े हुए हैं। लैंड रिफॉर्म्स न होने की वजह से विवाद जारी है।

# बजट में राज्यों की उपेक्षा का विपक्ष का आरोप दुर्भाग्यपूर्ण

### बजट में सभी क्षेत्रों के हितों पर ध्यान देते हुए समग्र विकास को महत्व दिया: सीतारमण

● नई दिल्ली,



**वित्तमंत्री** निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि बजट में सभी वर्गों और सभी क्षेत्रों के हितों पर ध्यान देते हुए समग्र विकास को महत्व दिया गया है लेकिन दुर्भाग्य से विपक्षी दलों के लोग भ्रम फैला रहे हैं और राज्यों की उपेक्षा का आरोप लगा कर राजनीति कर रहे हैं।

सीतारमण ने लोकसभा में बजट 2024-25 पर चार दिन चली चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि बजट में सभी वर्गों और सभी क्षेत्र के साधने का प्रयास करके सभी तरह की चुनौतियों से निपटने के प्रावधान किये गये हैं। बजट व्यय में 48.21 लाख करोड रुपए का प्रावधान है जो पिछले साल से 7.3 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बजट भाषण में कभी किसी राज्य का नाम नहीं लेने का मतलब ये नहीं है कि उस राज्य को पैसा नहीं दिया जा रहा है और उसकी उपेक्षा की जा रही है।

उन्होंने कहा कि संप्रग सरकार के समय में 2009-10 के पूर्ण बजट में केवल बिहार और उत्तर प्रदेश का उल्लेख किया गया था और 26 राज्यों का उल्लेख तक नहीं था। उन्होंने विभिन्न राज्यों के लिए बजट में योजनाओं के लिए आवंटन की सूची गिनाते हुए कहा कि उनके बजट भाषण में राज्यों की उपेक्षा करने का झूठ फैलाने की कोशिश की गई है जिससे उन्हें बहुत पीड़ा है। सीतारमण ने कहा कि बजट में पूंजीगत व्यय 11.11 लाख करोड़ रुपए है जो कोविड के पहले की तुलना में तीन गुना हो गया है।

### 'मनरेगा के तहत 100 दिन मिलेगा काम'

**नई दिल्ली:** सरकार ने मनरेगा को लेकर अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा है कि मनरेगा को बढ़ाने के लिए हर कदम उठाए जाएंगे और हर गांव में इसके तहत 100 दिन का रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा।

ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को लोकसभा में एक पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि 100 दिन का रोजगार देना सरकार की प्रतिबद्धता है। मनरेगा के लिए मोदी सरकार ने तीन गुना प्रावधान किया है और जरूरत पड़ी तो इसे और बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह रोजगार की योजना है और ग्रामीण क्षेत्र के लिए इसे हर हाल में जारी रखा जाएगा। ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने एक अन्य प्रश्न के जवाब में कहा कि मोदी सरकार ने मनरेगा का फंड कई गुना बढ़ाया है।

### बस की टक्कर से दादा-पोते की मौत

**झुंझुनू:** राजस्थान में झुंझुनू जिले के सिंघाना इलाके में मंगलवार को एक बस की टक्कर से बाइक सवार दादा और पोते की मौके पर ही मौत हो गई जबकि पोत्री गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल किशोरी को हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। आज सुबह दादा अपने पोता-पोती को स्कूल छोड़ने जा रहे थे। बाइक सवारों को टक्कर मारने के बाद बस पलट गई। पुलिस के अनुसार रायपुर जाटान गांव के रहने वाले रिटायर हवलदार सत्यवीर सिंह (60) अपनी पोती शिक्षा (10) और पोते प्रवेश (6) को सुबह बाइक पर लेकर गांव से निकले थे। कोई पांच किलोमीटर दूर वह बच्चों को घरडाना स्थित प्राइवेट स्कूल छोड़ने जा रहे थे। घरडाना स्कूल से एक किलोमीटर पहले ही हादसा हो गया। सिंघाना के सामुदायिक अस्पताल के प्रभारी डॉ. धर्मेंद्र सैनी ने बताया कि सत्यवीर सिंह व प्रवेश को सिघाना के राजकीय अस्पताल में लाया गया।

### चीन में भारी वर्षा के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी

**बीजिंग:** चीन की राजधानी बीजिंग के उत्तरी और पश्चिमी जिलों में भारी वर्षा के लिए मंगलवार को ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया। मौसम विभाग के अनुसार सोमवार देर रात से मंगलवार सुबह करीब 10 बजे के बीच शहर में 42.9 मिलीमीटर औसत बारिश हुई। सबसे अधिक बारिश चांगपिंग जिले में दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार शिजिंगशान, हैडियन, मेंटोगू, चांगपिंग और हुआइरौ जिलों में भारी बारिश के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। भारी बारिश के कारण हुआइरौ और मियुन जिलों को जोड़ने वाली रेलवे और टोंगझोउ तथा मियुन जिलों के बीच रेलवे पर सभी ट्रेन सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं। बीजिंग के मौसम सेवा ने मियुन, पिंगगु, यानकिंग और हुआइरौ के उपनगरीय जिलों के लिये बाढ़ की चेतावनी जारी की है। उन्होंने चाओयांग, फेंगताई, शिजिंगशान, हैडियन, टोंगझोउ, चांगपिंग और डाक्सिंग के शहरी जिलों में भी जलभराव की चेतावनी जारी की है।



मंगलवार को झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन का रांची के राजभवन में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी और जेएमएम विधायक कल्पना सोरेन ने स्वागत किया।

# समग्र एवं व्यापक है बजट: नड्डा

### कहा-जनता ने सुशासन और विकसित भारत के लिए जनादेश दिया है

● नई दिल्ली,



**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष एवं राज्यसभा में सदन के नेता तथा केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने मंगलवार को कहा कि मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट प्रत्येक वर्ग को विकास के मार्ग पर ले जाने वाला समग्र एवं व्यापक बजट है।

नड्डा ने सदन में आम बजट पर जारी चर्चा में भाग लेते हुये कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरी बार जनता का समर्थन मिला है। जनता ने सुशासन और विकसित भारत के लिए जनादेश दिया है। जिनको देश के 13 राज्यों में एक भी सीटें नहीं मिली वह पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के बहुत बड़े हितैषी बनकर घूम रहे हैं जबकि उनकी सरकार थी जब तक इनका ख्याल नहीं आता था। उन्होंने बजट के प्रावधानों को उल्लेख करते हुये कहा कि यह मोदी सरकार की आर्थिक नीतियों का बजट है। यह भारत की आर्थिक नीतियों को तय करने वाला है और व्यापक है। इससे प्रत्येक वर्ग का विकास होने वाला है। यह बुनियादी ढांचे और सामाजिक विकास का बजट है। इसमें नीतियों का तेजी से लागू करने की व्यवस्था है। यह समावेशी है और सबकी चिंता करने वाला बजट है। नड्डा ने इसको समग्र विकास और सतत विकास के साथ ही आर्थिक विकास को गति देने वाला बताते हुये कहा कि यह विजनरी बजट है। यह तत्कालिक जरूरतों को पूरा करते हुये दीर्घकालिक आंकाक्षाओं को पूरा करने वाला बजट भी है। सभी चुनौतियों से लड़ने वाला भी है। उन्होंने कहा कि इसका मुख्य केन्द्र इंफ्रास्ट्रक्चर है तथा यह सबके लिए समान अवसर देने वाला बजट है।

# डोनाल्ड ट्रम्प से फेसबुक-इंस्टाग्राम पर हटा बैन

## 2021 में पाबंदी लगी थी, मेटा बोला- सभी को चुनाव प्रचार का मौका मिले

● नई दिल्ली, एजेंसी

**अमेरिका में 2021 एक हिंसा हुई थी और उसके बाद मेटा ने ट्रम्प के सोशल मीडिया अकाउंट्स पर बैन लगा दिया था।6 जनवरी 2021 को अमेरिकी संसद में राष्ट्रपति चुनाव के नतीजों पर मुहर लगाए जाने के दौरान सैकड़ों ट्रम्प समर्थकों ने यहां हिंसा की थी। इसमें एक पुलिस अफसर समेत पांच लोगों की मौत हो गई थी।**

**फेसबुक** की पैरेंट कंपनी मेटा ने अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर लगे बैन को हटा दिया है। मेटा ने कहा कि ट्रम्प राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार हैं। ऐसे में उन्हें भी प्रचार करने के लिए सभी की तरह बराबरी का मौका मिलना चाहिए। अन्य उम्मीदवार भी मेटा के प्लेटफॉर्म्स- फेसबुक इंस्टाग्राम का इस्तेमाल चुनाव के लिए कर रहे हैं। ठीक इसी तरह ट्रम्प को भी इन प्लेटफॉर्म्स को यूज करने का अधिकार है।

दरअसल, अमेरिका में 2021 एक हिंसा हुई थी और उसके बाद मेटा ने ट्रम्प के सोशल मीडिया अकाउंट्स पर बैन लगा दिया था।6 जनवरी 2021 को अमेरिकी संसद में राष्ट्रपति चुनाव के नतीजों पर मुहर लगाए जाने के दौरान सैकड़ों ट्रम्प समर्थकों ने यहां हिंसा की थी। इसमें एक पुलिस अफसर समेत पांच लोगों की मौत हो गई थी। ट्रम्प पर समर्थकों को उकसाने का आरोप लगा था। इसके बाद उनके सोशल मीडिया अकाउंट सस्पेंड कर दिए गए थे। कैपिटल हिल में हिंसा के बाद ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर 1 मिनट का वीडियो पोस्ट किया था। फेसबुक और यूट्यूब ने ट्रम्प का वीडियो रिमूव कर दिया था। फेसबुक के वाइस प्रेसिडेंट (इंटेग्रिटी) गुए रोजेन ने कहा था कि यह इमरजेंसी है, ट्रम्प के वीडियो से हिंसा और भड़क सकती है।ट्रम्प ने फेसबुक की कार्रवाई को उन 7.5 करोड़ लोगों की बेइज्जती बताया था, जिन्होंने 2020 के चुनाव में ट्रम्प को वोट दिया था। ट्रम्प



ने कहा था- उन लोगों को सेंसर कर और चुप कराकर बाहर नहीं किया जा सकता। हम फिर जीतेंगे। हमारा देश इस बेइज्जती को और ज्यादा बर्दाश्त नहीं कर सकता।

### चांदीपुरा वायरस पोजिटिव मिला, विभाग ने जारी की चेतावनी

**जयपुर:** राजस्थान में डूंगरपुर जिले में चांदीपुरा वायरस का एक रोगी सामने आने के बाद चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने राज्य में इस रोग को लेकर सावधानी बरतने एवं आवशयक प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए चेतावनी जारी की है।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने राज्य में चांदीपुरा वायरस का रोगी सामने आने के बाद इस बीमारी से बचाव के लिए जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए थे। इसके बाद विभाग ने राज्य के सभी मेडिकल कॉलेजों के प्रधानाचार्यों, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों और प्रमुख चिकित्सा अधिकारियों को आवशयक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

# आखिर कब गंभीर होंगे राहुल

संसद का बजट सत्र चल रहा है। वित्तमंत्री सीतारमण ने अपना बजट भी पेश कर दिया है। बजट में जिस तरह से युवाओं को प्राथमिकता दी गई है, उसकी देशभर में सराहना हो रही है। बेरोजगारी कम करने के लिए बजट में युवाओं के लिए जिस तरह से प्रावधान किए गए हैं, उससे जाहिर है कि कुछ वर्षों में ही बेरोजगारी खत्म तो नहीं लेकिन कम जरूर होगी। ऐसी आशा की जाना चाहिए। बजट पर चर्चा के दौरान जिस तरह से राहुल गांधी बचकानी हरकतें कर रहे हैं, वे किसी भी परिपक्व सांसद को शोभा नहीं देती है। राहुल गांधी भले ही प्रधानमंत्री, लोकसभा अध्यक्ष के मुकाबले वरिष्ठ सांसद हों लेकिन उन्होंने संसदीय परम्पराओं को अभी तक नहीं सीखा है। संसद में किस तरह से बर्ताव करना चाहिए, यह वरिष्ठ सांसद होने के बाद भी राहुल गांधी सीख नहीं पाए हैं। उनके आचरण को देखते हुए ही देश की अस्सी प्रतिशत से अधिक आबादी अभी भी उन्हें पप्पू ही मानती है। संसद में चर्चा बजट पर होनी थी, लेकिन उन्होंने इधर-उधर के मुद्दों को उठाकर संसद का कीमती समय जाया किया। लोकसभा अध्यक्ष ने जब उन्हें टोका तो वे उन्हीं से बहस करने पर उतारू हो गए। पिछली दफा जब संसद चल रही थी तब भी वे महापुरुषों के चित्र दिखाकर चिल्लाचोट कर रहे थे तब उन्हें लोकसभा अध्यक्ष ने समझाया था कि वे संसद में इस तरह से महापुरुषों के चित्रों को प्रदर्शित नहीं कर सकते हैं। यह संसदीय परम्पराओं का उल्लंघन है। लेकिन लोकसभा अध्यक्ष के समझाने का उन पर कोई असर नहीं हुआ और इस बार वे हलवा बांटने के वक्त का फोटो उछालकर संसद के नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए नजर आए। इस पर जब लोकसभा अध्यक्ष ने टोका तो वे बहस पर उतारू हो गए। यहीं नहीं वे अडाणी व अबांनी का नाम लेकर सत्तापक्ष पर अनर्गल आरोप लगाने लगे लेकिन उन्हीं की पार्टी सहित इंडी गठबंधन के अन्य दलों ने यह लिखकर दिया था कि जो लोग संसद में उपस्थित नहीं हैं, उसके बारे में संसद में वे कुछ नहीं कहेंगे लेकिन यह भी वे भूल गए और उनका बार-बार नाम लेते रहे। लोकसभा अध्यक्ष ने उन्हें याद भी दिलाया लेकिन वे बार-बार उनके नाम दोहराते रहे। उनकी इसी तरह की हरकतों की वजह से वित्तमंत्री को अपना माथा पकड़ना पड़ा। वे भी शायद यही सोच रही थी कि आखिर किससे पाला पड़ा है। वित्तमंत्री सीतारमण ही नहीं बल्कि टीवी पर उनका भाषण लाइव देख रहे देश के अधिकांश लोग भी हंस ही रहे थे। उनकी बात को कोई भी गंभीरता से नहीं ले रहा था। दरअसल लोकसभा चुनाव के परिणाम सामने आने के बाद से ही राहुल गांधी कुछ ज्यादा ही उतावले हो रहे हैं, वे यह समझ रहे हैं कि उनकी बदौलत कांग्रेस को 99 सीटें मिली हैं। लोगों का रुझान कांग्रेस की ओर है। दूसरी सबसे बड़ी पार्टी होने के कारण वे नेता प्रतिपक्ष भी बन गए, इसके बाद से तो वे जबर्दस्त ओवरकान्फीडेंस में आ गए। उन्हें लग रहा है कि वे सत्ता में हैं। यह सब उनकी गलतफहमी है। कांग्रेस को अगर 99 सीटें मिलीं हैं तो यह उनकी बदौलत नहीं बल्कि उत्तरप्रदेश के साथ साथ अन्य राज्यों में हुए गठजोड़ के कारण हैं। कांग्रेस का अब खुद का वजूद नहीं हैं, वह दूसरी पार्टियों के सहारे हैं। एक तरह से कांग्रेस परजीवी पार्टी बनकर रह गई है। बहरहाल राहुल गांधी को अब गंभीर होना पड़ेगा। उन्हें यह समझना होगा कि वे नेता प्रतिपक्ष हैं। उन्हें संसदीय परम्पराओं को सीखना होगा, अन्यथा इस देश में उनकी जो पप्पू वाली छवि बनी है, उससे वे उबरने वाले नहीं हैं।

## संतवाणी



हिंदुओं को हिंसक कहना या यह कहना कि वे नफरत फैलाते हैं, ठीक नहीं है। ऐसी बातें कहकर आप पूरे समाज को बदनाम और अपमानित कर रहे हैं। -अवधेशानंदजी गिरि, जूनापीठाधीश्वर

सामयिक

# फैलते आतंकवाद की जड़ पाकिस्तान के पूर्व सैनिक



शाहीन सबा

पड़ोसी शत्रु पाकिस्तान ने राजग की गठबंधन सरकार के बनने और विपक्ष के हुड़दंग के चलते एक बार फिर कश्मीर में आतंकवादी हमले तेज कर दिए हैं। धारा 370 के खात्मे के बाद घाटी के हालात में जबर्दस्त सुधार देखते हुए पाकिस्तान ने अपनी रणनीति में बदलाव किया है। स्थानीय स्तर पर घाटी के मुस्लिम युवाओं ने आतंक की राह छोड़कर जब कैरियर बनाने की दिशा में पहल कर दी तो पाक की भारतीय सीमा में युवाओं को लालच देकर आतंकी बनाने की मंशा पर विराम लग गया। अतएव अब उसने अपने ही पूर्व सैनिकों को प्रलोभन देकर आतंकी बनाकर घुसपैठ करानी शुरू कर दी। नतीजतन भारतीय जमीन पर एक बार फिर से आतंकी घटनाओं का सिलसिला तेज हो गया। जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में आतंकियों के साथ मुठभेड़ में एक सेना के कप्तान समेत पांच जवान बलिदान हो गए। सुरक्षाबल निरंतर आतंकियों को मार गिरा रहा है। बावजूद घुसपैठ का सिलसिला बना हुआ है, जो देश और सेना के लिए चिंता का सबब है। लगता है एक बार फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पाक की सीमा में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक को अंजाम देना होगा।

सुरक्षा एजेंसियों के सूत्रों के मुताबिक घाटी में करीब डेढ़ माह से जारी आतंकी हमलों में पाकिस्तानी सेना के पूर्व सैनिकों की लिप्तता के पुख्ता प्रमाण मिले हैं। एजेंसियां इसका यह भी मानकर चल रही हैं कि घाटी में भारी मतदान के बाद पाकिस्तान हताशा के दौर से गुजर रहा है। उसे आशंका है कि कहीं विधानसभा चुनाव के बाद जम्मू-कश्मीर प्रांत में लोकतंत्र की बहाली न हो जाए? इसलिए वह घाटी में हमलों के जरिये माहौल खराब करके दहशत का वातावरण रचने में लगा है। अलगाववादी सुर का आलाप करने वाले मुफ्ती और अब्दुल्ला परिवार को मतदाता ने हराकर यह साबित कर दिया कि घाटी के हालात बदतर करने में इन परिवारों की भूमिका अहम् रही है। इससे पाक ने शायद अंदाजा लगाया है कि विधानसभा चुनाव के बाद घाटी में जो प्रजातांत्रिक सरकार बनेगी, वह पाक की मंशा के अनुरूप चलने वाली नहीं है। इसलिए माहौल खराब करके चुनाव को टला जाए। इस बीच पाक के धन से घाटी की तरह जम्मू क्षेत्र में आतंकियों की मदद करने वाले ओवरग्राउंड कार्यकर्ताओं का एक नेटवर्क भी तैयार किया है। इसे सेना ध्वस्त करने में लगी है। डोडा किस्तवार, पुंछ, राजौरी, रियासी और कठुआ के कठिन भौगोलिक इलाकों में पिछले दो दशक में जैश-ए-मोहम्मद और लश्करे तैयबा ने ओवरग्राउंड वार्कर नेटवर्क खड़ा किया था। यह अंतर्राष्ट्रीय सीमा और नियंत्रण रेखा से आने वाले आतंकियों को घाटी के सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने का काम करता था। घाटी में रहने वाले ये वर्कर घने वनों और दुर्गम इलाकों में छोटे-छोटे घर बनाकर रह रहे हैं। रियासी जिले में हिंदू भक्तों की बस पर गोली चलाने वाले आतंकियों को इन्हीं ओवरग्राउंड वर्कर ने मदद की थी। भारतीय सेना के अनुसार ओवरग्राउंड वर्कर वे लोग होते हैं, जो उग्रवादी या आतंकवादियों को रसद, नकदी, आश्रय और अन्य रहने लायक बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराते हैं। सेना इस नेटवर्क को नष्ट कर रही है।



पाकिस्तान पूर्व सैनिकों को आतंकी बना रहा है। इसका सत्यापन इस तथ्य से भी होता है कि हाल ही में मारे गए जिन आतंकियों से खतरनाक हथियार बरामद हुए हैं, उनका संचालन आसानी से सेना से प्रशिक्षित व्यक्ति ही कर सकता है। इन हथियारों में एम-4 कार्बाइन, टैक्टिगल गन बरामद हुई हैं।

पाक सेना कितनी दगाबाज है, इसका खुलासा पाक के पूर्व लेफ्टिटेंट जनरल एवं पाक खुफिया एजेंसी आईएसआई के पूर्व अधिकारी शाहिद अजीज ने 'द नेशनल डेली' में किया था। इसमें कहा गया था कि कारगिल युद्ध में पाक आतंकवादी नहीं, बल्कि उनकी वर्दी में पाकिस्तानी सेना के नियमित सैनिक ही लड़ रहे थे और इस लड़ाई का लक्ष्य सियाचिन पर कब्जा करना था। चूंकि यह लड़ाई बिना किसी योजना और अंतर्राष्ट्रीय हालातों का अंदाजा लगाए बिना लड़ी गई थी, इसलिए तत्कालीन सेना प्रमुख परवेज मुशर्रफ ने पूरे मामले को रफादफा कर दिया था। क्योंकि यदि इस छद्म युद्ध की हकीकत सामने आ जाती तो मुशर्रफ को ही संघर्ष के लिए जिम्मेदार ठहराया जाता। इससे यह तथ्य तो प्रमाणित होता है कि पाकिस्तानी फौज इस्लामाबाद के पूरे नियंत्रण में नहीं है। आतंकी सरगना हाफिज सईद भारत-पाक सीमा पर खुलेआम घूम रहा है। जैश, लश्कर और हिजबुल के आतंकी दहशतगर्दी फैलाने में शरीक हैं।

इसी लेख में अजीज ने प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के कार्यकाल में जनवरी 2014 में मेंढर क्षेत्र में भारतीय सैनिकों के सर कलम किए जाने की जो घटना घटी थी, उस परिप्रेक्ष्य में पाकिस्तान को चेताते हुए लिखा था, कारगिल की तरह हमने अब तक जो भी निरर्थक लड़ाइयां लड़ी हैं, उनसे हमने कोई सबक नहीं लिया है। सच्चाई यह है कि हमारे गलत कामों की कीमत हमारे बच्चे अपने खून से चुका रहे हैं। पाक इस समय जिस तरह आंतरिक और बाहरी विपदाओं से जूझ रहा है, उससे उसकी आर्थिक बदहाली बढ़ रही है। यहां कठिन होते जा रहे हालातों का एक कारण यह भी है कि वहां के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और सेनानायक पद पर रहते हुए भी धर्म के नाम पर लोगों को भड़काने व आतंकवाद को शह देने का काम करते हैं, लेकिन जब पदच्युत हो जाते हैं तो देश छोड़ जाते हैं। परवेज मुशर्रफ और नवाज शरीफ ने भी यही किया था। पाक में हालात ऐसे ही बने रहे तो एक दिन जनता सड़कों पर होगी और सेना को मनमानी पर उतरने का मौका मिल जाएगा। सीमा पर बदतर हो रहे, हालात और आतंकी घटनाओं के क्रम में वक्त आ गया है कि हम ईंट का जवाब पत्थर से दें। हमें सख्ती बरतने की जरूरत है। जरूरी नहीं कि यह सख्ती खून का बदला खून जैसी प्रतिहिंसा का रुख अपनाकर दिखाई जाए।

पाकिस्तान पूर्व सैनिकों को आतंकी बना रहा है। इसका सत्यापन इस तथ्य से भी होता है कि हाल ही में मारे गए जिन आतंकियों से खतरनाक हथियार बरामद हुए हैं, उनका संचालन आसानी से सेना से प्रशिक्षित व्यक्ति ही कर सकता है। इन हथियारों में एम-4 कार्बाइन, 509 टैक्टिगल गन और एम-1911 और स्टेयर एयूजी रायफल बरामद हुई हैं। आतंकियों के पास से अल्ट्रा और माइक्रो रेडियो सेट भी बरामद हुए है। इनके नेटवर्क में सेंध लगाना आसान नहीं है। ये उपकरण भी अमेरिका द्वारा निर्मित हैं। अफगानिस्तान में नाटो सेनाओं ने इन हथियारों का इस्तेमाल किया था। अतएव ऐसी आशंका है कि अफगानिस्तान में अमेरिकी सेना द्वारा छोड़े गए हथियार अब जम्मू-कश्मीर में सक्रिय आतंकियों तक पहुंच रहे हैं। यदि यह तथ्य एक ठोस सच्चाई है तो कश्मीर में आतंकी हिंसा का दुश्चक्र बढ़ता दिखाई दे सकता है? दरअसल ये हथियार पाकिस्तान के जरिये भी आतंकियों को मिल सकते है और सीधे अफगानिस्तान से भी लाए जा सकते हैं। भारतीय एजेंसियों को ऐसी सूचनाएं भी मिली हैं, कि इन्हें तालिबान सीधे आतंकियों को आर्थिक बदहाली दूर करने के लिए बेच भी रहा है। पिछले चार वर्ष से आतंकियों के पास स्टेयर एयूजी रायफल होने के सूचनाएं मिल रही थीं। अब कुपवाड़ा जिले के केरन सेक्टर में एलओसी पर 18 जुलाई 2024 को मुठभेड़ में सेना ने जो दो आतंकी मारे है, उनसे यह रायफलें बरामद हुई हैं। कश्मीर में बीते कुछ वर्षों में एक दर्जन से अधिक इरीडियम सैटेलाइट फोन और वाईफाई सक्षम थर्मल इमेजरी उपकरण भी मिले हैं। ये उपकरण रात के समय घुसपैठ करने और सुरक्षाबलों की घेराबंदी तोड़कर भाग जाने में मदद करते है।

बलिदान दिवस

# युवाओं के प्रेरणास्त्रोत क्रांतिवीर उधमसिंह

उधमसिंह भारतीय स्वतंत्रता सेनानी थे जिन्होंने भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन के समय अहिंसा के मानकों से आगे बढ़कर देश की स्वतंत्रता के लिए अपनी जान न्योछावर कर दी थी। उधमसिंह को अपनी क्रांतिकारिता और वीरता के लिए प्रशंसा और गौरवभाव से याद किया जाता है। उधमसिंह भारतीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की सूची में शीर्ष बलिदानियों में गिने जाने वाले व्यक्ति हैं। उनका जीवन संघर्ष और साहस, देश भक्ति की मिसाल है। उधमसिंह का जन्म 26 दिसंबर 1899 को पंजाब के संगरूर जिले के सुनाम गांव में हुआ था। उनका असली नाम शेरसिंह था, लेकिन उन्हें उधमसिंह के नाम से जाना जाता है। उन्होंने जलियांवाला बाग हत्याकांड का बदला लेने के लिए इंग्लैंड में माइकल ओ डायर की हत्या की, जो उस समय पंजाब का गवर्नर था और जलियांवाला बाग हत्याकांड का मुख्य जिम्मेदार था। उधमसिंह ने ब्रिटिश राज समय में भारतीय स्वतंत्रता के लिए संघर्ष किया और जलियांवाला बाग हत्याकांड के पीड़ितों के लिए बदले की तलवार उठाई। उधमसिंह भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में अपने अद्भुत साहस और निष्ठा के लिए जाने जाते हैं। उनके बलिदान ने भारतीयों को स्वतंत्रता के लिए प्रेरित किया और उनकी वीरता एवं निष्ठा ने उन्हें एक राष्ट्रीय हीरो के रूप में याद किया जाता है। उधमसिंह का जन्म एक गरीब परिवार में हुआ था। उनके माता-पिता का जल्दी निधन हो गया था, जिसके बाद उन्हें अमृतसर के एक अनाथालय में भेजा गया। अनाथालय में रहते हुए उन्होंने अपनी शिक्षा पूरी की। शिक्षा के दौरान ही उनमें देश भक्ति की भावना जाग्रत हुई और वे स्वतंत्रता संग्राम में शामिल हो गए। उस समय पंजाब तीव्र राजनीतिक उथल-पुथल से ओतप्रोत था और उधमसिंह अपने चारों ओर हो रहे परिवर्तनों को देखते हुए बड़े हुए थे। वर्ष 1919 उधमसिंह के जीवन में व्यापक बदलाव का वर्ष रहा, उस समय पंजाब में अंग्रेजों के खिलाफ व्यापक जन-आक्रोश बढ़ रहा था और रोलेट एक्ट के कारण भी जनआक्रोश तेजी से बढ़ता जा रहा था। महात्मा गांधी ने रोलेट एक्ट के विरोध में देशव्यापी हड़ताल का आव्हान किया और 6 अप्रैल 1919 को पंजाब के लोगों से जबर्दस्त प्रतिक्रिया प्राप्त की। अमृतसर में ब्रिटिश प्रशासन ने जनरल माइकल ओ डायर को नेतृत्व दिया। इसी क्रम में 10 अप्रैल, 1919 को कई स्थानीय नेताओं को गिरफ्तार कर लिया जैसे कि सत्यापाल और सैफुद्दीन किचलू को रोलेट एक्ट के अंतर्गत गिरफ्तार किया गया था। परिणामस्वरूप पंजाब के लोगों में व्यापक आक्रोश और असंतोष के कारण गिरफ्तारियां हुई, अमृतसर में नागरिकों और ब्रिटिश सैनिकों के बीच हिंसक दंगे भड़क गए। 13 अप्रैल, 1919 को अमृतसर के जलियांवाला बाग में 10,000 से अधिक निहत्थे पुरुषों, महिलाओं और बच्चों की भीड़ जमा हुई (चारों तरफ दीवारों से घिरा एक खुला मैदान और केवल एक निकास के साथ)। यह बैसाखी त्योहार का दिन था और मैदान में इकट्ठा होने वाले कई हजारों लोग दूर-दूर के गांवों से अमृतसर में मेलों में शामिल होने के लिए आए थे और डायर के प्रतिबंध के आदेश से अनजान थे। उधमसिंह और उनके दोस्त अनाथालय से जलियांवाला बाग में आए थे और उन्हें प्यासे लोगों को पानी पिलाने की जिम्मेदारी दी गई थी। वे ऐसा कर रहे थे, जब डायर ने अपने सैनिकों को वहां पहुंचाया, केवल बाहर निकलने वाले दरवाजे को बंद कर दिया और बिना किसी चेतावनी के भीड़ पर गोलियां चला दीं। उधमसिंह, उस समय मात्र 20 साल के थे, इस घटना से उनको गहरा आघात लगा और उन्होंने ब्रिटिश शासन के खिलाफ प्रतिशोध लेने का संकल्प लिया। वे जल्द ही सशस्त्र प्रतिरोध में शामिल हो गए, जो भारत के भीतर और बाहर जारी था। 1920 के दशक की शुरुआत में उन्होंने पूर्वी अफ्रीका की यात्रा की, जहां उन्होंने अमेरिका अपना ठिकाना बनाने से पहले कुछ समय के लिए एक मजदूर के रूप में काम किया। उधमसिंह उस कारण को कभी नहीं भूल पाए जिसके लिए वह इंग्लैंड आए थे। उन्हें पता था कि अपना लक्ष्य प्राप्त करने का समय आ गया है, जब उन्हें पता चला कि माइकल ओ डायर 13 मार्च, 1940 को लंदन के कैक्सटन हॉल में एक बैठक को संबोधित करने वाला था। सम्मेलन के दिन, सिंह ने अपने ओवरकोट में एक रिवॉल्वर छिपाई और कैक्सटन हॉल में घुस गए तथा बैठक समाप्त होने के बाद मंच से दो बार ओ डायर को गोली मार दी। उन्होंने गिरफ्तारी से बचने या भागने की कोशिश नहीं की और उन्हें तुरंत हिरासत में ले लिया गया। उधमसिंह ने न्यायालय में अपनी पहचान बताई और गर्व के साथ अपने कृत्य को स्वीकार किया। उन्होंने अपने देश भक्ति और ब्रिटिश शासन के अन्याय का प्रतिशोध लेने की भावना को खुलकर व्यक्त किया। उधमसिंह को 31 जुलाई 1940 के दिन मौत की सजा सुनाई गई और उन्हें लंदन के पेंटोनविले जेल में फांसी पर लटका दिया गया और जेल के मैदान में ही दफन कर दिया गया। 1974 में, उधमसिंह की अस्थियों को भारत लाया गया और उसके पश्चात् पंजाब में उनके जन्म स्थान सुनाम गांव में उनकी अस्थियां ले जाई गई।



**(विचार 1925 से साभार)**


जयंती आज

# यथार्थवादी रचनाकार प्रेमचंद



रेनू शब्दमुखर

प्रेमचंद का साहित्य आज भी प्रासंगिक है क्योंकि यह मानव जीवन की गहरी समझ और समाज की सच्चाइयों को उजागर करता है। उनके उपन्यास और कहानियां भारतीय समाज की उन समस्याओं पर प्रकाश डालती हैं जो आज भी विद्यमान हैं, जैसे कि गरीबी, शोषण, जातिवाद और सामाजिक अन्याय। प्रेमचंद ने अपने साहित्य में मानवीय संवेदनाओं और जीवन की वास्तविकताओं को चित्रित किया है। उनकी कहानियां गरीबों और किसानों के जीवन की कठिनाइयों को दिखाती हैं, जो आज भी हमारे समाज का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। गोदान में होरी का संघर्ष और कफन में घीसू और माधव की परिस्थिति आज भी समाज के निचले तबके के लोगों की दुर्दशा को बयां करती है। आज के समय में जब समाज आर्थिक असमानताओं और सामाजिक विभाजन से जूझ रहा है, प्रेमचंद का साहित्य एक दर्पण की तरह है जो हमें हमारी सामाजिक जिम्मेदारियों का एहसास दिलाता है। उनका लेखन हमें यह समझने में मदद करता है कि कैसे हम अपनी सामाजिक संरचना को बेहतर बना सकते हैं। प्रेमचंद का साहित्य हमें यह सिखाता है कि व्यक्तिगत स्वार्थ से ऊपर उठकर सामूहिक भलाई के लिए कार्य करना कितना महत्वपूर्ण है। इसके अलावा, प्रेमचंद के साहित्य में नैतिकता और आदर्शों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उनके पात्र संघर्ष के बावजूद अपने सिद्धांतों पर अडिग रहते हैं, जो आज के नैतिक संकट के समय में हमें प्रेरणा देता है। प्रेमचंद का साहित्य हमें यह सिखाता है कि जीवन की कठिनाइयों के बावजूद कैसे मानवीय मूल्यों को बनाए रखा जा सकता है। संक्षेप में, प्रेमचंद का साहित्य न केवल हमारे अतीत को समझने में मदद करता है, बल्कि वर्तमान और भविष्य के लिए भी दिशा निर्देश प्रदान करता है। उनके साहित्य की प्रासंगिकता समय के साथ बढ़ती ही जाती है, और यह हमें समाज की बेहतरी के लिए प्रेरित करता है।



**(लेखिका जयपुर के ज्ञानविहार में विभागाध्यक्ष हैं)**

कामिका एकादशी

# पाप नाशक कामिका एकादशी



मुकेश ऋषि

एकादशी का व्रत हर महीने में दो बार आता है। एक शुक्ल पक्ष और दूसरा कृष्ण पक्ष। ऐसी मान्यता है कि जो व्यक्ति एकादशी का व्रत करता है, उसे मोक्ष की प्राप्ति होती है। वैदिक विधान के अनुसार दशमी को एकाहार, एकादशी में निराहार तथा द्वादशी में एकाहार करना चाहिए। हिंदू पंचांग के अनुसार सम्पूर्ण वर्ष में 24 एकादशियां आती हैं। किन्तु अधिकमास की एकादशियों को मिलाकर इनकी संख्या 26 हो जाती हैं। भगवान को एकादशी तिथि अतिप्रिय है। चाहे वह कृष्ण पक्ष की हो अथवा शुकल पक्ष की। वैसे तो सभी एकादशी का अधिक महत्व होता है। लेकिन सावन के महीने में आने वाली एकादशी का महत्व और अधिक बढ़ जाता है। सावन में आने वाली एकादशी का नाम कामिका एकादशी है। कामिका एकादशी का व्रत सावन महीने की कृष्णपक्ष की एकादशी तिथि के दिन रखा जाता है। कामिका एकादशी तिथि का आरंभ 30 जुलाई को शाम में 4 बजकर 45 मिनट पर हो रहा है और 31 जुलाई को शाम में 3 बजकर 56 मिनट पर समाप्त हो रही है। ऐसे में कामिका एकादशी का व्रत 31 जुलाई को रखा जाएगा, क्योंकि शास्त्रों में उदया तिथि में व्रत करने का विधान है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार जो व्यक्ति कामिका एकादशी का व्रत करता है, उसे सभी पापों से मुक्ति मिल जाती है। साथ ही इस व्रत को करने से व्यक्ति को भगवान विष्णु के साथ-साथ भगवान शिव का आशीर्वाद भी प्राप्त होता है। एकादशी के दिन दो समय पूजन करना चाहिए। इस दिन ऐसा करने वाले भक्तों पर प्रभु की अपार कृपा सदा बनी रहती हैं। अतः प्रत्येक एकादशियों पर हिंदू धर्म में आस्था रखने वाले भगवान विष्णु की पूजा करते हैं तथा व्रत रखते हैं। किन्तु इन सभी एकादशियों में से एक ऐसी एकादशी भी है, जिसकी कथा सुनने मात्र से वाजपेय यज्ञ का फल प्राप्त होता हैं। श्रावण मास के कृष्णपक्ष की इस एकादशी का नाम कामिका एकादशी हैं।



**(लेखक स्वतंत्र रूप से लेखन करते हैं)**

पुण्यतिथि आज

# सांस्कृतिक जागरण के पुरोधा श्रीपाद सातवलेकर



रमेश शर्मा

भारत राष्ट्र के सांस्कृतिक गौरव का मूल वेद-वेदांग है। इसलिए विदेशी आक्रांताओं ने वेदों और उनकी महत्ता को धूमिल करने का प्रयत्न किया किंतु समय समय पर ऐसी विलक्षण विभूतियों ने जन्म लिया जिन्होंने अपना वेद-वेदांग के माध्यम से भारत राष्ट्र के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक गौरव को पुनर्प्रतिष्ठित करने का काम किया। श्रीपाद दामोदर सातवलेकर ऐसी ही विभूति थे।

भारत सरकार ने 1968 में उन्हें 'साहित्य एवं शिक्षा' के क्षेत्र में पद्मभूषण से सम्मानित भी किया था। उनका जन्म महाराष्ट्र में सह्याद्रि पर्वत शृंखला के दक्षिणी छोर पर स्थित सावंतवाड़ी क्षेत्र के एक छोटे से गांव 'कोलगांव' में 19 सितंबर 1868 को हुआ था। यह गांव अब रत्नागिरि जिला के अंतर्गत आता है। इनके परिवार में वैदिक वातावरण था। पिता श्री दामोदर भट्ट, पितामह श्री अनंत भट्ट और प्रपितामह श्री कृष्ण भट्ट भी ऋग्वेदिक वैदिक परंपरा के मूर्धन्य विद्वान रहे हैं। इसलिए बालक श्रीपाद भी बचपन से वेदों का अध्ययन करने लगे। आठ वर्ष की आयु में उन की विद्यालयीन शिक्षा आरंभ हुई। आचार्य श्री चिंतामणि शास्त्री केलकर संस्कृत आचार्य बने। संस्कृत और वैदिक अध्ययन के साथ उन्होंने चित्रकला सीखी। वहां उन्हें मालवणकर जी गुरु के रूप में मिले। उनके पिता श्री दामोदर भट्ट भी चित्रकला में प्रवीण थे। अतः घर की दीवारों पर श्रीपाद की चित्रकारी निखरने लगी। मूर्ति कला में भी उनका कोई सानी नहीं था। उनके द्वारा ऋग्वेद का सुबोध भाष्य चार खण्डों में, यजुर्वेद का सुबोध भाष्य दो खण्डों में, सामवेद का सुबोध अनुवाद अथर्ववेद का सुबोध भाष्य चार खण्डों में प्रकाशित हुआ। इनके अतिरिक्त ऋग्वेद मूल संहिता, यजुर्वेद मूल संहिता, सामवेद मूल संहिता, अथर्ववेद मूल संहिता, यजुर्वेदीय काठक संहिता, यजुर्वेदीय मैत्रायणी संहिता, यजुर्वेदीय काण्व संहिता तथा कृष्ण यजुर्वेदीय तैत्तिरीय संहिता उनके प्रमुख ग्रंथ हैं। उन्हें 9 जून 1968 को पक्षाघात हुआ और 31 जुलाई 1968 को एक सौ एक वर्ष की आयु में उन्होंने संसार से विदा ली। आज वे हमारे बीच नहीं हैं पर वैदिक साहित्य को पुनर्प्रतिष्ठित करने में उनका जो योगदान है उसके प्रति भारतीय सनातन समाज सदैव ऋणी रहेगा।



**(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं)**

CMYK

## सार संक्षेप

### रोइंग: बलराज पंवार पदक की दौड़ से बाहर



**पेरिस** : पेरिस ओलंपिक में भारत के एकमात्र रोवर बलराज पंवार मंगलवार को पुरुष एकल स्कल्स स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल-4 में पांचवें स्थान पर रहे। मंगलवार को यहां हुए मुकाबले में सेना के जवान पंवार 7:05.10 का समय के साथ पांचवें स्थान पर रहे इसी के साथ ही वह मौजूदा ग्रीष्मकालीन खेलों में पदक की दौड़ से बाहर हो गए। हालांकि, पंवार सेमीफाइनल सी/डी में बुधवार को रेस लगाएंगे। उनका लक्ष्य ओलंपिक रोइंग में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दर्ज करना होगा।

### अमित पंघाल पेरिस ओलंपिक से बाहर



**पेरिस** : पेरिस ओलंपिक 2024 में भारतीय मुक्केबाज अमित पंघाल राउंड ऑफ 16 से बाहर हो गए हैं। पुरुषों के 51 किग्रा वर्ग में उन्हें जाम्बिया के पैट्रिक चिन्येम्बा ने 4-1 से हरा दिया। इस जीत के साथ ही ने चिन्येम्बा ने पंघाल से अपनी पिछली हार का बदला लिया है। बता दें कि भारतीय मुक्केबाज ने 2022 के राष्ट्रमंडल खेलों के सेमीफाइनल मुकाबले में चिन्येम्बा को हराया था। पंघाल ने लगातार दूसरे ओलंपिक में निराश किया है। वह टोक्यो ओलंपिक में भी पहले मुकाबले को हारकर बाहर हो गए थे। तब उन्हें राउंड ऑफ 16 मैच में कोलंबिया के युबरजेन मार्टिनेज ने 4-1 से हराया था।

### बैडमिंटन: सात्विक-चिराग ने ग्रुप मुकाबले में फजर-मुहम्मद को हराया

**पेरिस** : तीसरी वरीयता प्राप्त सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय जोड़ी ने पेरिस ओलंपिक 2024 में मंगलवार को पुरुष युगल के अपने अंतिम ग्रुप सी मुकाबले में इंडोनेशिया के फजर अल्फियान और मुहम्मद रियान अर्दियांतो की जोड़ी को सीधे सेटों में हराया। भारतीय जोड़ी ने आज यहां ला चैपल एरिना में दुनिया की सातवें नंबर की इंडोनेशियाई जोड़ी को 40 मिनट तक चले मुकाबले में 21-13, 21-13 से हराया। इस जीत के साथ सात्विक-चिराग दो मैचों में जीत दर्ज कर ग्रुप सी में शीर्ष पर है। बैडमिंटन पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल मुकाबला एक अगस्त को होगा।

### राउंड ऑफ 32 में हारीं जैसमीन

**पेरिस** : भारतीय मुक्केबाज जैसमीन 57 किग्रा वेट कैटेगरी के राउंड ऑफ 32 का मैच हार गई है। उन्हें फिलीपीन की निस्टी पेटिको ने 5-0 के एकतरफा अंतर से हराया।

### बैडमिंटन : पोनप्पा-क्रिस्टो की जोड़ी हारी

**पेरिस** : अश्विनी पोनप्पा और तनिषा क्रास्टो की जोड़ी बैडमिंटन की विमेंस डबल्स के ग्रुप सी में लगातार तीसरा मैच हार गई है। भारतीय जोड़ी को ऑस्ट्रेलिया की सेटयाना-एंजिलो ने 38 मिनट में 21-15, 21-10 से सीधे गेम में हराया।

### पदकतालिका

| स्थान देश | स्वर्ण | रजत | कांस्य | कुल योग |
|---|---|---|---|---|
| 1. जापान | 7 | 2 | 4 | 13 |
| 2. चीन | 6 | 6 | 2 | 14 |
| 3. फ्रांस | 5 | 8 | 4 | 17 |
| 4. ऑस्ट्रेलिया | 5 | 4 | 0 | 9 |
| 5. साउथ कोरिया | 5 | 3 | 3 | 11 |
| 30. भारत | 0 | 0 | 2 | 2 |



फ्रांस में पेरिस ओलंपिक खेलों में महिलाओं की सेबर व्यक्तिगत स्वर्ण पदक मुकाबले को जीतने के बाद जश्न मनाती फ्रांस की टीम।



फ्रांस के पेरिस में ओलंपिक खेलों में महिलाओं की 200 मीटर फ्रीस्टाइल तैराकी के पदक समारोह के दौरान पदक दिखाती स्वर्ण पदक विजेता ऑस्ट्रेलिया की मोली ओ'कैलाघन, रजत पदक विजेता ऑस्ट्रेलिया की एरियन टिटमस और कांस्य पदक विजेता चीन के हांगकांग की सिओभान बर्नाडेट हाउघे।

# मनु और सरबजोत ने दिलाया दूसरा पदक

## मनु भाकर और सरबजोत की जोड़ी ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में जीता कांस्य

● पेरिस,

**मनु** भाकर और सरबजोत सिंह की भारतीय जोड़ी ने मंगलवार को पेरिस ओलंपिक 2024 में निशानेबाजी 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में देश के लिए दूसरा कांस्य पदक जीता।

चेटेउरौक्स में खेले गए मुकाबले में भारतीय जोड़ी ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में दक्षिण कोरिया की जोड़ी ओह ये जिन और ली वोन्हो को 16-10 से हराकर पदक अपने नाम कर लिया। मुकाबले की शुरुआत में दक्षिण कोरिया की ली वोन्हो और ओह ये जिन की टीम ने पहली सीरीज में बढ़त बनाई थी, लेकिन इसके बाद भारतीय जोड़ी ने शानदार वापसी करते हुए 8-2 की बढ़त अपने नाम कर ली। मनु भाकर ने शानदार शुरुआत करते हुए 10.2 का स्कोर हासिल किया। सरबजोत सिंह के 8.6 के स्कोर की वजह से भारत को पहले दो अंक गंवाने पड़े, लेकिन इसके बाद उन्होंने 10.5, 10.4 और 10 के स्कोर के साथ अच्छी वापसी की और भारत को अगले छह अंक लेने में मदद की। मनु भाकर ने अपने पहले सात शॉट्स में कम से कम 10 का स्कोर किया। दक्षिण कोरियाई खिलाड़ी ओह ये जिन ने अपनी निरंतरता दिखाते हुए टीम को रेस में बनाए रखा और 8-2 की हार से उबरकर मैच को 14-10 तक ले गए,लेकिन भारतीय निशानेबाज जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन का मुजाहिरा करते हुए देश के लिए दूसरा पदक जीत लिया। इसके साथ ही मनु भाकर एक ओलंपिक में दो मेडल जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बन गई हैं। इससे पहले उन्होंने महिला 10 मीटर एयर पिस्टल में कांस्य मेडल जीता था। वहीं, सरबजोत सिंह छठे भारतीय निशानेबाज बन गए हैं, जिन्होंने ग्रीष्मकालीन ओलंपिक में मेडल अपने नाम किया है। उल्लेखनीय है कि सोमवार को मनु भाकर और सरबजोत



सिंह क्वालीफाइंग राउंड में तीसरे स्थान पर रहे थे और कांस्य पदक के मुकाबले के लिए अपना स्थान पक्का किया था। निशानेबाजी में भारत के छह ओलंपिक पदकों में से दो अब पेरिस 2024 में आए हैं। मनु भाकर शुक्रवार से शुरू होने वाली महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में भी प्रतिस्पर्धा करेंगी। वह 21 सदस्यीय भारतीय शूटिंग टीम से कई व्यक्तिगत स्पर्धाओं में भाग लेने वाली एकमात्र एथलीट हैं। सर्बिया के जोराना अरुणोविक और दामिर मिकेक ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्वर्ण पदक मैच में तुर्की के सेववल इलैदा तारहान और यूसुफ डिकेक को हराया। सर्बियाई टीम पांच सेटों के बाद 8-2 से पीछे चल रही थी। हालांकि, उन्होंने अगले छह सेटों में से पांच जीतकर 12-10 की बढ़त बना ली। तुर्की ने वापसी करते हुए स्कोर 14-12 से अपने हक में कर लिया, लेकिन अरुणोविक-माइक ने लगातार सेट जीत लिए। इसके बाद मिकेक ने अपने अंतिम प्रयास में 10.7 का स्कोर करते हुए 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम का खिताब जीता। एक अन्य मुकाबले में निशानेबाजी में पुरुष ट्रैप क्वालिफिकेशन राउंड के दूसरे दिन के बाद भारत के पृथ्वीराज टोंडाइमान 21वें स्थान पर रहे। भारतीय निशानेबाज ने पांच राउंड में 22, 25, 21, 25 और 25 का स्कोर दर्ज किया और कुल 118 स्कोर के साथ इस राउंड को समाप्त किया। टोंडाइमन, ग्रीष्मकालीन खेलों में पुरुषों की ट्रैप स्पर्धा में पर्दापण करने वाले एकमात्र भारतीय निशानेबाज थे। उन्होंने अपने करियर में एक बार विश्व कप जीता है, तीन साल पहले नई दिल्ली में ट्रैप टीम में स्वर्ण पदक जीता था।

### मोदी और योगी ने मनु और सरबजोत को कांस्य जीतने पर बधाई दी

**नई दिल्ली,वार्ता :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पेरिस ओलंपिक 2024 में मंगलवार को 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने पर भारतीय निशानेबाजों मनु भाकर और सरबजोत सिंह की जोड़ी को बधाई दी है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि हमारे निशानेबाज हमें गौरवान्वित करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि ओलंपिक में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने पर मनु भाकर और सरबजोत सिंह को बधाई। दोनों ने शानदार कौशल और टीम वर्क दिखाया है। भारत अविश्वसनीय रूप से प्रसन्न है। मनु के लिए यह उनका लगातार दूसरा ओलंपिक पदक है, जो उनकी निरंतर उत्कृष्टता और समर्पण को दर्शाता है। चियर्स फॉर भारत। मोदी ने अपनी पोस्ट के साथ मनु भाकर और सरबजोत सिह की निशाना लगाते हुये फोटो भी साझा की। उल्लेखनीय है कि मनु भाकर और सरबजोत सिंह की भारतीय जोड़ी ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता है। पेरिस ओलंपिक में यह भारत के लिए दूसरा पदक है। दोनों ही पदक निशानेबाजी स्पर्धा से आए है। वहीं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने पर शूटर सरबजोत सिंह एवं मनु भाकर को बधाई दी है।

# तीरंदाजी : भजन कौर क्वार्टर फाइनल में, पोलैंड की खिलाड़ी को हराया

● पेरिस,

**भारतीय** तीरंदाज भजन कौर तीरंदाजी की महिला इंडिविजुअल कैटेगरी के क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं। उनका क्वार्टर फाइनल मैच 3 अगस्त को होगा।



भजन ने राउंड ऑफ 16 में पोलैंड की वायोलेटा मिशोर को 6-0 से हराया। भजन ने लगातार तीन सेट में 28-23, 29-26 और 28-22 से जीत हासिल की। इससे पहले भारतीय तीरंदाज भजन कौर आर्चरी की विमेंस इंडिविजुअल कैटेगरी के प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं। उन्होंने राउंड ऑफ 32 में इंडोनेशिया की साइफा नूरा फीफा कमल को 7-3 से हराया। पहला सेट 27-27 की बराबरी पर रहा। फिर इंडोनेशियाई खिलाड़ी ने दूसरा सेट 29-27 से जीतकर बढ़त हासिल की। उसके बाद भजन कौर ने लगातार तीन सेट जीतकर मैच अपने नाम किया। उन्होंने तीसरा सेट 29-27, चौथा सेट 27-25 और आखिरी सेट में भजन ने 28-25 से अपने नाम करते हुए राउंड ऑफ 16 में प्रवेश किया था।

# भारतीय पुरुष हॉकी टीम की दूसरी जीत

### ओलंपिक हॉकी: भारत ने आयरलैंड को 2-0 से हराया

**पेरिस, वार्ता :** भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने मंगलवार को पूल बी के मुकाबले में आयरलैंड को 2-0 से हराया। इसी के साथ भारतीय टीम पूल बी में हुए तीनों मैचों में सात अंक के साथ शीर्ष पर बनी हुई है।

यहां यवेस-डु-मनोइर स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में भारत ने शुरुआत से ही आक्रामक खेल का मुजाहिरा करते हुए आयरलैंड पर दबाब बनाये रखा। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने पहले हॉफ के 11वें मिनट में पेनल्टी कार्नर को गोल में तब्दील कर भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई। इसके बाद हरमनप्रीत सिंह ने दूसरे हॉफ में 19 मिनट में एक ओर गोल दागकर टीम की बढ़त दोगुनी कर दी। इन दोनों गोलों के साथ पेरिस ओलंपिक 2024 में हरमनप्रीत गोल की संख्या चार हो गई है। तीसरे हॉफ में दोनों ही टीमों ने आक्रमक खेल का प्रदर्शन किया। इस दौरान आयरलैंड की



टीम को तीन पेनल्टी कार्नर मिले, लेकिन भारतीय पक्ष के शानदार बचाव के कारण आयरलैंड के खिलाड़ी गोल करने में विफल रहे। चौथे हॉफ में आयरलैंड को पेनल्टी कार्नर मिले, लेकिन वह भारतीय रक्षापंक्ति को भेदने में पूरी तरह से विफल रही और आयरलैंड को हार का मुंह देखना पड़ा।

# सुपर ओवर में जीती टीम इंडिया

### तीसरे टी-20 में श्रीलंका को हराकर सीरीज में किया क्लीन स्वीप

**पल्लेकेल, वार्ता :** भारतीय टीम ने टी-20 सीरीज के आखिरी मुकाबले में श्रीलंका को हरा दिया है। श्रीलंकाई टीम ने सुपर ओवर में महज 3 रन का टारगेट दिया था, जिसे सूर्यकुमार ने पहली गेंद पर चौका मारकर हासिल कर लिया।

पल्लेकेल के मैदान पर भारत ने टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए 9 विकेट पर 137 रन बनाए। जवाब में श्रीलंका भी 20 ओवर में 8 विकेट पर 137 रन ही बना सका। श्रीलंका को आखिरी ओवर में जीत के लिए 6 रन चाहिए थे। कप्तान सूर्या खुद गेंदबाजी करने आए और 6 गेंदों पर 5 रन ही दिए। उन्होंने दो विकेट भी लिए। 19वें ओवर में रिंकू सिंह ने 2 रन देकर दो विकेट हासिल किए। इससे पहले श्रीलंका ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी है। 20 ओवर के बाद भारत ने 9 विकेट खोकर 137 रन



बनाए हैं। भारत की तरफ से सबसे ज्यादा 39 रन शुभमन गिल ने बनाए। रियान पराग ने 26 रन की पारी खेली। शुरुआती 5 विकेट गिरने के बाद दोनों ने मिलकर पारी को संभाला और 40 गेंद पर 54 रन जोड़े। श्रीलंका की तरफ से सबसे ज्यादा महीश तीक्षणा ने 3 विकेट लिए। हसरंगा को 2 विकेट मिला। असिथा, रमेश और चामिंडु विक्रमासिंघे को 1-1 विकेट मिला। इससे पहले गिल और पराग ने भारत के पांच विकेट गिरने के बाद पारी को संभाला। दोनों ने मिलकर 40 गेंद पर 54 रन जोड़े।16वां हसरंगा लेकर आए। उन्होंने शुभमन गिल को स्टंप आउट कराया।

# बोपन्ना का २२ साल बाद संन्यास

## पेरिस ओलंपिक : पहले दौर में हारे, कहा- यह देश के लिए मेरा आखिरी टूर्नामेंट था

● पेरिस,

**पेरिस** ओलंपिक के मेंस डबल्स के पहल दौर में हार के बाद भारतीय टेनिस स्टार रोहन बोपन्ना ने संन्यास की घोषणा कर दी। 44 साय के बोपन्ना 22 साल से भारत के लिए खेल रहे थे। उन्होंने 2002 में देश के लिए डेब्यू किया था। रविवार को खेले गए मुकाबले में उन्हें फ्रांस की गेल मोनफिल्स और एडौर्ड रोजर वेसलिन की जोड़ी ने 5-7, 6-2 हरा दिया। इसी के साथ भारतीय जोड़ी टूर्नामेंट से बाहर हो गई। वे 6 ग्रैंड स्लेम के मेंस डबल्स मैच में फाइनलिस्ट रहे। 2017 में मिक्स्ड डबल में फ्रेंच ओपन, 2024 में मेंस डबल्स में ऑस्ट्रेलियन ओपन जीत चुके हैं। पेरिस ओलंपिक से पहले बोपन्ना ने आखिरी बार एशियन गेम्स 2023 में भारत के लिए शिरकत की थी, जिसमें उन्होंने मिक्स्ड डबल्स में रुतुजा भोसले के साथ गोल्ड मेडल जीता था। पहले राउंड में हार के बाद बोपन्ना ने संन्यास की घोषणा



की। उन्होंने कहा कि यह निश्चित रूप से देश के लिए मेरा आखिरी इवेंट होगा। मैं पूरी तरह से समझता हूं कि मैं कहां हूं और अब, जब तक यह चलता रहेगा, मैं टेनिस सर्किट का आनंद लेता रहूंगा। मैं जहां हूं, उसके लिए यह पहले से ही एक बड़ा बोनस है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं दो दशकों तक भारत का प्रतिनिधित्व करूंगा। 2002 से अपने डेब्यू से और 22 साल बाद भी भारत का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलना। मुझे इस पर बेहद गर्व है। बोपन्ना का यह तीसरा ओलंपिक था। बोपन्ना ने अपना ओलंपिक डेब्यू लंदन 2012 में किया, जहां वह मेंस डबल्स के लिए महेश भूपति के साथ जोड़ी बनाकर दूसरे दौर में पहुंचे थे। रियो 2016 में बोपन्ना और सानिया मिर्जा मिक्स्ड डबल्स में ब्रॉन्ज मेडल मैच हारने के बाद चौथे स्थान पर रहे। बोपन्ना टोक्यो 2020 ओलंपिक में जगह नहीं बना सके। इस साल की शुरुआत में बोपन्ना 43 साल और नौ महीने की उम्र में अपने साथी मैथ्यू एब्डेन के साथ ऑस्ट्रेलियन ओपन की जीत के बाद टेनिस के ओपन एरा में ग्रैंड स्लेम खिताब जीतने वाले सबसे उम्रदराज व्यक्ति बन गए। ऑस्ट्रेलियन ओपन 2024 की जीत बोपन्ना का दूसरा ग्रैंड स्लेम टाइटल था। उन्होंने 2017 में फ्रेंच ओपन में मिक्स्ड डबल्स जीता था। बोपन्ना और एबडेन ने पिछले महीने फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में भी जगह बनाई थी। बोपन्ना इस साल 29 जनवरी को आई एसोसिएशन ऑफ टेनिस प्रोफेशनल्स (एटीपी) रैंकिंग में दुनिया के नंबर-1 मेंस डबल्स खिलाड़ी बने थे। उस समय बोपन्ना 43 साल के थे। वे 43 साल की उम्र में दुनिया के नंबर-1 मेंस डबल्स खिलाड़ी बनने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी हैं। फिलहाल उनकी एटीपी रैंकिंग चार है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेल:- dailyloktantra@gmail.com

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)